कोयलांचल संवाद

हिंदी दैनिक

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

www.koylanchalsamvad.com

रांची, गुरुवार, 10 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 148

मोदी बोले- कांग्रेस हिंदुओं को जाति में बांटती हैः मुस्लिमों की बात आने... | हरियाणा की जीत मोदी-शाह के लिए नया बूस्टर डोज | मानसिक स्वास्थ्य समस्या के लक्षण एवं निदान

मूल्य : 2 रुपए

संक्षिप्त खबरें

मणिपुर में उद्योग धंधे ठप्प, मणिपुर नहीं रहा स्मार्ट शहर, हिंसा के बाद दोनों समुदाय भुखमरी के शिकार

इंफाल (ईएमएस)। इंफाल में पिछले कई महीनो से हिंसा फैली हुई है। इस हिंसा में दोनों समुदाय के लाखों लोग भुखमरी और बेरोजगारी के शिकार हो गए हैं। 2015 मे इंफाल को स्मार्ट शहर का दर्जा मिला था। अब स्मार्ट सिटी जैसा कहीं देखने को नहीं मिल रहा है। मणिपुर राज्य में छोटे उद्योगों और हैंडीक्राफ्ट का एक बड़ा जाल बिछा हुआ था। जो पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। हिंसा के बाद से सब कुछ बंद पड़ा हुआ है। राज्य चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा जो जानकारी निकल कर सामने आई है। उसके अनुसार मणिपुर राज्य की अर्थव्यवस्था में अभी तक 40000 करोड रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। मणिपुर में 25 फ़ीसदी से अधिक महंगाई बढ़ गई है। इंफाल की 40 फ़ीसदी दुकाने बंद पड़ी हुई हैं। बड़े और लघु उद्योग लगभग लगभग समाप्त हो चुके हैं। मणिपुर राज्य से अन्य राज्यों में 80 फ़ीसदी से ज्यादा सामान जाता था। जो विदेशों में भी निर्यात होता था। वह कारोबार पूरी तरह से बंद हो गया है। मणिपुर राज्य की अर्थव्यवस्था खत्म हो जाने के कारण, बैंकों में एनपीए के मामले कई गुना बढ़ गए हैं। हजारों लोग अभी भी शिविरों में रह रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच लगातार हिंसा होने से, मणिपुर राज्य के कारोबार बंद हो जाने से, अब लोगों के पास जीवन यापन करने के लिए भी पैसे नहीं रहे। जिसके कारण भुखमरी और महंगाई से यहां के लोग त्रस्त हो चुके हैं। यहां के कारोबारी भारी कर्ज में डूबे हुए हैं। ऐसी स्थिति में दिनों दिन मणिपुर की हालत खराब होती चली जा रही है। यदि यही हालत रही तो यह सीमावर्ती राज्य भारत के लिए कई चुनौतियां खड़ी कर सकता है।

कर्मचारियों के पीएफ का पैसा जमा नहीं करने वाली कंपनियों पर लगेगी लगाम

नई दिल्ली(ईएमएस)। हाल ही में स्पाइसजेट ने अपने कर्मचारियों का पीएफ काटा लेकिन संबंधित खाते में पैसा जमा नहीं किया। ऐसे एक नहीं कई कंपनियों के मामले उजागर होते रहे हैं। अधिकांश कर्मचारियों की शिकायत रही है कि वेतन से पीएफ के नाम पर पर पैसा कट जाता है, लेकिन खाते में जमा नहीं होता है। ऐसी शिकायतों को दूर करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अब एक नई व्यवस्था लाने की तैयारी कर रहा है, जिसके तहत पीएफ अकाउंट में पैसा जमा होते ही कर्मचारी को एसएमएस के जरिए रियल टाइम जानकारी मिल जाएगी। कई कंपनियां कर्मचारियों के पीएफ का पैसा उनकी सैलरी से काट तो लेती हैं, लेकिन उसे पीएफ खाते में जमा नहीं करतीं। इससे कर्मचारियों को बड़ा नुकसान होता है और उन्हें सेवानिवृत्ति के समय कम पैसे मिलते हैं। नई व्यवस्था से कर्मचारियों को हर महीने जानकारी मिलती रहेगी कि उनका पीएफ पैसा सही समय पर जमा हो रहा है या नहीं। इससे कंपनियों की धोखाधड़ी पर भी रोक लगेगी और ईपीएफओ को शिकायतों का सामना भी कम करना पड़ेगा। ईपीएफओ ने पीएफ बैलेंस जानने के कई सरल तरीके उपलब्ध कराए हैं। कर्मचारी ईपीएफओ की वेबसाइट, उमंग ऐप, एसएमएस और मिस्ड कॉल सेवा के जरिए आसानी से अपना पीएफ बैलेंस चेक कर सकते हैं। ऑनलाइन पासबुक देखने के लिए यूएएन और पासवर्ड का उपयोग करके ईपीएफ पोर्टल पर लॉग इन किया जा सकता है। उमंग ऐप पर भी पासबुक सेवा उपलब्ध है, जिसमें यूएएन और पासवर्ड दर्ज कर बैलेंस देखा जा सकता है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बाद हेमंत सरकार देगी महिलाओं को हर माह 2500 रुपए

चुनाव आयोग से मांगी झामुमो सम्मान योजना की अनुमति

रांचीः झारखंड में महिलाओं को हेमंत सरकार ने एक हजार रुपये सम्मान राशी देने की घोषणा जैसे ही की अब इसपर सियासी पारा बढ़ गया है. चुनाव से पहले इंडी गठबंधन मंईयां योजना को मास्टर स्ट्रोक मान कर चल रही थी. लेकिन इस बीच भाजपा गोगो दीदी योजना लेकर आयी और दावा किया कि इस योजना के जरिए महीने की 11 तारीख को 2100 रुपये देने का काम करेंगे. गोगो दीदी योजना का फॉर्म भी भरना शुरू कर दिया गया. लेकिन अब गोगो का तोड़ खोज झामुमो ने झामुमो सम्मान योजना की घोषणा कर दी. इसका फॉर्म भी जारी किया गया. जिसमें बताया गया है कि 2500 रुपये देंगे वह भी महीने की एक तारीख को. देखें तो पहले हेमंत सरकार चुनाव से ठीक तीन महीने पहले मंईयां सम्मान योजना लेकर आयी. इस योजना के जरिए 18 साल से 59 साल की बेटी महिलाओं को हर माह 1000 सीधे खाते में भेजने का ऐलान कर दिया. हेमंत सोरेन के कैबिनेट से इस पर प्रस्ताव को मुहर लगी और बेटियों के खाते में पैसा जाना शुरू हो गया.

लेकिन अब भाजपा गोगो दीदी योजना इस मंईयां सम्मान का तोड़ लेकर आयी और घोषणा कर दिया की हर महीने की 11 तारीख को 2100 देने का काम बीजेपी की सरकार करेगी. जब भाजपा सत्ता में आएगी तो पहले कैबिनेट की मीटिंग में इस प्रस्ताव को पास कर लिया जाएगा, लेकिन अभी से ही भाजपा ने सभी बूथ पर गोगो दीदी योजना का फॉर्म भी भरवाना शुरू कर दिया गया. इस फॉर्म में महिलाओं का नाम पता मोबाइल नंबर लिया जा रहा है, खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इस योजना का फॉर्म अलग-अलग बूथ पर जाकर भरवा रहे हैं और 29 लाख महिलाओं को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा है.

क्या है झामुमो सम्मान योजना

बीजेपी की गोगो दीदी योजना को मात देने के लिए झामुमो सम्मान योजना का फॉर्म भरवा चाहती है. इस योजना के माध्यम से झामुमो वादा कर रही है कि वह हर महीने की 1 तारीख को राज्य की हर महिला को 2500 रुपए देगी. इस तरह से झामुमो वादा कर रही है कि वह हर साल महिलाओं के खाते में 30 हजार रुपए भेजेगी.

चुनाव आयोग से मांगी झामुमो सम्मान योजना की अनुमति

झामुमो ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा और कहा कि बीजेपी लोगों से एक फॉर्म भरवा रही है जिसमें उनसे उनका नाम, मोबाइल नंबर, पता आदि जानकारियां पूछी जा रही है. झामुमो ने ज्ञापन में बोला है कि किसी भी तरह की मुफ्त चीजों के वितरण का वादा लोगों को प्रभावित करता है. झामुमो ने इसे बीजेपी का हथकंडा बताया और कहा कि इस पर कार्रवाई होनी चाहिए और अगर गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाना सही है तो झामुमो को भी अनुमति दी जाए जिससे कि वह झामुमो सम्मान योजना का फॉर्म भरवा सके.

रांची में दशहरा की तैयारी जोरों पर, 65 फीट का होगा रावण

रांचीः शारदीय नवरात्र के लिए राजधानी में जहां एक से बढ़कर एक पंडाल बने हैं, वहीं दूसरी ओर पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा दशहरा और रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी भी अंतिम चरण में है. 1948-49 से लगातार रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किए जा रहे रावण वध कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है. बिहार के गया जिले से आए कारीगर मोहम्मद मुस्लिम और उनके सहयोगी द्वारा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का पुतला बनाया जा रहा है. कडरू के लाला लाजपत राय मध्य विद्यालय में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला बनाया जा रहा है. जिसे 10 अक्टूबर को यहां से मोरहाबादी मैदान ले जाया जाएगा. 12 अक्टूबर की शाम मोरहाबादी मैदान में लंका दहन होगा. पंजाबी हिन्दू बिरादरी के राजेश खन्ना ने बताया कि इस बार 65 फीट का रावण, 60 फीट का कुंभकर्ण और 55 फीट की ऊंचाई वाला मेघनाद का पुतला बनाया जा रहा है. राजेश खन्ना ने बताया कि इस बार बेहद खास यह है कि रावण का कपड़ा बेहद आकर्षक होगा और वाटरप्रूफ भी होगा ताकि मौसम खराब होने या बारिश में भी रावण दहन में कोई परेशानी न हो. राजेश खन्ना ने कहा कि इस बार का रावण ज्यादा बलिष्ठ और बलवान होगा.

सीएम होंगे मुख्य अतिथि

पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा एवं लंका दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे. वो रावण के पुतले का दहन करेंगे. वहीं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ कुंभकर्ण का और पूर्व मंत्री सह विधायक सीपी सिंह मेघनाद का पुतला दहन करेंगे.

आतिशबाजी होगी बेहद मनभावन

पंजाबी हिंदू बिरादरी के वरिष्ठ सदस्य राजेश खन्ना ने बताया कि इस बार मुंबई से आए विशेष आतिशबाजों की टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक आतिशबाजी होगी. इसकी खासियत यह है कि सभी पटाखा और फुलझड़ी रिमोट संचालित होंगे. साथ ही लंका दहन कार्यक्रम के दौरान परंपरागत गीत-संगीत का भी प्रदर्शन होगा.

2028 तक मिलता रहेगा मुफ्त राशन, चुनाव खत्म होते ही मोदी सरकार के तीन बड़े फैसले

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत गरीबों को मुफ्त चावल की आपूर्ति जारी रहेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पीएमजीकेएवाई और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी. कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति से एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी कम होगी. उन्होंने कहा कि इस पर कुल 17,082 करोड़ रुपये व्यय होंगे और पूरा वित्त पोषण केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा. सरकार यह प्रयास देश भर में चावल फोर्टिफिकेशन के लिए एक एकीकृत प्रणाली सुनिश्चित करता है, जिससे लगभग 80 करोड़ नागरिकों को लाभ पहुंच रहा है.

सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया है. इसको ध्यान में रखते हुए आज कैबिनेट ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4,406 करोड़ रुपये के निवेश से 2,280 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी.

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देना, यात्रा में सुधार करना और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के साथ बेहतर संपर्क सुनिश्चित करना है. यह सीमावर्ती क्षेत्रों को बेहतर सड़कों, दूरसंचार संपर्क, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सुविधाओं के साथ जीवंत गांवों में बदलने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है.

गुजरात में बनेगा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर

वैष्णव ने कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) विकसित किया जाएगा. मंत्रिमंडल ने इसकी मंजूरी दे दी है. इसका उद्देश्य समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना और दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री विरासत परिसर बनाना है.

बयान में कहा गया है कि एनएमएचसी का विकास दो चरणों में पूरा किया जाएगा. चरण 1A का विकास 1,238.05 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जाएगा, जिसमें प्रमुख बंदरगाहों, रक्षा मंत्रालय (भारतीय नौसेना) और संस्कृति मंत्रालय का योगदान होगा. कैबिनेट ने चरण 1B और चरण 2 के लिए भी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिसके लिए स्वैच्छिक संसाधनों से धन जुटाया जाएगा. चरण 1B में 266.11 करोड़ रुपये की लागत से लाइट हाउस म्यूजियम का निर्माण शामिल है, जिसके लिए फंडिंग लाइटहाउस और लाइटशिप महानिदेशालय द्वारा की जाएगी. बयान के मुताबिक इस परियोजना से 15,000 प्रत्यक्ष और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है और इससे स्थानीय लोगों, पर्यटकों, शोधकर्ताओं, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण समूहों और व्यवसायों को लाभ होगा.

100 करोड़ के मिड डे मील घोटाले के आरोपी संजय तिवारी को बेल नहीं

रांचीः 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के मिड डे मील घोटाले के आरोपी भानू कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है. अदालत ने उसकी जमानत याचिका तीसरी बार खारिज कर दी है. संजय तिवारी के अधिवक्ता ने बहस के दौरान जेल में लंबी अवधि का हवाला देते हुए जमानत देने का आग्रह किया. लेकिन कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी. ईडी ने उसे नवंबर 2021 को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था. संजय तिवारी पर एसबीआई की हटिया शाखा से मिड डे मील का 101 करोड़ रुपए गबन करने का आरोप है.

झारखंड में पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द, मुख्यालय ने जारी किया आदेश

रांचीः झारखंड में दुर्गा पूजा महापर्व को देखते हुए राज्य के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द किये जाने की सूचना है. आठ अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सभी पुलिस पदाधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल रहेंगी. इस संबंध में मंगलवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर आईजी अभियान ने आदेश जारी किया है. तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हुआ है. राज्य भर में बड़े स्तर पर दुर्गा पूजा के पंडाल लगते हैं. भारी संख्या श्रद्धालु पूजा में शामिल होते हैं. इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों और पंडालों में रहती है. दुर्गा पूजा पूर्व पर शांति व्यवस्था को कायम रखने और किसी भी तरह की अप्रिय घटना न घटे, इसके चलते राज्य के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं.

विशेष परिस्थितियों में मिलेगी छुट्टी

जारी आदेश में कहा गया हैं कि इमरजेंसी की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कार्यालय में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को तैयारी की स्थिति में रखा जाये. विशेष परिस्थिति में संबंधित एसपी, डीआईजी और आईजी के द्वारा अवकाश स्वीकृत किया जायेगा.

रांची में 11 पुलिस पदाधिकारी का तबादला, हटाए गए डोरंडा थाना प्रभारी

रांचीः रांची एसएसपी ने 11 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है. इस संबंध में एसएसपी ने जारी कर दी है. रांची एसएसपी ने संजीव कुमार को बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी बनाया है. बीआईटी मेसरा के तत्कालीन थानेदार को कांके थाना भेजा गया है. जयदीप टोप्पो को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है. दिवाकर कुमार को खादगढ़ा टी ओपी प्रभारी बनाया गया है. चूड़ामणि टुडू को टाटीसिल्वे थाना भेजा गया है. रघुवंश कुमार को सदर थाना से सिल्ली थाना भेजा गया है.

▪ इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पोः डोरंडा थाना प्रभारी ▪ इंस्पेक्टर आनंद किशोरः सीसीआर. ▪ एसआई रोशन कुमार सिंहः कांके थाना ▪ एसआई संजीव कुमारः मेसरा ओपी प्रभारी ▪ एसआई दिवाकर कुमारः खादगढ़ा टीओपी प्रभारी. ▪ एसआई टिंकू रजकः कांके थाना ▪ एसआई पूजा विभूति उरांवः एदलहातु टीओपी प्रभारी. ▪ एसआई चूड़ामणि टुडूः टाटीसिलवे थाना ▪ उदय कुमारः सिल्ली थाना ▪ एएसआई सुरेंद्र प्रसादः कांके थाना. ▪ एएसआई जुल्फिकार अलीः रातु थाना

हरियाणा में हैट्रिक, 4 माह में 3 राज्यों में चुनावः अगली चुनौती झारखंड, महाराष्ट्र और दिल्ली

नई दिल्लीः हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन 15 साल बाद सरकार बनाने जा रहा है। दूसरी तरफ हरियाणा में भाजपा ने रिकॉर्ड तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। हरियाणा के गठन के बाद से अब तक कोई पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार नहीं बना सकी है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली थीं, जो 2019 के चुनाव की 303 सीटों से 63 कम है। यह भाजपा के लिए बड़ा झटका था। कयास लगाए जाने लगे थे कि अब भाजपा का ग्राफ उतार पर है। हरियाणा की जीत से पार्टी को बूस्ट मिला है, जिसका असर अगले 3 महीने के भीतर होने वाले महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में भी दिखाई दे सकता है।महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर, 2024 और झारखंड का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग दशहरे के बाद महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। 6 राज्यों की 28 सीटों पर उपचुनाव का ऐलान भी साथ में हो सकता है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इन्कंबेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

झारखंडः संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल की 32 सीटों को भेदना सबसे बड़ी चुनौती

झारखंड में महागठबंधन यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार है। इसमें कांग्रेस, राजद और वाम दल शामिल हैं। भाजपा को झारखंड में सरकार बनाने के लिए संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल की 32 सीटों पर फोकस करना होगा। संथाल परगना की 18 विधानसभा सीटों में से सिर्फ तीन सीटें अभी भाजपा के पास हैं। पिछले चुनाव में कोल्हान प्रमंडल की 14 विधानसभा सीटों पर तो भाजपा का खाता भी नहीं खुल पाया। जमशेदपुर पूर्वी से तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी हार का सामना करना पड़ा। जनवरी में भ्रष्टाचार के मामले में सीएम पद से इस्तीफा देकर हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। हालांकि, जमानत मिलने के बाद वे बाहर आए और चंपई सोरेन से 156 दिन में सीएम का पद वापस ले लिया। इसके बाद चंपई भाजपा में शामिल हो गए। झारखंड आंदोलन में शिबू सोरेन के साथी रहे चंपई को कोल्हान टाइगर भी कहा जाता है।

हरियाणा चुनाव का झारखंड पर असर! जेएमएम ने मांगी ज्यादा सीटें

रांचीः हरियाणा में कांग्रेस की अप्रत्याशित हार और भाजपा की लगातार तीसरी जीत का असर झारखंड की राजनीति पर पड़ने की संभावना बढ़ गई है. एक तरफ हरियाणा के नतीजों ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है, वहीं दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दबदबा इंडिया ब्लॉक में और बढ़ेगा. झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के सदस्य और प्रवक्ता मनोज पांडेय ने भी विधानसभा चुनाव में जीत की संभावना को सबसे अहम बताकर इस ओर इशारा किया है. वहीं कांग्रेस ने झामुमो के जीत की संभावना को यह कहकर नजरअंदाज कर दिया है कि राज्य में उसकी सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा जानती है कि कांग्रेस के समर्थन के बिना जीत हासिल नहीं की जा सकती, इसलिए यहां कांग्रेस के साथ सम्मानजनक समझौता होगा. झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि यह सच है कि विधानसभा या लोकसभा चुनाव में पार्टी का स्ट्राइक रेट सहयोगी दलों से बेहतर रहा है, लेकिन हमारे नेता गठबंधन की राजनीति बखूबी करते हैं.

केमिस्ट्री का नोबेल 2 अमेरिकी व एक ब्रिटिश वैज्ञानिकों कोः प्रोटीन का स्ट्रक्चर समझाने वाला एआई मॉडल बनाया

स्टॉकहोमः केमिस्ट्री के नोबेल प्राइज 2024 की घोषणा हो गई है। इस साल ये प्राइज 3 वैज्ञानिकों को मिला है। इनमें अमेरिकी वैज्ञानिक डेविड बेकर, जॉन जम्पर और ब्रिटिश वैज्ञानिक डेमिस हसाबिस शामिल हैं। प्राइज को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला हिस्सा डेविड बेकर को मिला है, जिन्होंने नई तरह के प्रोटीन का निर्माण किया। प्रोटीन डिजाइन एक तकनीक है जिसमें प्रोटीन की संरचना में बदलाव कर नए गुण वाले प्रोटीन तैयार किए जाते हैं। इससे दवा और वैक्सीन बनाने में मदद मिलती है। वहीं प्राइज का दूसरा हिस्सा डेमिस और जॉन जंपर को मिला, जिन्होंने एक ऐसा एआई मॉडल बनाया, जिसने कॉम्प्लेक्स प्रोटीन के स्ट्रक्चर को समझने में मदद की।

दवा-वैक्सीन में इस्तेमाल हो रहा नया प्रोटीन

प्रोटीन मनुष्य के शरीर के लिए केमिकल टूल की तरह काम करता है। यह शरीर में होने वाले सभी केमिकल रिएक्शन्स को कंट्रोल करता है जो मानव जीवन का आधार होते हैं। प्रोटीन करीब 20 अलग-अलग अमीनो ऐसिड से बना होता है। 2003 में डेविड बेकर ने इन अमीनो एसिड का इस्तेमाल कर एक नए तरह का प्रोटीन बनाया। इसका इस्तेमाल कई वैक्सीन और दवाइयों में किया जाता है।

एआई मॉडल अल्फाफोल्ड से एंटीबायोटिक्स को समझने में मदद मिली

दूसरी खोज में प्रोटीन स्ट्रक्चर को समझने के लिए एआई मॉडल बनाया गया। दरअसल, प्रोटीन में अमीनो एसिड लंबे तारों में एक साथ जुड़े होते हैं जो एक 3D स्ट्रक्चर बनाते हैं। 1970 के दशक से वैज्ञानिक अमीनो एसिड के आधार पर प्रोटीन का स्ट्रक्चर समझने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। साल 2020 में डेमिस हसाबिस और जॉन जंपर ने एक एआई मॉडल अल्फाफोल्ड 2 बनाया। इसकी मदद से वैज्ञानिक सभी 20 करोड़ प्रोटीन के स्ट्रक्चर को वर्चुअली समझ पाए। आज अल्फाफोल्ड मॉडल का इस्तेमाल 190 देशों के करीब 20 लाख लोग करते हैं। प्रोटीन स्ट्रक्चर समझने से वैज्ञानिकों को एंटीबायोटिक को बेहतर जानने और प्लास्टिक को तोड़ने वाले एंजाइम्स बनाने में मदद मिली।

परंपरा के अनुसार कई पूजा पंडालों से सप्तमी को निकला कलश यात्रा,माँ के जयकारे से गुंजा क्षेत्र

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र के कई पूजा पंडालों से पुरानी परंपरा के अनुसार सप्तमी को कलश शोभा यात्रा निकला। भंडार नवप्रभात क्लब का शोभायात्रा 101 कलश के साथ पूजा पंडाल से निकला। ग्राम पंचायत भ्रमण के बाद कौरव जलप्रपात से कलश में जल भर कर शोभा यात्रा वापस पूजा पंडाल पहुंचा,जहां मंत्रोच्चारण के बीच कलश की स्थापना हुयी। कलश शोभायात्रा मे अध्यक्ष अशोक पांडेय,सुभाष चंद्र पांडेय उर्फ छोटू पांडेय,अमरनाथ पांडेय,वेद प्रकाश पांडेय,प्रकाश पांडेय,रामलाल शर्मा,गणेशनाथ पांडेय,डोडो पांडेय,विजय दुबे,नीरज कुमार,सतीश पांडेय,विकास दुबे,दिलीप पांडेय,सुरेंद्र दुबे,ओमप्रकाश शर्मा,बिगन पासवान सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। इधर बेलचम्पा के दुर्गा सेवा समिति द्वारा पूजा पंडाल से भी भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। ग्राम भ्रमण के बाद कोयल नदी में जल भरकर शोभा यात्रा वापस पूजा पंडाल पहुंचा। जहां धार्मिक अनुष्ठान के बीच कलश की स्थापना कराई गई। पूजा के सफल आयोजन में सुमेर पासवान,पीयूष पासवान,सुभाष कुमार,आनंद कुमार पंकज,अजय उपाध्याय,राहुल पासवान सहित पूरा पूजा समिति लगा हुआ है। इसके अलावा प्रखंड़ के ही उल्ली पहाड़ी,दुलसुदुलमा,सिगसिगी व रेहला के व्यापार संघ द्वारा भी कलश शोभा यात्रा आज ही निकाला गया।

विश्रामपुर नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में विधायक ने किया छः पीसीसी पथों का शिलान्यास

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से छः पीसीसी पथों का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मैं विरोधियों की तरह न तो आरोप प्रत्यारोप की राजनीत करता हूं और न ही जात पात की। मैं सिर्फ विकास की राजनीत करता हूं। इसलिए विरोधियों को मेरे बजाए मेरे द्वारा कराए गए काम जबाव देते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क ही विकास का पहला पैमाना होता है। इसलिए क्षेत्र का सभी महत्वपूर्ण सड़कों का पक्कीकरण कराया। क्षेत्र का हर गली नली को बनवाया। जो भी गली नली छूट गए हैं,उनको भी जल्द बनवाया जायेगा। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद को पूर्ण विकसित करना हमारा संकल्प है। जिसे आम लोगों के सहयोग से पूरा करूंगा। मौके पर थाना प्रभारी सौरभ चौबे,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,इदरीश हवारी,सिटी मैनेजर प्रभात कुमार,नगर प्रबंधक सुभाष हेमब्रेम,समाजसेवी विजय कुमार रवि,सलीमुद्दीन अंसारी,वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला,नरेंद्र राम उर्फ गुड्डू,सोनू दुबे,शमीम अंसारी,विशाल कुमार,उदेश्वर यादव,संजय महतो,सुमंत चंद्रवंशी,भूषण चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

विधानसभा प्रत्याशी ने जन आशीर्वाद यात्रा की

तमाड़ - तमाड जेएलकेएम के तमाड़ विधानसभा प्रत्याशी दमयंती मुण्डा के नेतृत्व में झारखंड अधिकार एवं जन आशीर्वाद यात्रा के आज तीसरे दिन बादला,पड़लाही,चोगाडीह,बिनसाईडीह,एदेलडीह,चेंड़े याडीह आदि एवं विगत कल जजोडीह, दिसिपीड़ी,उपर बालालोंग,नीचे बालालोंग,सिगिद,टेकड़ेया, गुड़बेड़ा,जोजोहातू,बेड़ाहातू, चैनपुर आदि में यात्रा की। इस क्रम में जगह जगह नुक्कड़ सभा का आयोजन कर ग्रामीणों से आशीर्वाद स्वरूप कैंची छाप को समर्थन करने कि अपील की। नुक्कड़ सभा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्रीमती मुण्डा ने अपने चुनावी मुद्दे को रखते हुए बोली राज्य सरकार भूख, बेरोजगार और पलायन को रोकने विफल रही है। शिक्षित बेरोजगार युवाओं के रोजगार के लिए पीछले 24 वर्षों में नीजि उद्योग कारखाना निर्माण के नाम पर एक ईंट तक कहीं लगा जबकि राज्य में संसाधन की कहीं कोई कमी नहीं है। सरकार युवाओं के रोजगार की दिशा में संवेदनशील नहीं है इसलिए इस बार क्षेत्र एवं राज्य में राजनीतिक बदलाव जरूरी है क्योंकि यहां नौकरशाह हावी है। कार्यपालिका, न्यायपालिका के सामने विधायिका गौण हो गई है। समृद्ध राज्य के लिए मजबूत विधायकी अति आवश्यक होती है। इसलिए इस बार अपने बेरोजगार बच्चों के भविष्य के लिए कैंची छाप को अपना समर्थन दें। इस अवसर पर श्रीमती मुण्डा के साथ सांस्कृतिक मंच के खतियानी सुमित दा,भगीरथ सिंह मुण्डा, शरद महतो, सुदर्शन महतो, पूर्ण चंद्र महतो, दिनेश चंद्र महतो,शरद महतो,सुरज महतो, सुदेश महतो, दिनेश महतो, अरविन्द बंसरियार,राजदेव महतो, सुमित महतो,साधू मुण्डा, तारकेश्वर,नारद,जनक, पूर्णचंद्र, मुन्ना, विरेन्द्र, परिक्षित, राजेश, हर्षवर्धन, सृष्टिधर,दिनानाथ हजाम, एवं राजकिशोर महतो शामिल थे ।

इटखोरी में महिला श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा, खुले मंदिरों के पट दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) : प्रखंड क्षेत्र के सात स्थलों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर शारदीय नवरात्र का पूजन हो रहा है। आज सप्तमी पूजन के अवसर पर लोगों ने कलश यात्रा का आयोजन किया। करनी, परोका कला, परसौनी, इटखोरी बाजार, टाल पर, पितीज आदि गांवों में मूर्ति स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। बुधवार को विभिन्न पूजा समितियों के निर्देशन में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा दुर्गा मंडप से भद्रकाली मंदिर होते हुए उत्तर वाहिनी महाने नदी में जाकर विधि विधान से पूजा पाठ कर कलश में जल भरकर माता मंदिर होते हुए दुर्गा मंडप पहुंचकर कलश स्थापित किया गया। इस मौके पर विभिन्न पूजा समिति के अध्यक्ष,कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन एवं गणमान्य सम्मिलित हुए।

विधायक अकेला के प्रयास से आजादी के बाद चौपारण को मिला डिग्री कॉलेज

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण(हजारीबाग) बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला क्षेत्र के चिर परिचित मांगो को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। चौपारण में डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, गरीब परिवार के बच्चे आर्थिक तंगी और दूरी के कारण पढ़ाई को बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि बरही विधायक उमाशंकर अकेला के प्रयास से आजादी के 74 वर्षो बाद प्रखण्ड को डिग्री कॉलेज मिल गई। डिग्री कॉलेज निर्माण को लेकर झारखंड कैबिनेट ने 37 करोड़ 85 लाख 20 हज़ार की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इसके बाद बहुत जल्द ही भवन का निर्माण शुरू होगा। और जल्द ही पढ़ाई शुरू होगी। वहीं प्रखण्ड के पंचायत भगहर में ग्राम परसातरी में ढ़ाढर नदी पर चौदह करोड़ उनहत्तर लाख सताइस हज़ार नौ सौ रुपये की लागत से पुल निर्माण की भी मंजूरी ग्रामीण कार्य विभाग,ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत पुल परियोजना से प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।

हरली में लगभग 33 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज बनेगा : अंबा प्रसाद

रांचीः बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा के विकास के अध्याय में एक ऐतिहासिक आयाम जुड़ गया। बड़कागांव के हरली में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य की स्विकृति कैबिनेट से प्राप्त हो गई है। प्रखंड क्षेत्र के हरली पंचायत अंतर्गत हाई स्कूल के बगल में लगभग 33 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज का निर्माण होगा।

विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगातार किए गए मेहनत के बाद यह कार्य सफल हो पाया है। हरली में बनने वाले डिग्री कॉलेज में एकेडमिक एडमिन ब्लॉक स्टाफ क्वार्टर, लाइट की उत्तम व्यवस्था फुटबॉल ग्राउंड क्रिकेट ग्राउंड वॉलीबॉल कोर्ट बास्केटबॉल कोर्ट समेत सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होगी।

बड़कागांव में बनने वाला डिग्री कॉलेज विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग अंतर्गत हजारीबाग जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पहले सरकारी महाविद्यालय होगा उक्त कार्य झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा।

बड़कागांव के सभी लोगों को तहेदिल से बधाई. आज मुझे आप सबको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि बड़कागांव में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य को झारखंड कैबिनेट से स्वीकृति मिल गई है.

अंबा प्रसाद ने कैबिनेट की बैठक के बाद खुशी जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के ग्राम हरली में डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए मैं दिनरात तत्पर थी. चाहे मंत्रालय हो या विभागीय कार्यालय, हर जगह व्यक्तिगत रूप से पहुँचकर मैं हर कागजात और दस्तावेज को ट्रैक कर रही थी. मेरा पूरा प्रयास था कि जल्दी से जल्दी डिग्री कॉलेज निर्माण पर मुहर लग जाये और हमारे बड़कागांव को पहला डिग्री कॉलेज मिले. अब वह इंतज़ार ख़त्म हो गया है, राज्य सरकार की ओर से इस महाविद्यालय निर्माण कार्य के लिए 33 करोड़ 85 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है.

आज इस डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्य को मुहर लगने पर मुझे बेहद खुशी के साथ साथ गर्व की अनुभूति हो रही है. इस कॉलेज के लिए मैं जितनी संघर्षरत थी उससे कहीं ज़्यादा उत्साहित भी थी. हमारे बड़कागांव विधानसभा में पहली बार डिग्री कॉलेज का निर्माण होने जा रहा है, जिससे लाभान्वित न जाने कितने ज़रूरतमन्द बच्चे होंगे. राज्य सरकार हमारे झारखंड में उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है. मैं पुनः अपनी सरकार को धन्यवाद और बड़कागांव के लोगों को बधाई देती हूँ.

सतप्तमी को पूजा पंडालो का खुला कपाट,भक्तो ने किया माँ का दिव्य दर्शन,पंडालो मर उमड़ी श्रद्धालुओं का भीड़

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर अंचल व नगर परिषद क्षेत्र के सभी पूजा पंडालो का कपाट आज सप्तमी को खुल गया है। कपाट खुलने के साथ ही माँ के दिव्य दर्शन हेतु पूजा पंडालो में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं रात्रि में निशा पूजा की भी तैयारी हो रही है। जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। भक्तों का माँ के प्रति श्रद्धा देखने को मिल रही है। इधर सभी कामेटियो द्वारा बनाये गये एक से बढ़ कर एक भव्य पूजा पंडाल बनकर पूरी तरह तैयार हो चूका है। जो क्षेत्र में काफी आकर्षक का केंद्र बना है। विश्रामपुर नप मुख्यालय के गढ़ मुंहल्ला स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया। इसके बाद उन्होंने मां कालरात्रि की धार्मिक मंत्रोचारणो के बीच पूजा किया। उन्होंने क्षेत्र के हरियाली और खुशहाली का कमाना की। इसबार डंडिला नव युवक संघ द्वारा बनवाया गया पंडाल दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर का प्रारूप पर बना है। इसके अलावा विश्रामपुर के गढ़ मुहल्ला स्थित सार्वजानिक दुर्गा मंडप का पूजा पंडाल,सोरडीहा के आदर्श कला केंद्र का पूजा पंडाल,रेहला जय माँ भवानी संघ का पूजा पंडाल,व्यापर संघ का पूजा पंडाल,बी मोड़ जय माँ शेरावाली क्लब का पूजा पंडाल व जागृति युवा क्लब का पूजा पंडाल भी भव्य व काफी आकर्षक बना है। मौके पर थाना प्रभारी सौरभ चौबे,इदरीश हवारी,सामाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय,रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक

एस एम एस्ले,समाजसेवी विजय कुमार रवि,अमितेश्वर दयाल,मुकेश कुमार चौधरी,संतोष कुमार,सुमंत चंद्रवंशी,शशि भूषण चंद्रवंशी,पूजा कमिटी अध्यक्ष राकेश कुमार केशरी,कोषाध्यक्ष जयंत चौहान,सचिव संजय कुमार राम व गजेंद्र कुमार चंद्रवंशी,मीडिया प्रभारी करण कुमार,अमन कुमार चंद्रवंशी,संरक्षक हरे कृष्णा राम ,हरे राम सिंह,कन्हाई राम,गोपाल चंद्रवंशी,रजनीश चंद्रवंशी,मुकेश कुमार,रमेश राम,अरुण सोनी,अनिल चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को बुके देकर औपचारिक मुलाकात किया : अनमोल राज

रांची : लोहरदगा समाहरणालय मैदान में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को बुके देकर औपचारिक मुलाकात करते हुए अनमोल राज पिता अमरनाथ लोहरा और उनके चाचा आलोक राज उर्फ लोकनाथ लोहरा के साथ का फोटो। यह मुलाकात माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के जेल जाने के बाद श्रीमती कल्पना सोरेन के हौसला बढ़ाने के लिए गया हुआ गाना ,इंडिया टूटेगा नहीं, झारखंड झुकेगा नहीं, कल्पना दीदी आप मत घबराना, तेरे पीछे सारा जमाना ।जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा इस गीत को लेकर औपचारिक मुलाकात हुई है.

बरकट्ठा प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दुर्गा पूजा का त्यौहार, बरवां में दुर्गा पूजा को लेकर निकली गई कलशयात्रा

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।दुर्गा पूजा का त्यौहार बरकट्ठा प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बरकट्ठा में बुधवार सप्तमी को दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़ी।वहीं बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम बरवां में दुर्गा पूजा को लेकर कलशयात्रा निकली गई। कलशयात्रा कि शुरुआत बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने नारियल फोड़कर किया। जिसमें गांव कि 1051 महिलाओं एवं कन्याओं ने गाजे बाजे के साथ कलश लेकर पूरे गावं का भ्रमण किया।इसके पश्चात बरसोती नदी से यज्ञाचार्य ने मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भरवाया। कलशयात्री कलश में जल भरकर पुनः यज्ञमंडप में पहुँचकर कलश को स्थापित किया। इस मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड प्रमुख रेणू देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड बीस अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पूजा समिति अध्यक्ष छोटी प्रसाद, सचिव ज्ञानी प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, राजेश ठाकुर, प्रकाश प्रसाद, राहुल यादव, शंकर प्रसाद, टिंकू प्रसाद, रंजीत प्रसाद, दिनेश्वर महतो, महेश्वर प्रसाद, युगेश्वर प्रसाद, बंशी महतो, रामेश्वर प्रसाद, धर्म ठाकुर, अरुण मंडल, कारु ठाकुर, बुलाकी यादव, बीजो महतो, रोहित महतो,जागेश्वर रजक,रीतलाल प्रसाद समेत भारी काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनीत किए गए

रांची : मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय),झारखंड सरकार के प्रधान सचिव वंदना दादेल ने राज्यपाल के आदेश उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनीत किए गए हैं और इनको राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है. विदित हो कि राज्य के संतुलित विकास की संभावनाएँ तलाशने , इसके लिए आवश्यक उपाय करने तथा जन आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य के विकास योजनाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा यह झारखंड राज्य समन्वय समिति का गठन किया गया है । जिसमें अध्यक्ष, पाँच सदस्य, दो विशेष आमंत्रित सदस्य एवम एक आमंत्रित सदस्य थे. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश जी को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनयन किए जाने पर कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उराँव, डॉ प्रदीप कुमार बालमुचु, रमा खलखो, भीम कुमार, मदन मोहन शर्मा, गजेंद्र सिंह , निरंजन पासवान, जगदीश साहू, आदित्य विक्रम जायसवाल, इत्यादि ने बधाई दी।

परियोजना निदेशक आईटीडीए की अध्यक्षता में हुई बैठक, निर्वाचन कार्य को लेकर बैंक, पीएसयू व अन्य संस्थाओं से मांगी गई कर्मियों की सूची

जमशेदपर । आईटीडीए कार्यालय सभागार, जमशेदपुर में परियोजना निदेशक, आई.टी.डी.ए दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में आसन्न विधानसभा निर्वाचन-2024 के लिए निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मियों की प्रतिनियुक्ति हेतु सभी बैंक के नोडल पदाधिकारी, यूसीआईएल, एचसीएल आदि के प्रतिनिधि के साथ बैठक की गयी। पीडी आईटीडीए द्वारा निदेश दिया गया कि अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों की सूचि विहित प्रपत्र में निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्मिक कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे । बैठक में उपस्थित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए पीडी आईटीडीए ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला अंतर्गत गठित विभिन्न कोषांगों में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के अलावा उन्हें ससमय प्रशिक्षण भी दिया जाना है।

कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची
कृषि भवन परिसर, काँके रोड, राँची
(Email ID - dhoranchi125@gmail.com)

पौध प्रसारण अन्तर्गत ग्राफ्ट गुटी तैयार करने हेतु दर कोटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 40 दिनांक 16.07.2024 द्वारा स्वीकृत उद्यान विकास की योजनानतर्गत कार्य अवयव ग्राफ्ट–गुटी उत्पादन के तहत फलबाग के क्षेत्र विस्तार हेतु पौध प्रसारण अन्तर्गत विभागीय स्थापित प्रखण्ड उद्यान नर्सरियों में विभिन्न प्रभेदों के आम, अमरूद, नींबू आदि का ग्राफ्ट–गुटी जिला– राँची में 50000 सं0 में गुणवत्तायुक्त पौधा तैयार किया जाना है। जिसे न्यून्तम दर पर कृषकों को उपलब्ध कराया जायेगा। ग्राफ्ट–गुटी का उत्पादन एवं रख–रखाव सहित प्रति पौधा रू0 60/– (साठ रूपये) की दर से व्यय किया जाना है। उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु प्रखण्ड उद्यान नर्सरी, रातु में 25000 सं0 एवं प्रखण्ड उद्यान नर्सरी, ओरमांझी में 25000 सं0 पौधे का ग्राफ्ट (कलम) तैयार कर एक वर्ष तक पूर्ण रख–रखाव के साथ वितरण हेतु कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना है। पौधों का ग्राफ्ट (कलम) निम्न प्रकार में उपलब्ध कराना हैः–

1. बीजू पौधे एक वर्ष का होना चाहिए।
2. पौधों का कलम Grafting पद्धति एवं गुटी पद्धति (अलग–अलग पौधों के अनुसार) से तैयार किया जाना है।
3. कलम तैयार करने के लिए बीजू पौधे का साईज– लं0 2′-6″ या उससे अधिक का होना चाहिए।
4. पौधों का थैला (Black polythene bag) का आकार 7″ x8″ का होना चाहिए।
5. बीजू पौधे की मुटाई 1" व्यास के आकार में होना चाहिए।
6. पौधों का जड़ स्वस्थ व अधिक घना होना चाहिए।
7. पौधों में किसी भी प्रकार का रोग /बीमारी नहीं होना चाहिए।

उपरोक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार / राज्य सरकार के द्वारा फल, फूल पौधे तैयार कर वितरण करने वाले NHB से पंजीकृत इच्छुक संस्था/एजेंसी/नर्सरी से बन्द लिफाफे में दिनांक 18.10.2024 तक कार्यालय कार्य अवधि में उपर्युक्त पौध सामग्रियों को तैयार कर उपलब्ध कराने के लिए दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

विशेष जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
राँची

PR 338525 Agriculture (24-25)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –17/2024–25

1.	विभाग का नाम	:–	पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2.	विज्ञापनदाता का नाम	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3.	परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय	:–	16.10.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय	:–	17.10.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एंव समय	:–	17.10.2024 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:–	1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7.	निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः–	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8.	कार्यो की विवरणी	:–	

क	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	B.O.Q. का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि।
1.	Construction of 4 Nos Toilet with sanitary fittings water supply arrangement near Female OT section at RINPAS campus Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1276828.00	26000.00	2500.00	01 Month
2.	Construction of Toilet & Bathroom with water supply pipe line, sanitary fittings, sewerage work for Mess Operator at Girl's Hostel No-04 and 05 RIMS campus Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1769997.00	36000.00	5000.00	01 Month
3.	Construction of Toilet & Bathroom with water supply pipe line, sanitary fittings, sewerage work for Mess Operator at Girl's Hostel No-02 and 03 RIMS campus Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1769248.00	36000.00	5000.00	01 Month
4.	Construction of Toilet & Bathroom with water supply pipe line, sanitary fittings, sewerage work for Mess Operator at Boy's Hostel No-05 and 06 RIMS campus Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1768857.00	36000.00	5000.00	01 Month
5.	Construction of Toilet & Bathroom with water supply pipe line, sanitary fittings, sewerage work for Mess Operator at Boy's Hostel No-03 and 04 RIMS campus Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1768285.00	36000.00	5000.00	01 Month
6.	Construction of Toilet & Bathroom with water supply pipe line, sanitary fittings, sewerage work for Mess Operator at Boy's Hostel No-01 and 02 RIMS campus Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1767536.00	36000.00	5000.00	01 Month

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 338578 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस 10 अक्टूबर, 2024

भारत सरकार
केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाषः 0651–2450822, 2451115, 2450448

सत्यमेव जयते

24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध

सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण
निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी

बाह्यरोगी सुविधाएं / सेवाएं
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण / ऑकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- **टेली परामर्श व्हाट्सअप संख्या** : 9334915057 कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
- **टेली–मनोचिकित्सा संख्या** : 9334915052
- **दूरभाष संख्या** (सामान्य सूचना): 0651–2451115, 0651–2451116, 0651–2451119
- विडियो परामर्शः अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- **टेली–मानस सेवाः** निःशुल्क 24X7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श / काउंसलिंग। टोल फ्री नंबर : 14416 या 1800–89–14416

टेली मानस को कॉल करें :
- उदासी, चिड़चिड़ापन या निराशा।
- परीक्षा के तनाव से गुजर रहे हैं।
- आम नींद की समस्या से परेशान हैं।
  जब आपको जीवन से हार मानने का मन हो, तो याद रखें सहायता केवल एक कॉल की दूरी पर है–14416

विशेष क्लीनिक
- सोमवारः मूड एवं न्यूरोलॉजी
- मंगलवारः निद्रा रोग
- बुधवारः क्रॉनिक सिजोफ्रीनिया, सेक्स, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मैटाबॉलिक रोग
- गुरूवारः मिरगी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- शुक्रवारः वृद्धावस्था संबंधित रोग
- शनिवारः सिरदर्द रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबॉलिक रोग
- प्रतिदिनः बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकास

अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

व्यावसायिक चिकित्सा विभाग
- पुनर्वास / शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकॉनोमी

सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम
- वेस्ट बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

स्नातकोत्तर शिक्षण
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम.
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रीक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रीक नर्सिंग में डिप्लोमा

पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256–चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड / इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128–चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाइरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन

सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी एफ.एम.आर.आई.
- एम.आर.आई. ब्रेन (रु. 2000 / – लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रु. 3000 / – लगभग)

उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट

पुस्तकालय
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय (हमारे यहाँ 80,000 से अधिक पुस्तकें एवं जर्नल का संग्रह है)
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च / RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम

बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृपया सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

दो आइएएस सहित राज्य सेवा के पांच अफसर बदले

रांचीः राज्य सरकार ने दो आइएएस सहित राज्य प्रशासनिक सेवा के पांच अफसरों का तबादला कर दिया है. चास के अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता को योजना विभाग में अवर सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है. वहीं जगन्नाथपुर पश्चिमी सिंहभूम की अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा को चार का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है. जेपीएससी में उप परीक्षा नियंत्रक के पद पर पदस्थापित राज्य सेवा के अफसर अनुराग लकड़ा को सिमडेगा का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है. सरायकेला-खरसांवा के भू-अर्जन पदाधिकारी महेंद्र उरांव को के आदेश को विलोपित करते हुए सरायकेला-खरसांवा के भू-अर्जन पदाधिकारी के पद पर यथावत बने रहने का आदेश दिया गया है. सिमडेगा के अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की को जेपीएससी का उप परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है. प्रतीक्षारत उदय रजक की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को सौंपी गई है. सिमडेगा के जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव को अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर की जिम्मेवारी सौंपी गई है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है.

झारखंड कैबिनेट की बैठक 14 अक्टूबर को, मिल सकता है बड़ा तोहफा

रांचीः झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 14 अक्टूबर सोमवार को बुलाई गई है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे. बैठक दिन के 12:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी. यह माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लगने वाले आदर्श आचार संहिता के पहले यह आखिरी बैठक होगी. राज्य सरकार इस दिन कई लोकलुभावन निर्णय ले सकती है. कैबिनेट की बैठक संबंधी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया.

सोशल मीडिया पर भ्रामक, तथ्यहीन और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई : पुलिस

रांची : रांची पुलिस ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए आम लोगों से अपील की है. अपील करते हुए कहा है कि दुर्गा पूजा के दौरान सभी नागरिकों से अनुरोध है कि आपसी भाईचारा बनायें रखें. किसी भी प्रकारका सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न करने वाली गतिविधियों से बचें और सौहार्दपूर्ण वातावरण का समर्थन करें.

आपत्तिजनक पोस्ट, फोटो, वीडियो और संदेशों को साझा करने से बचें

रांची पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक, तथ्यहीन या आपत्तिजनक पोस्ट, फोटो, वीडियो और संदेशों को साझा करने से पूरी तरह बचें. ग्रुप एडमिन भी सुनिश्चित करें कि उनके ग्रुप में किसी प्रकार की गलत जानकारी या आपत्तिजनक सामग्री साझा न हो. किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और ऐसी जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें. किसी भी प्रकार की गलत सूचना या अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध रांची पुलिस द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी. इसलिए जिम्मेदारी से सोशल मीडिया का उपयोग करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें.

डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा

शहर में किसी भी प्रकार के डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा. इससे न केवल ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किया जाएगा, बल्कि सार्वजनिक शांति भी बनी रहेगी. पंडाल भ्रमण के दौरान अपने बच्चों के पॉकेट में अभिभावक का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखकर अवश्य डाल दें. अपनी गाड़ी को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें शराब व नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलायें.

इंटरनेशनल क्रिकेटर ईशान किशन करेंगे झारखंड रणजी ट्रॉफी टीम की कप्तानी

रांचीः झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने 2024-25 के लिए झारखंड के रणजी (सीनियर मेंस) ट्रॉफी टीम की घोषणा कर दी है. टीम में कुल 16 प्लेयर्स शामिल किए गए हैं जिनकी कप्तानी भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य और इंटरनेशनल प्लेयर्स ईशान किशन को मिली है. इसके अलावा विराट सिंह को उप कप्तान बनाया गया है जबकि कुमार कुशाग्र को विकेटकीपर के तौर पर लिया गया है. इन तीनों के अलावा टीम में नजीम सिद्दीकी, आर्यमन सेन, शरणदीप सिंह, कुमार सूरज, अनुकूल राय, उत्कर्ष सिंह, सुप्रियो चक्रवर्ती, सौरभ शेखर, विकास कुमार, विवेकानंद तिवारी, मानीषी, रवि कुमार यादव और रौनक कुमार टीम मेंबर हैं.

ये हैं सपोर्ट स्टाफ

जेएससीए की ओर से सपोर्ट स्टाफ के तौर पर एस एस राव को हेड कोच बनाया गया है. रत्न कुमार और दीपक कुमार कोच होंगे. जॉन लिजानिस डेनियल को फिजियो, कुणाल कुमार सिंह को वीडियो एनालिस्ट, राज कुमार शर्मा और संतोष कुमार सिंह को मैनेजर तथा मानव मुकुंद, आनंद के और उत्तम कुमार मोहंती को भी अलग-अलग सेवाओं के लिए टीम के साथ जोड़ा गया है.

सही समय पर नहीं मिली एंबुलेंस, बुजुर्ग व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत

रांची : सही समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से एक व्यक्ति की इलाज के अभाव में हार्ट अटैक से मौत हो गयी. यह घटना करम टोली चौक की है. आज बुधवार की सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति को अचानक हार्ट अटैक आया. इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन सही समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पायी. इसके बाद उस व्यक्ति को ऑटो से नजदीकी अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया लेकिन बुजुर्ग व्यक्ति की बीच रास्ते मे ही मौत हो गयी.

जेपीएससी सेकेंड बैच के अफसर को गलत जाति प्रमाण पत्र देना पड़ा महंगा, हो गए बर्खास्त

रांचीः जेपीएससी सेकेंड बैच के अफसर कानू राम नाग को गलत जाति प्रमाण पत्र देना महंगा पड़ गया है. गलत जाति प्रमाण पत्र देकर नौकरी पाने के मामले में राज्य सरकार ने कानू राम नाग को बर्खास्त कर दिया है. कार्मिक ने इसका आदेश भी जारी कर दिया है. नाग ने सेकेंड जेपीएससी में मुंडा जाति का प्रमाण पत्र देकर नौकरी हासिल की थी. जबकि वे तमाड़िया जाति से हैं. तमाड़िया अत्यंत पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है. जाति छानबीन समिति का प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया था कि तमाड़िया को मुंडा उपजाति के रूप में होने का प्रमाण है. इस कारण कानू राम नाग तमाड़िया जाति का सदस्य होने के नाते मुंडा जनजाति की अर्हता रखते हैं. इस आधार पर कानू राम नाग को निलंबन मुक्त भी किया गया. इसके बाद सरकार ने फिर से इसकी समीक्षा की. विभागीय समीक्षा में पाया गया कि मुंडा की अनेक उपजातियों में से संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश-1950 के तहत मुंडा एवं महली क्रमांक-24 एवं 22 पर अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित है. वर्ष 2003 में मुंडा के बाद पातर को सम्मिलित किया गया है. मुंडा की अन्य उपजातियों, जो सूची में सूचीबद्ध नहीं है, वह संविधान के अनुसार अनुसूचित जनजाति नहीं है. वहीं यह भी स्पष्ट किया गया कि सेकेंड जेपीएससी परीक्षा के अधिसूचना प्रकाशन एवं राज्य सरकार में नाग के योगदान तिथि तक तमाड़िया जाति अनुचित जनजाति के सूची में शामिल नहीं है. उनके द्वारा फर्जी तरीके से इसे मुंडा जाति के उपजाति बता कर अनुचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है. कानू राम नाग पलामू में उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है.

शहर के दूर्गा पूजा पंडालों में उमड़ी लोगो की भीड़

रांची | शहर में पंडालों का पट खूल गए है। श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़। भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के पंडाल में लोगों का उमड़ा जन सैलाब। बकरी बाजार में राजस्थानी राज दरबार के प्रारूप में मां भवानी का भव्य श्रृंगार किया गया है। राजस्थानी कलाकार प्रतिदिन राजस्थान की संस्कृति व कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

बांधगाड़ी, राजस्थान मित्रमंडल, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, नेताजी नगर दुर्गा पूजा कमेटी, गीतांजली क्लब मोरहाबादी समेत अनेक पंडाल के पट खुल गए है। मां दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालुरांची रेलवे स्टेशन में आदियोगी थीम पर बनाए गए लोगों को ज्यादा लुभा रहा है। यहां लेजर शो के कारण लोगों भीड़ उमड़ रही है। इसमें 52 फीट ऊंचे भोलेनाथ के अनेक व आकर्षक रूप में नजर आ रहे हैं। इधर, ओसीसी क्लब द्वारा बांग्ला स्कूल में महिलाओं द्वारा धुनुची नृत्य पेश किया गया। श्री राम लाल पूजा समिति, रांची के सानिध्य में पुरानी विधानसभा मैदान में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्रारूप को देखने रांची ही नहीं पूरे राज्य से लोग आ रहे हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। समिति के महासचिव ने बताया कि सुबह से लेकर रात तक करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन रोज कर रहे है। समिति के प्रमोद सारस्वत ने कहा कि दर्शन के लिए यहां सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम है। बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर की भी व्यवस्था है। मेले व झूले का लोग लुत्फ उठा रहे हैं।

झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से 109 करोड़ रुपए की फर्जी निकासी की साजिश, सीबीआई-ईडी करे जांचः बाबूलाल

रांचीः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा. मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री को कटघरे में खड़ा करते कहा कि हेमंत सरकार में झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से 109 करोड़ की फर्जी निकासी हुई है जो गंभीर आर्थिक अपराध है. कुछ अधिकारियों पर केस दर्ज करा कर राज्य सरकार फर्जी निकासी मामले में सीआईडी जांच करने का नाटक कर रही है. हेमंत सरकार में सीआईडी जांच की विश्वसनीयता हमेशा शक- सवालों के घेरे में रही है. सीआईडी जांच करा कर सरकार क्या बड़ी मछलियों को बचाने का प्रयास कर रही है?

जल्द हो जांच

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अरबों रुपए की धोखाधड़ी एवं इसके तार दूसरे राज्यों से जुड़े होने के उद्भेदन के लिए राज्य सरकार अविलंब उक्त मामले की जांच सीबीआई को सौंपे. राज्य में बैंक कर्मियों और अधिकारियों के साथ

मिलकर भ्रष्टाचारियों ने बड़े पैमाने पर बिजली विभाग में सुनियोजित तरीके से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है. झारखंड में यह नया मामला नहीं है, बल्कि इससे पहले भी मिड-डे मील योजना में ठीक इसी तरह का घोटाला सामने आ चुका है. अनौपचारिक रूप से अधिकारियों से हुई बातचीत में यह पता चल रहा है कि क़रीब 500 करोड़ रुपए से अधिक की सरकारी संपत्ति का गबन घोटालेबाजों एवं भ्रष्टाचारियों द्वारा किए जाने की संभावना है, जो राज्य सरकार की भ्रष्ट नीतियों और लचर प्रशासन का परिणाम है. पूरी घटना को क्रमबद्ध तरीके से देखें तो यह बात स्पष्ट होती है कि झारखंड के दूसरे विभागों में भी इस तरह की घोटाले हुए होंगे जो सामने आने बाकी हैं. इसमें बैंक अधिकारी, कर्मचारी तथा दूसरे राज्य के लोग भी मिले हुए हैं इसलिए इसकी जांच सीआईडी या झारखंड पुलिस के बस की बात नहीं है. विभाग के मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते. मुख्यमंत्री ने इस मामले की तुरंत सीबीआई से जांच नहीं कराई तो यह स्पष्ट होगा कि सरकार खुद इस घोटाले को दबाने और दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है.

ईडी भी करे जांच

बिना विलंब किए इस मामले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करना चाहिए ताकि घोटाले में घोटालेबाजों के साथ इस षड्यंत्र में शामिल लोगों का खुलासा हो सके. यह भी साफ़ पता चल रहा है कि ये मनी लांड्रिंग का भी मामला है. इसलिये ईडी के निदेशक से अनुरोध है कि इस मामले को हाथ में लेकर तुरंत जांच शुरू करे.

झामुमो कार्यकर्ता फर्जी छात्र बन सीजीएल परिणाम जारी करने की कर रहे मांग

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो पर आरोप लगाया है. कहा है कि जेएमएम के कार्यकर्ता फर्जी छात्र बन कर जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का परिणाम जारी करने की मांग कर रहे हैं. उन्होंने ट्वीट में लिखा है कि लगभग सात लाख अभ्यर्थियों ने जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा दी है. उनमें से हर कोई यही चाहता है कि पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच हो. जिन छात्रों ने परीक्षा दी है, वे चाहते हैं कि परीक्षा रद्द हो. जिन्होंने कभी जेएसएससी का फॉर्म तक नहीं भरा और कभी परीक्षा नहीं दी, वे चाहते हैं कि इसका रिजल्ट घोषित हो! झामुमो कार्यकर्ता 7 लाख छात्रों को बदनाम करने का षडयंत्र कर रहे हैं. झारखंड के युवा इस साजिश का करारा जवाब देंगे.

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

रांचीः पोक्सो कोर्ट ने वर्ष 2020 में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी बेड़ो निवासी प्रभुनाथ लोहरा उर्फ टुप्पा लोहरा को 20 साल कैद की कड़ी सजा सुनाई है. साथ ही उसपर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है. पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मामले में पूर्व में उसे दोषी ठहराया था.

दरअसल, अभियुक्त पर खेल रही 12 वर्ष की बच्ची को एकांत में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप है. दुष्कर्म के बाद अभियुक्त ने बच्ची को इस घटना की जानकारी किसी को और को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी. बच्ची ने अपने परिजनों को दुष्कर्म की घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसकी मां ने 27 मई 2020 को अभियुक्त प्रभुनाथ लोहरा के खिलाफ बेड़ो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

कथाकार रणेन्द्र को मिलेगा 2024 का आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान

रांचीः प्रत्येक वर्ष एक कथाकार को प्रतिष्ठित आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान दिया जाता है. वर्ष 2024 का यह सम्मान झारखंड सरकार में पदाधिकारी रहे कथाकार रणेन्द्र को 9 नवंबर को लखनऊ (यूपी) में दिया जाएगा. कथाक्रम सम्मान समिति के संयोजक शैलेन्द्र सागर, वरिष्ठ कहानीकार शिवमूर्ति, रंगकर्मी राकेश और चर्चित लेखिका रजनी गुप्त ने संयुक्त रूप से इस संबंध में निर्णय लिया है. कार्यक्रम सम्मान समिति के संयोजक शैलेन्द्र सागर के मुताबिक रणेन्द्र हिन्दी कथा साहित्य के विशिष्ट एवं चर्चित कथाकार हैं. झारखंड सरकार में सेवा देते अप्रैल 2024 में जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक पद से रिटायर हुए थे. इसके साथ ही वे कथा साहित्य में सक्रिय रहे.

2003 में प्रकाशित अपने पहले

उपन्यास ग्लोबल गांव का देवता से वह हिन्दी साहित्य जगत में चर्चा में आए. 2014 में उनका दूसरा उपन्यास 'गायब होता देश' भी अत्यंत चर्चित हुआ. 2021 में प्रकाशित 'गुंगी रुलाई का कोरस' ने अपने विशिष्ट कथावस्तु और प्रस्तुति के कारण उन्हें अपूर्व प्रतिष्ठा प्रदान की. उपन्यासों के अतिरिक्त दो कहानी संग्रह और एक कविता संग्रह प्रकाशित हो चुकी है. उन्होंने चार खंडों में प्रकाशित 'झारखंड एनसाइक्लोपीडिया' का भी संपादन किया है. उन्हें जेपी जोशी स्मृति जनप्रिय लेखक सम्मान, बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान सहित अन्य कई सम्मान मिल चुके हैं.

काम पर लौटे मनरेगा कर्मी, हड़ताल अवधि के मानदेय का होगा भुगतान

रांचीः हड़ताली मनरेगा कर्मी वापस काम पर लौट गये हैं. ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के साथ हुई 8 अक्टूबर को वार्ता के बाद अनिश्चितकालिन हड़ताल खत्म करने की सहमति बनी थी. इसमें 30 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी सहित बीमा योजना व सामाजिक सुरक्षा व यात्रा भत्ता देने की मंजूरी दी गयी है. इसके साथ ही हड़ताल अवधि 79 दिनों के मानदेय आदि का भुगतान करने का भी फैसला लिया गया है. हड़ताल अवधि को उनके अवकाश, अतरिक्त कार्य दिवस से समायोजित किया जायेगा. बता दें, कि ग्रेड पे, नियमितीकरण इत्यादि की मांग को लेकर 5000 से अधिक मनरेगा कर्मी हड़ताल पर थे. इस दौरान मनरेगा का कामकाज ठप पड़ गया था. मानव दिवस सृजन में काफी गिरावट दर्ज की गयी थी.

झामुमो ने चुनाव आयोग से की भाजपा की गोगो दीदी योजना की शिकायत, मांगी जेएमएम सम्मान योजना लागू करने की इजाजत

रांचीः झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल निर्वाचन सदन, रांची पहुंचा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा. इसके बाद मीडिया को जानकारी देते पार्टी लीडर विनोद पांडेय ने बताया कि आयोग से भाजपा द्वारा राज्य में महिलाओं से अभी भराये जा रहे गोगो दीदी योजना फॉर्म को लेकर शिकायत दर्ज करायी गयी है. इसे निर्वाचन आयोग के प्रावधानों का उल्लंघन बताते इस पर एक्शन लेने को कहा गया है. साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर गोगो दीदी योजना सही है तो झामुमो द्वारा शुरू किए जाने वाले सम्मान योजना को शुरू करने की भी अनुमति मिले. श्री पांडेय ने भारत निर्वाचन आयोग के अलग अलग प्रावधानों को भाजपा द्वारा दरकिनार किए जाने की शिकायत करते हुए इसे अवैध बताया.

13 अक्टूबर तक झारखंड में होती रहेगी बारिश

रांची : बिहार-झारखंड सहित देश के कई भागों में बारिश अपना रंग दिखा रही है. स्काईमेट वेदर की एक रिपोर्ट के अनुसार लक्षद्वीप सहित आसपास के क्षेत्रों पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी से तमिलनाडु-दक्षिण केरल तक एक टर्फ रेखा औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है. इसके प्रभाव से 9 अक्टूबर के आसपास लक्षद्वीप और इससे सटे दक्षिण-पूर्व, पूर्वी मध्य अरब सागर पर एक कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने की संभावना जताई गयी है. यह 13 अक्टूबर तक जारी रह सकता है. यह झारखंड में भी

प्रभावी रहेगा चक्रवाती परिसंचरण के उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने का अनुमान है. इस कारण कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना है. जहां तक झारखंड की बात करें तो मंगलवार देर शाम रांची समेत झारखंड के कई इलाकों में भारी बारिश हुई. दुर्गा पूजा के मौके पर बारिश होने से लोगों को काफी परेशानी हुई वहीं, मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा. विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. मध्य प्रदेश छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर में हल्की बारिश की संभावना है. 12 अक्टूबर के बाद मानसून लौट जाने की बात कही गयी है छत्तीसगढ़ के रायपुर में मंगलवार को तेज बारिश हुई. मौसम विभाग की मानें तो यहां के 18 जिलों में गरज- के साथ बारिश होगी. बिजली चमकेगी. दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है. बिहार की बात करें तो नेपाल में हुई भारी बारिश के कारण पिछले दिनों 30 जिलों में बाढ़ की स्थिति बनी है. गंडक, गंगा, कोसी जैसी नदियां उफान पर रहीं हैं.

रांची में 90 मिनट में 40 एमएम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार 90 मिनट में 40 एमएम से अधिक बारिश हुई है। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडाल के लिए बने तोरण द्वार गिर गए। होर्डिंग-बैनर उड़ गए। अरगोड़ा चौक के पास पूजा समिति द्वारा लगाए गए दो बड़े होर्डिंग गिर गए। इसके अतिरिक्त राज्य में कहीं से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अभी तक अक्टूबर में 12.3 मिमी बारिश हुई जो कि सामान्य बारिश से 63 प्रतिशत कम है। इस दौरान 33.3 फीसदी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड और उसके आसपास कोई सिस्टम नहीं है, लेकिन देश के दक्षिण-पश्चिमी भाग से हवाएं आ रहीं है। मानसून कायम रहने के कारण वातावरण में नमी है। पर्याप्त मात्रा में नमी आने से यहां गरज वाले बादल बन रहे हैं और रांची समेत कहीं-कहीं बारिश हो रही है। राज्य में 10 अक्टूबर तक हल्के बादल छाए रहेंगे। 12 से मौसम साफ हो जाएगा।

लालू के करीबी अरुण यादव पर ईडी का शिकंजा, आरजेडी के पूर्व विधायक की 22 करोड़ की संपत्ति जब्त

पटना. राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी नेता अरुण यादव के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसा है। जांच एजेंसी ने उनकी 22 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार आरजेडी के पूर्व विधायक अरुण यादव की संपत्ति को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जब्त किया गया है। बालू के अवैध खनन से जुड़े केस में यह कार्रवाई की गई है।

ईडी ने इसी साल फरवरी महीने में अरुण यादव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उनकी पत्नी किरण देवी भोजपुर जिले की संदेश सीट से आरजेडी की विधायक हैं। दोनों का लालू परिवार से करीबी रिश्ता है। अरुण का नाम लैंड फॉर जॉब केस में भी आया था। इसकी जांच अलग से चल रही है। इसके बाद अवैध बालू खनन और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी ने उनके खिलाफ जांच शुरू की। आरोप हैं कि आरजेडी नेता अरुण यादव ने अवैध बालू खनन से अकूत कमाई की। उनकी कंपनी का नाम दुर्गा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड है। इसके जरिए उन्होंने 2.56 करोड़ का पेमेंट करके दानापुर में पांच फ्लैट खरीदे थे। ये फ्लैट पूर्व सीएम राबड़ी देवी के नाम से थे। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स की कार्रवाई से बचने के लिए यह सौदा किया गया था। हालांकि, मामले की जांच अभी जारी है।

गंगा सागर पोखर से संदेहास्पद परिस्थिति में मिला शव

मधुबनी. मधुबनी में बुधवार को नगर थाना क्षेत्र के गंगा सागर पोखर से संदेहास्पद अवस्था में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों ने पोखर में शव को देखा । इसके बाद आसपास सनसनी फैल गई। शव होने की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दलबल के साथ नगर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। जहां शव को तालाब से बाहर निकाला गया।

थानाध्यक्ष लोगों से जानकारी लेकर जांच में जुट गए है। शव की पहचान की जा रही है। मृतक की आयु लोगों ने 30 साल बताया है। शव को कब्जे में लेकर नगर थाना पुलिस ने कागजी प्रक्रिया कर पोस्टमार्टम कराने सदर अस्पताल भेज दिया है। नगर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शव होने की सूचना स्थानीय लोगों से मिली है। घटना को लेकर जांच कर रहे हैं। एफएसएल टीम को भी इसकी जांच के लिए बुलाया गया है।

ट्रक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर, एक की मौत

आरा(भोजपुर). आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव के समीप बुधवार दोहपर अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार पटना निवासी मजदूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। मृतक पटना जिला के नदी थाना क्षेत्र के सबलपुर गुलमहिया चक गांव निवासी राधाकिशन राय का 18 वर्षीय पुत्र चकरवर्ती कुमार है। वह पेशे से मजदूर था। ट्रैक्टर और ट्रक से सामान उतारने का काम करता था। इधर मृतक के चाचा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह ट्रैक्टर पर सामान लोड कर अनलोडिंग करने के लिए आरा आया था। इसी दौरान शोभी डुमरा गांव के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक ने फोन कर सूचना उनके परिजनों को दी। परिजन आरा सदर अस्पताल परिसर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व तीन बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां शिला देवी, तीन बहन बबली, शर्मिला,आरती व दो भाई बिजली और कुंदन हैं। मृतक की मां शिला देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बच्चे गए चॉकलेट लाने, मां की फंदे से लटकी लाश

भागलपुर. भागलपुर में सिपाही की पत्नी की लाश फंदे से लटकी मिली है। वो भागलपुर में अपने तीन बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती थी। मृतका सोनी देवी है। जिनके पति आनंद कुमार पटना पुलिस बल में सिपाही हैं। सोनी बच्चों के साथ पटना में ही थी। आज सुबह साढ़े 12 बजे भागलपुर लौटी थी। बच्चे घर में चॉकलेट की जिद कर रहे थे। मां ने पैसे दिए। बच्चे चॉकलेट लेने के लिए चले गए। वापस लौटे तो देखा मां फंदे से लटकी हुई है। बेटे ने कहा मां को कोई फोन पर परेशान करता था। घटना तिलकामांझी थाना क्षेत्र के सच्चिदानंद कॉलोनी की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने FSL की टीम को भी बुलाया है। टीम ने कुछ साक्ष्य जमा किए हैं। बताया जा रहा कि मृतका के पति भागलपुर ट्रैफिक पुलिस में भी कार्यरत रहे थे। मृतका के तीन बेटे हैं. सबसे बड़ा बेटा 7 वर्षीय दीपक कक्षा 3 में पढ़ता है। दो भाई शिवम और ईशान छोटे हैं। दीपक ने कहा कि कि पिता से मिलकर सभी आज लौटे थे। मां को फोन पर कोई कुछ दिनों से लगातार परेशान कर रहा था। दीपक ने बताया कि मां को कोई ब्लैकमेल करता था। इसके बारे में मां ने पिता को भी बताया था। नंबर ब्लॉक करने के बाद भी अलग-अलग नंबर से मां को तंग किया जाता था। वहीं, अब पुलिस मृतका के फोन डिटेल खंगालेगी।

चोरी की बाइक के साथ 3 बदमाश गिरफ्तार

मधुबनी. मधुबनी में गुप्त सूचना के आधार पर बेलही स्थित कुन्दन यादव के घर पर कुछ अपराधी जुटे थे।जयनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन पर पुलिस उपाधीक्षक सह जयनगर थानाध्यक्ष अंकुर कुमार द्वारा कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन कर बलही स्थित कुंदन यादव के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में कुंदन के घर से चोरी की दो मोटरसाइकिल और प्राथमिकी अभियुक्त कुंदन यादव पिता कृष्ण कुमार यादव, बलराम पासवान और मनोज कुमार, तीनों थाना जयनगर जिला मधुबनी को गिरफ्तार किया गया है। कुन्दन यादव की निशानदेही पर रंजीत कुमार साह के घर सेलरा पर गठित टीम द्वारा छापेमारी के क्रम में चोरी का तीन मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। रंजीत कुमार साह को गिरफ्तार किया गया है। जयनगर थाना कांड 296/24 दर्ज किया गया है। डीएसपी ने बताया कि जयनगर थाना,खुटौना थाना, राजनगर थाना, खजौली थाना में इनका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। वही गठित टीम में जयनगर थानाध्यक्ष अंकुर कुमार,पुअनि शेषनाथ प्रसाद,संतोष कुमार एवं सिपाही अशोक कुमार सिंह,रितेश कुमार, अशोक मालाकार, रमण राज आदि शामिल थे।

ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में एक की मौत:घर का इकलौता बेटा था, शेखपुरा-सुमका रोड को आक्रोशितों ने किया जाम

शेखपुरा. शेखपुरा-सुमका मुख्य सड़क मार्ग पर खेदुआ मोड़ के पास एक बेकाबू ट्रैक्टर और बाइक के बीच आमने-सामने भिड़ंत में 45 वर्षीय बाइक सवार जितेंद्र राउत की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर ससबहना गांव की ओर भाग निकला। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के विरोध में तथा मृतक के आश्रित परिवार वालों को सरकारी मुआवजा देने की मांग को लेकर शव को बीच सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया। मृतक अरियरी प्रखंड अंतर्गत कसार गांव निवासी सिया शरण राउत का इकलौता पुत्र बताया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद कसार थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाकर जाम तुड़वाने का काफी प्रयास किया। आंदोलनकारी लोग डटे रहे।

बाद में जिला मुख्यालय से एसडीएम राहुल सिन्हा तथा एसडीपीओ अरविंद कुमार सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे। इन दोनों अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाने के प्रयास में लगे है। लेकिन ग्रामीण लोग अपनी मांगों को लेकर जाम पर डटे हैं। सड़क जाम रहने के कारण दर्जनों छोटे बड़े वाहन जाम में फंसे हैं। पंचायत समिति सदस्य रोहित राज ने बताया कि मृतक घर से शेखपुरा बाजार जा रहे थे। तभी गांव के खेदुआ मोड़ पर घटना घटी। उन्होंने बताया कि मृतक काफी गरीब परिवार का था। उसके ऊपर वृद्ध मां -बाप के अलावा दो छोटे-छोटे बच्चों सहित परिवार का भरण पोषण की जिम्मेदारी थी। उसकी मौत के बाद परिवार के सामने भरण पोषण का संकट छा गया है। घटना के बाद परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया है।

नल,एसी-सोफा चोरी का आरोप लगाने वालों का प्रोफाइल तैयार है:बंगला विवाद पर तेजस्वी बोले- सबको नोटिस भेजूंगा, भवन निर्माण विभाग को भी बनाएंगे पार्टी

पटना. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को दुबई टूर से पटना लौटे। मंगलवार को आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के साथ पटना पहुंचते ही इन्होंने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। डिप्टी सीएम हाउस से सामान चोरी के आरोप पर कहा कि ये लोग तेजस्वी के इमेज को खराब करना चाह रहे हैं। ये बहुत ही हास्यास्पद है। हंसी आती है। बीजेपी को आरजेडी और तेजस्वी से डर है। ये लोग घबराहट में मेरी इमेज को खराब करना चाहते हैं। सभी को अदालत ले जाएंगे। आरोप लगाने वाले सभी लोगों को देखा है। जिन्होंने आरोप लगाया है। जिन्होंने गलत बोला है। सभी का प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है। हमने अपने वकीलों से बात की है, जल्द ही उन्हें नोटिस जाएगा। अगर तेजस्वी दोषी है तो भवन निर्माण को बताना चाहिए। वो क्यों खामोश हैं। भवन निर्माण कुछ नहीं बोलता है तो उसे भी पार्टी बनाएंगे। सभी को अदालत ले जाएंगे।

दरअसल, जिस 5 देशरत्न में तेजस्वी यादव रह रहे थे वो बंगला अब डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को अलॉट हुआ है। शिफ्ट होने से पहले बीजेपी के मीडिया इंचार्ज दानिश इकबाल की तरफ से आरोप लगाया गया था कि तेजस्वी यादव बंगला से नल, एसी और कई सारी लग्जिरियस चीजें अपने साथ लेकर चले गए हैं।

जांच के लिए ईडी-सीबीआई को लगाएं

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम आज ही पटना लौटे हैं। बिना प्रमाण के मेरे ऊपर आरोप लगाया जा रहा है। ऐसा भाजपा ही कर सकती है। हम पढ़ाई, दवाई, कमाई की बात कर रहे हैं। वो हमारे ऊपर चोरी का आरोप लगा रहे हैं। कैसी सरकार है ये। क्या कर रही है एजेंसी। ईडी- सीबीआई को लगाओ। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो इन्हें माफी मांगनी चाहिए।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी अपने बूते सत्ता में आ नहीं सकती है। इसलिए तेजस्वी की इमेज को खराब कर सत्ता में आना चाहती है। जो होने वाला नहीं है। जांच एजेंसियां इनकी है। ईडी सीबीआई ले आएं। चैलेंज करते हैं कि इनकी ईडी-सीबीआई कहां है। बिना प्रमाण के आरोप लगाया जा रहा है। कोई भी आकर आरोप लगा रहा है। ये ठीक नहीं है। ये लोग तेजस्वी के चरित्र को बदनाम करना चाह रहे हैं। जनता तेजस्वी के चरित्र को जानती है।

एक-एक चीज की रिकॉर्डिंग है

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि छुटभैया नेता जिन्हें जानकारी नहीं है। सच का पता नहीं है। कुछ भी आकर बोल दे रहे हैं। मेरे पास एक-एक रिकॉर्डिंग है। हम अभी शिफ्ट किए नहीं हैं। वहां का भी वीडियो रिकॉर्डिंग है। सुशील मोदी जी के बाद तारकिशोर जी आए। उनसे जाकर पूछिए कि क्या-क्या लेकर गए। क्या छोड़ कर गए थे। उसका भी वीडियो रिकॉर्डिंग है। अभी का भी वीडियो रिकॉर्डिंग है। पूरा वीडियो रिकॉर्डिंग करके भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को सौंपा है।

विदेशी यात्रियों से भरी बस गड्ढे में गिरी, गया जा रहे 8 बौद्ध भिक्षु घायल

जहानाबाद. बिहार के जहानाबाद जिले में बुधवार सुबह सड़क हादसे में नेपाल से गया जा रहा 8 बौद्ध भिक्षु घायल हो गए। विदेशी यात्रियों से भरी एक ट्रैवलर मिनी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मौजूद पानी से भरे गड्ढे में गिर गई। बस में वियतनाम, म्यांमार और अमेरिका के कुल 23 यात्री सवार थे। इनमें से अधिकतर बौद्ध भिक्षु थे। सभी नेपाल से टूरिस्ट बस लेकर बोधगया जा रहे थे। गंभीर रूप से घायल तीन बौद्ध भिक्षुओं को पटना रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा बुधवार सुबह कड़ौना थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रैवलर बस के ड्राइवर ने अचानक नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरी। बताया यह भी जा रहा है कि गड्ढे में गिरने से पहले बस की एक ट्रक से भी टक्कर हुई। ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से तुरंत फरार हो गया। जहानाबाद एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने पीटीआई से बातचीत में कहा कि इस हादसे में कुल 8 बौद्ध भिक्षु घायल हुए हैं। सभी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जिनमे से तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच में रेफर किया गया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल:प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग और दागे आंसू गैस के गोले, क्विक रिस्पॉन्स के लिए जवान तैयार

गया. गया शहर में त्योहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। इसी क्रम में पुलिस लाइन में एक मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। देखना से ऐसा लग रहा था जैसे हकीकत में कुछ हुआ है। मॉक ड्रिल में पुलिस ने पहले लाठीचार्ज किया। लाठियों से भी जब बात नहीं बनी तो पुलिस ने आंसू गैस के गोल दागे। जिसके बाद भीड़ इधर-उधर भागने लगी। सभी की आंखें जलने लगी, कई उल्टी करने लगे और कई को खांसी होने लगी। कुछ देर के लिए भीड़ छट गई। जिसके बाद फिर से प्रदर्शनकारी एकजुट हुए। लास्ट में पुलिस ने फायरिंग कर दी। मॉक ड्रिल में फायरिंग के बाद कुछ लोग जख्मी हो गए। मॉक ड्रिल में पहले प्रदर्शनकारी नारेबाजी और रोड़ेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने पहले उन्हें रोकने के लिए माइकिंग की। पर प्रदर्शनकारी नहीं मान रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। जो लोग घायल हुए उन्हें अस्पताल भेजा। सिटी एसपी ने कहा कि त्योहार को लेकर विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। फोर्स को हर सिच्यूएशन से निपटने के लिए तैयार किया जा रहा है। ताकि वे समय पर अपना काम बेहतर और क्विक रिस्पांस के साथ कर सकें।

बिहार में पैक्स चुनाव की तैयारी पूरी, 26 नवंबर से पांच चरणों में होगी वोटिंग

पटना. बिहार में पैक्स चुनाव की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। पैक्स चुनाव के लिए पांच चरणों में मतदान होंगे। पहले चरण की वोटिंग 26 नवंबर को होगी। अंतिम चरण 3 दिसंबर को होगा। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने गृह विभाग को पत्र लिखकर इस संबंध में सूचना दी है। प्राधिकार ने डीजीपी से चुनाव वाले दिन पुलिस व्यवस्था के इंतजाम करने को कहा है। मतदान की तैयारी पर चर्चा के लिए 16 अक्टूबर को प्राधिकार ने संबंधित विभागों की बैठक भी बुलाई है। पैक्स (प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति) के चुनाव को लेकर ग्रामीण इलाकों में खासा उत्साह रहता है। यह समिति केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के अधीन आती है।

15 हजार पदों पर बहाली, मंत्री बोले- चुनाव से पहले हो जाएगी नियुक्ति

पटना. बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। पंचायती राज विभाग में 15 हजार पदों पर बहाली होने वाली है। पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बुधवार को कहा कि विभाग में इन पदों पर भर्ती आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कर दी जाएगी। यानी कि अगले एक साल में बहाली की प्रक्रिया पूरी करके चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे

दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग में प्रखंड पंचायत पदाधिकारी की नियुक्ति बीपीएससी के जरिए होगी। वहीं, क्लर्क स्तर के पदों पर नियुक्ति राज्य कर्मचारी चयन आयोग से की जाएगी। इसी तरह तकनीकी सहायक पदों पर एजेंसी के माध्यम से बहाली होगी। मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बुधवार को पटना स्थित सूचना भवन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायतों में ई कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम इसी महीने लागू किया जाएगा। इसके माध्यम से पंचायत के फैसले ऑनलाइन होंगे। केस से लेकर तारीख तक की लोगों को जानकारी आसानी से मिल सकेगी। साथ ही मामलों को जल्दी निबटाने में भी मदद मिलेगी। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि जिला परिषद की 39 हजार एकड़ जमीन का व्यावसायिक उपयोग किया जाएगा। बता दें कि बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले नीतीश सरकार 10

मुजफ्फरपुर में युवक की चाकू मारकर हत्या:दूर्गा पूजा का मेला देखकर लौट रहे 3 लड़कों पर चाकूबाजी, सभी आरोपी फरार

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर में मंगलवार की देर रात दुर्गा पूजा का मेला देख कर घर लौट रहे 3 लड़कों पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। इसमें से एक की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं, 2 की हालत गंभीर है। जिन्हें, इलाज के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। इस घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। फिलहाल, पुलिस ने घायलों से बयान लेकर जांच में जुट गई है। घटना कटरा थाना क्षेत्र के देवगन का है। मृतक की पहचान देवगन कटरा थाना क्षेत्र के नीतीश कुमार (20) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों की पहचान धीरज कुमार (16) और प्रज्ञान कुमार (12) के रूप में की गई है।

बदमाशों ने अचानक रोका और हमला कर दिया

घायल प्रज्ञान कुमार ने बताया कि मैं, नीतीश कुमार और धीरज मेला देखकर देर रात

लौट रहे थे। तभी बीच रास्ते में मंदिर के पास गणेश दास (22) समेत 4 लड़के पहले से खड़े थे। अचानक हमें रोका, इसके बाद चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। इसमें हमारे चचेरे भाई नीतीश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बीच बचाव करने के बाद हमलोग भी गंभीर रूप में जख्मी हो गए। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का था, इसलिए चाकू लेकर घूम रहा था। इस पूरे मामले में एडिशनल एसपी ईस्ट सहरियार अख्तर ने बताया कि आपसी विवाद में एक लड़के की चाकू के हमले से मौत होने की जानकारी मिली है। जबकि दो अन्य भी घायल हुए हैं। इस मामले की जांच की जा रही है। आपसी विवाद को लेकर मारपीट और चाकूबाजी की घटना घटी है।

एक ही गांव के आरोपी और पीड़ित

एडिशनल एसपी ईस्ट सहरियार अख्तर ने कहा कि आरोपी और घायल सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। घायलों का बयान लिया गया है। इसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है आरोपी अभी फरार है।

बिहार के इस जिले में 100 बेड वाला ESIC अस्पताल, मोदी सरकार ने दी मंजूरी; केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर बताया

बेगूसराय. केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार के लोगों को बड़ी खुशखबरी दी है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब बेगूसराय जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल खुल सकेगा। भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर इस बात की जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक्स पर लिखा, 'मोदी सरकार ने बेगूसराय में ESIC (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) अस्पताल खोलने की मंजूरी दे दी है। यह अस्पताल 100 बेड की क्षमता वाला होगा और बेगूसराय के बरौनी क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। इस अस्पताल के खुलने से हजारों श्रमिकों और आम जनता को बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे उन्हें बड़े शहरों में इलाज के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियां सम्मानित: मोतिहारी में कार्यक्रम का आयोजन

मोतिहारी. मोतिहारी के राजेंद्र नगर भवन मे महिला एवं बाल विकास निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डीएम सौरभ जोरवाल, नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, सदर एसडीओ, डीपीओ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीएम सौरव जोरवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चियों के लिए महिला एवं बाल विकास निगम समाज कल्याण विभाग जागरूकता फैला रही है, ताकि समाज में किसी तरह का भेदभाव ना हो।

कार्यालय, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, काँके, राँची–834006
(OFFICE OF THE INSTITUTE OF ANIMAL HEALTH & PRODUCTION KANKE, RANCHI – 834006)
Email id – iahp.kankeranchi@yahoo.com

"इच्छा की अभिव्यक्ति"

झारखण्ड राज्य के सभी जिलों में पशुधन रोगों को नियंत्रित करने की योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत रानीखेत रोग के नियंत्रण हेतु टीकाकरण कार्य करने को इच्छुक गैर सरकारी संस्थान के चयन हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण।

कार्यक्षेत्र:
झारखण्ड राज्य के सभी जिले।
"इच्छा की अभिव्यक्ति" को निम्न पते पर भेजें:–
निदेशक,
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, काँके, राँची। पिन कोड – 834006
"इच्छा की अभिव्यक्ति" प्राप्त करने की अन्तिम तिथि :– 24.10.2024 (अपराह्न 3:00 बजे तक)
"इच्छा की अभिव्यक्ति" खोलने की तिथि :– 26.10.2024 (अपराह्न 2:00 बजे)
वैधता अवधि :– उक्त कार्य हेतु संस्थान का चयन वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए मान्य होगा।
पात्रता मापदण्ड एवं कार्य का प्रारूप की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट https://jharkhand.gov.in/agriculture एवं https://animalhusbandry.jharkhand.gov.in पर देखी जा सकती है।

निदेशक
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान,
काँके, राँची

PR 338534 (Animal Husbandry)24-25*D

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–चिंता कुमारी उम्र–22 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट,

उपरोक्त लापता महिला चिंता कुमारी, उम्र–22 वर्ष, पे0–सुधीर मॉझी, सा0–मेदनी, पोस्ट–पिस्का, थाना–सिल्ली (मुरी ओ0पी0), जिला–रॉची जो दिनांक–20.09.2024 को गाजीयाबाद रेलवे स्टेशन से लापता जो आजतक अपने घर में वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में मुरी ओ0पी0 सन्हा संख्या–17/2024, दिनांक–24.09.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। –9431770066
थाना प्रभारी मुरी ओ0पी0, राँची। –9431706150

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 338622 Police(24-25).D

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–सूरज कुमार, उम्र–14 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट,
पहनावा–लाल रंग का चेकदार शर्ट एवं घी रंग का फुल पैंट
(डी0ए0भी0 स्कुल ड्रेस) पहने हुए है।

उपरोक्त लापता लड़का सूरज कुमार, उम्र–14 वर्ष, पे0–राजकुमार टोपवार, सा0–कडरू सेमर, थाना–अरगोड़ा, जिला–राँची जो दिनांक–10.09.2024 को डी0ए0भी0 कपिलदेव स्कूल, कडरू, रॉची परीक्षा देने को निगले जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में अरगोड़ा थाना काण्ड संख्या 252/2024 दिनांक–28.09.2024 धारा–137(2) BNS दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, रॉची। –9431706143
थाना प्रभारी अरगोडा, रॉची। –9431706170

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉची

PR 338611 Police(24-25).D

मोदी बोले- कांग्रेस हिंदुओं को जाति में बांटती है: मुस्लिमों की बात आने पर इनके नेताओं के मुंह पर ताला लग जाता है

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर पीएम ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने की राजनीति करती है। पीएम ने कहा- कांग्रेस के एक भी नेता ने आज तक नहीं कहा कि हमारे मुस्लिम भाई-बहनों में कितनी जातियां होती हैं। मुस्लिम जातियों की बात आते ही कांग्रेसी नेता मुंह पर ताला लगा कर बैठ जाते हैं, लेकिन जब भी हिंदू समाज की बात आती है, तो कांग्रेस उनकी चर्चा जाति से ही शुरू करती है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में भय का माहौल पैदा कर रही है। कांग्रेस लोगों में डर पैदा करती है। कांग्रेस अपने वोट बैंक की खातिर देश का सांप्रदायिककरण कर रही है। कांग्रेस का फॉर्मूला साफ है कि मुसलमानों को डराते रहो, उनको भय दिखाओ, उनको वोट बैंक में कन्वर्ट करो और वोट बैंक को मजबूत करो।

कांग्रेस की नीति हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने की है। कांग्रेस जानती है हिंदू जितना बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो उस पर राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे। भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वहां कांग्रेस यही फॉर्मूला लागू करती है।

कांग्रेस बोली- विपक्ष पर हमला करने के लिए सरकारी मंच का उपयोग क्यों

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने X पर पोस्ट किया- राजनीतिक भाषण देने और विपक्ष पर हमला करने के लिए पीएम मोदी को सरकारी कार्यक्रम के मंच का उपयोग नहीं करना चाहिए। टैक्स पेयर के पैसे का इस्तेमाल भोग-विलास के लिए नहीं किया जा सकता है और न ही किया जाना चाहिए। राजनीतिक भाषण के लिए वह भाजपा के मंच का उपयोग कर सकते हैं।

कांग्रेस का फॉर्मूला- हमेशा बांटो और सत्ता पाओ

मोदी ने कहा- कांग्रेस पूरी तरह से सांप्रदायिक

और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस भारत के 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' की परंपरा का दमन कर रही है, सनातन परंपरा का दमन कर रही है। कांग्रेस, हमेशा बांटो और सत्ता पाओ के फॉर्मूले पर चली है। कांग्रेस ने बार-बार ये सिद्ध किया है कि वो एक गैर-जिम्मेदार दल है। वो अभी भी देश को बांटने के लिए नए-नए नैरेटिव गढ़ रही है। कांग्रेस समाज को बांटने का फॉर्मूला लाती रहती है।

पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र में विकास तेज हुआ, हमने मराठी भाषा को नई पहचान दी। आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिर्डी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ। उन्होंने कहा कि मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ। हां, ये बात अलग है कि कांग्रेस के राज में इतनी ही तेज गति से, इतने ही स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रष्टाचार जरूर होता था।

मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया

पीएम ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इस बात की खुशी मनाई। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं। महाराष्ट्र के लोग अपने संदेशों में मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने के लिए मुझे धन्यवाद दे रहे हैं, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया है। पीएम ने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था, लेकिन कांग्रेस की सारी साजिशें ध्वस्त हो गईं। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की, लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को बांटना चाहती है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं को टारगेट किया और अलग-अलग तरीके से उन्हें भड़काने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा के नौजवान, हमारी बहनें-बेटियां अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा पर ही भरोसा कर रहे हैं।

देर आए दुरुस्त आए: अब ट्रेनों में लगेंगे 4-4 जनरल कोच

नई दिल्ली(ईएमएस)। रेलवे ने आम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। दिसंबर 2024 से सभी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में चार-चार जनरल कोच लगाए जाएंगे, जिससे जनरल डिब्बों में सफर करने वाले यात्रियों को धक्का-मुक्की या लटककर यात्रा करने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। भारतीय रेलवे का यह फैसला लाखों यात्रियों को राहत प्रदान करेगा, जो अब सुविधाजनक और सुरक्षित तरीके से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।
रेल मंत्रालय के अनुसार, इस नई योजना के तहत सभी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में कुल 1300 नए जनरल कोचों की आवश्यकता होगी। इन कोचों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, और अब तक 120 ट्रेनों में चार-चार जनरल कोच लगाए जा चुके हैं। रेलवे ने मार्च 2024 तक कुल 2000 जनरल कोचों का निर्माण करने का लक्ष्य रखा है, जिनमें से 1300 कोच नई ट्रेनों में जोड़े जाएंगे और बचे हुए 700 कोच पुराने कोचों की जगह लेंगे। इस योजना के लागू होने के बाद जनरल कोचों में धक्का-मुक्की की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। इसके अलावा, मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में अधिक जनरल कोचों की उपलब्धता से यात्रियों को सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव होगा। बता दें कि भारत में लगभग 10 हजार से अधिक ट्रेनें चलती हैं, जिनमें वंदेभारत, शताब्दी, राजधानी, मेल एक्सप्रेस, पैसेंजर, लोकल, ईएमयू और डीएमयू ट्रेनें शामिल हैं। इनमें से 822 मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में चार-चार जनरल कोच लगाए जाएंगे। वर्तमान में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल कोचों की संख्या निश्चित नहीं थी, जिससे यात्रियों को ट्रेनों में भीड़भाड़ और असुविधा का सामना करना पड़ता था।

रामबन और नौशेरा से एनसी के हिंदू उम्मीदवार जीते

श्रीनगर(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस ने भी हिंदू उम्मीदवारों को टिकट दिए थे। कांग्रेस को छह सीटों पर जम्मू कश्मीर में जीत मिली है लेकिन उसके हिंदू उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत पाए हैं। एनसी और कांग्रेस गठबंधन की तरफ से सिर्फ हिंदू उम्मीदवार चुनाव जीते हैं। यहां नेशनल कॉन्फ्रेंस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। एनसी ने 42 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस के छह उम्मीदवारों को जीत मिली है। एनसी और कांग्रेस गठबंधन की तरफ से सिर्फ हिंदू उम्मीदवार चुनाव जीते हैं। ये दोनों हिंदू उम्मीदवार जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के हैं। एनसी को जिन दो सीटों पर हिंदू उम्मीदवारों को जीत मिली है, वह रामबन और नौशेरा है। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। एनसी-कांग्रेस गठबंधन को वहां कुल 48 सीट मिले हैं। इसके साथ ही यह तय हो गया है कि जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला होंगे। जम्मू-कश्मीर मिली जीत के बाद उमर अब्दुल्ला की ताजपोशी को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, रामबन विधानसभा सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार अर्जुन सिंह राजू को जीत मिली है। अर्जुन सिंह राजू को इस सीट पर कुल 28425 वोट मिले हैं। दूसरे नंबर पर निर्दलीय उम्मीदवार सूरज सिंह परिहार रहे हैं, जिन्हें 19412 वोट मिले हैं। बीजेपी उम्मीदवार राकेश सिंह ठाकुर तीसरे नंबर पर रहे हैं। उन्हें 17511 वोट मिले हैं।इसके साथ ही नौशेरा विधानसभा सीट पर भी एनसी के हिंदू उम्मीदवार को जीत मिली है।

भाजपा नेताओं को कई गांवों में घुसने नहीं दिया जा रहा था फिर भाजपा कैसे जीत गई: शिवसेना

नई दिल्ली(ईएमएस)। हरियाणा में भाजपा और उसके नेताओं की स्थिति बहुत खराब थी। लोगों में भारी गुस्सा था। इनकी हालत इतनी खराब थी कि कई गांवों में उन्हे घुसने नहीं दिया। फिर भाजपा कैसे जीत गई है? ये सवाल शिवसेना के उद्धव गुट ने कांग्रेस की हार पर उठाए हैं। पार्टी ने निशाने साधते हुए इसे अति आत्मविश्वास और स्थानीय नेताओं की नाफरमानी का परिणाम बताया। सामना के संपादकीय में लिखा गया है, हरियाणा में कांग्रेस की हार की वजह फाजिल आत्मविश्वास और स्थानीय नेताओं की नाफरमानी है। ऐसा माहौल था कि भाजपा के मंत्रियों और उम्मीदवारों को गांवों में घुसने नहीं दिया जा रहा था, फिर भी परिणाम कांग्रेस के खिलाफ गए। शिवसेना ने भूपेंद्र हुड्डा की भूमिका पर भी सवाल उठाया है, यह पूछते हुए कि क्या उन्होंने कांग्रेस की नैया डुबो दी। संपादकीय में हुड्डा और कुमारी शैलजा के बीच के विवाद को भी हार का बड़ा कारण बताया गया है। सामना ने कहा कि हुड्डा और उनके समर्थकों ने कुमारी शैलजा का सार्वजनिक अपमान किया, और कांग्रेस आलाकमान उनकी इस नाफरमानी को रोकने में विफल रहा। शिवसेना का मानना है कि हरियाणा चुनाव का असर महाराष्ट्र में नहीं होगा, लेकिन उसने कांग्रेस को सलाह दी है कि वह हरियाणा वाली गलतियाँ न दोहराए। सामना में कहा गया है, महाराष्ट्र की जनता हरियाणा की राह पर नहीं जाएगी और महाविकास आघाड़ी की जीत होगी।महाराष्ट्र की राजनीति में महाविकास गठबंधन की स्थिति मजबूत दिखाई दे रही है, जबकि कांग्रेस नेताओं को हरियाणा के नतीजों से सीख लेने की जरूरत है।

रूसी नागरिक को नहीं मिल रहा है भारत में न्याय

इंदौर (ईएमएस)। रूस के नागरिक ने इंदौर मे जनसुनवाई मे शिकायत दर्ज कराई है। उसकी फैक्ट्री पर कब्जा कर लिया गया है। जनसुनवाई के दौरान रूस के नागरिक गौरव अहलावत ने मंत्री समर्थक एक उद्योगपति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जनसुनवाई के दौरान उसने कहा, आरोपी उसके 200 टुकड़े करके मारने की धमकी दे रहा है।
गौरव अहलावत मास्को में रहते हैं। उनके पास रूस की नागरिकता है। उसने आरोप लगाया है, कि कौनको फूड प्राइवेट लिमिटेड के मालिक संजय जैसवानी, उसके रिश्तेदारों और कर्मचारियों के साथ मिलकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उसके साथ धोखाधड़ी की है। इंदौर आने पर उसका अपहरण किया गया। किसी तरह जान बचाकर वह भागकर जनसुनवाई में अपनी शिकायत करने पहुंचा। मंत्री समर्थक के खिलाफ इंदौर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। यह शिकायत उसने जनसुनवाई में की है। वह पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए जनसुनवाई में पहुंचा था।

विवाहित स्त्री अपना भला बुरा जानती है, शारीरिक संबंध धोखा नहीं

ग्वालियर (ईएमएस)। ग्वालियर के अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने बलात्कार के एक आरोपी को दोष मुक्त कर दिया है। पीड़ता महिला शादीशुदा है। वह अपना भला बुरा जानती है। लिखित में अनुबंध करने के बाद आरोपी पर बलात्कार का आरोप लगाना गलत है। शादीशुदा महिला के रूप में संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं माना जा सकता है।
17 मार्च 2020 को महिला ने पड़ाव थाने में अभिषेक राजोरिया के खिलाफ बलात्कार का केस दर्ज कराया था। पीड़ता ने आरोप लगाया था, वह पति से अलग होकर अपने पिता के घर पर रह रही थी। उसकी पहचान अभिषेक राजोरिया के साथ हुई। उसने नौकरी दिलाने और शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

राहुल बोले- हरियाणा के नतीजे हैरान करने वाले: शिवसेना बोले- कांग्रेस जीत को हार में बदलना जानती है; टीएमसीं बोली- हार की वजह अहंकार

नई दिल्ली: लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों पर बुधवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने X पर पोस्ट में कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे हैरान करने वाले हैं। राहुल ने लिखा, 'हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। कई विधानसभा क्षेत्रों से शिकायतें आ रही हैं। हम चुनाव आयोग को इससे अवगत कराएंगे। हम हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे।' राहुल ने जम्मू-कश्मीर में इंडिया गठबंधन की जीत पर लोगों का आभार जताया।

हरियाणा में भाजपा से हार पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने कांग्रेस की नीति पर सवाल उठाए। शिवसेना (उद्धव गुट) ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा कि कांग्रेस जीत को हार में बदलना जानती है। टीएमसीं नेता साकेत गोखले ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि अहंकार और क्षेत्रीय

दलों को हीन दृष्टि से देखना हार का कारण बना।

शिवसेना ने कहा- हरियाणा की हार से कांग्रेस को सीख लेने की जरूरत

शिवसेना ने सामना में लिखा, 'हरियाणा की हार से कांग्रेस को सीख लेने की जरूरत है। हरियाणा की हार कांग्रेस के ओवर कॉन्फिडेंस और राज्य के नेताओं के अहंकार का नतीजा है। हुड्डा ने नॉन जाट वोटर्स को साथ नहीं लिया, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र में अकेले चुनाव लड़ना चाहती है तो पहले बता दे। राउत ने कहा कि भाजपा ने हारी हुई बाजी जीत ली। हर कोई मानता था कि कांग्रेस जीत रही है लेकिन वह फिर भी हार गई। भाजपा जीती क्योंकि उसके पास एक सिस्टमैटिक मैनेजमेंट है।

उमर अब्दुल्ला बोले- कांग्रेस को गहराई से सोचने की जरूरत

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस को हरियाणा में अपनी हार के कारणों का पता लगाने के लिए गहराई से सोचना होगा। मैंने पहले ही कहा था कि हम इन एग्जिट पोल्स पर भरोसा करके अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। किसी ने नहीं सोचा होगा कि एग्जिट पोल इतने गलत होंगे। 30, 60 बन गए और 60, 30 बन गए।

हरियाणा में भाजपा, जम्मू-कश्मीर में एनसी-कांग्रेस की सरकार

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में 54 दिन की चुनावी कशमकश के नतीजे मंगलवार, 8 अक्टूबर को आए। दोनों राज्यों में 90 विधानसभा सीटें हैं और बहुमत का आंकड़ा 46। हरियाणा में भाजपा 48 सीटें जीतकर रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। राज्य में अब तक किसी राजनीतिक दल ने लगातार 3 बार सरकार नहीं बनाई है। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हुए विधानसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। कांग्रेस-एनसी गठबंधन ने 48 सीटें हासिल कीं। भाजपा 29 सीटों पर जीती। 15 साल पहले 2009 में भी कांग्रेस और एनसी गठबंधन की सरकार बनी थी। तब उमर 38 साल के थे और राज्य के सबसे युवा मुख्यमंत्री बने थे।

उत्तर प्रदेश उपचुनाव के लिए सपा के 6 कैंडिडेट्स घोषित

उत्तर प्रदेश : हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के अगले ही दिन इंडिया. ब्लॉक में कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। इनमें वे दो सीटें भी शामिल हैं जिन पर कांग्रेस दावेदारी कर रही थी। उत्तर प्रदेश में कुल 10 सीटों पर उपचुनाव होना हैं। इनमें से पांच पर कांग्रेस की दावेदारी थी। सपा ने मझवां और फूलपुर सीट पर भी कैंडिडेट्स का ऐलान कर दिया जबकि कांग्रेस ये दोनों सीटें चाहती थीं। इसके अलावा गाजियाबाद खैर और मीरापुर की डिमांड कांग्रेस ने सपा के सामने रखी थी। यानी अखिलेश ने कांग्रेस की मांग खारिज कर दी है।
अखिलेश ने अपनी सीट करहल से भतीजे और पूर्व सीएम लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को टिकट दिया है। कानपुर की सीसामऊ सीट से इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को प्रत्याशी बनाया है।
वहीं, अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को टिकट दिया है। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। प्रयागराज की फूलपुर सीट से मुज्तबा सिद्दीकी को उम्मीदवार बनाया है।मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले रमेश बिंद की बेटी ज्योति को मझवां से टिकट दिया है। सपा ने जिन 4 सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। उसमें मीरापुर, कुंदरकी, खैर और गाजियाबाद सदर की सीट शामिल है।

6 में से 4 प्रत्याशी सीट छोड़ने वालों के परिवार से ही

फूलपुर और मझवां को छोड़ दिया जाए तो 4 सीटों पर परिवार के ही प्रत्याशी हैं। करहल की सीट अखिलेश के सांसद बनने के बाद खाली हुई थी। यहां से अखिलेश के परिवार से ही तेज प्रताप को टिकट दिया गया है।

कोलकाता रेप-मर्डर, सीबीआई चार्जशीट में 11 सबूत: ट्रेनी डॉक्टर ने संघर्ष किया था

कोलकाता: कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर रेप और मर्डर केस में सीबीआई ने आरोपी संजय रॉय के खिलाफ 11 सबूत इकट्ठा किए हैं। चार्जशीट में इन सभी सबूतों का जिक्र किया गया है और संजय रॉय को मुख्य आरोपी बनाया है। न्यूज एजेंसी ने चार्जशीट की कॉपी के हवाले से रिपोर्ट में कहा कि घटना के दौरान पीड़ित ने संजय का विरोध किया था। इस चार्जशीट में विक्टिम को V नाम से संबोधित किया गया है। सीबीआई ने कहा विक्टिम की बॉडी पर संजय का डीएनए पाया गया और छोटे बाल भी मिले। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मेडिकल कॉलेज में मिली थी। शुरुआती जांच के बाद 10 अगस्त को संजय रॉय को पुलिस ने अरेस्ट किया था। इस घटना के विरोध में ट्रेनी डॉक्टर भूख हड़ताल कर रहे हैं, जिसमें अब फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन भी शामिल हो गई है। आज फेमा देशभर में भूख हड़ताल कर रहा है।

सीबीआई की चार्जशीट के 3 पॉइंट्स

1. विक्टिम की बॉडी पर संजय के डीएनए की पुष्टि हुई है। छोटे बाल भी मिले हैं। संजय की जींस पर विक्टिम का ब्लड भी मिला है।
2. घटना के दौरान विक्टिम ने संजय का विरोध किया था। जिसकी वजह से संजय को चोट आई। विक्टिम के संघर्ष के निशान संजय की बॉडी पर मिले हैं।
3. जिस जगह घटना हुई, वहां भी संजय रॉय की मौजूदगी सीसीटीवी फुटेज में पाई गई है। इसके अलावा संजय की कॉल डिटेल रिपोर्ट और मोबाइल लोकेशन में भी यह कन्फर्म हुआ कि वो घटनास्थल पर मौजूद था।

पहली चार्जशीट में सीबीआई ने कहा था- गैंगरेप नहीं

सीबीआई ने पहली चार्जशीट में ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप की आशंका को नकार दिया था। सीबीआई ने कहा कि वारदात को संजय रॉय ने अकेले अंजाम दिया था। करीब 100 गवाहों के बयानों और 12 पॉलीग्राफ टेस्ट करने के बाद सीबीआई इस नतीजे पर पहुंची। संजय को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचाना था। फुटेज में वह 9 अगस्त की सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाता दिखाई दिया। इस दौरान उसने कानों में इयरफोन लगाया हुआ था। करीब 40 मिनट बाद वह हॉल से बाहर निकला तो उसके पास इयरफोन नहीं था। पुलिस को क्राइम सीन पर एक ब्लूटूथ इयरफोन मिला था, जो उसके फोन से कनेक्ट हो गया था। कोलकाता रेप-मर्डर के प्रदर्शन के दौरान हिरासत में ली गई 2 महिलाओं ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा है कि प्रदर्शन के दौरान उन्हें 8 से 11 सितंबर तक कस्टडी में रखा गया था। इस दौरान उनके साथ फिजिकल एब्यूज किया गया। जस्टिस राजश्री भारद्वाज ने मंगलवार को इस केस की जांच सीबीआई को सौंप दी।

हरियाणा में बीजेपी ने किया हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन, विरोधियों को दिखाया आईना

चंडीगढ़,(ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने एक बार फिर जीत हासिल की है, जिससे पार्टी हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। मंगलवार को हाए चुनावी नतीजों से यह साफ हो गया कि बीजेपी ने जीटी बैल्ट, जाटलैंड, बांगर और दक्षिण हरियाणा में शानदार प्रदर्शन किया है। बीजेपी ने कुल 90 सीटों में से 48 पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस को 37 सीटें मिली हैं। इनेलो और अन्य छोटे दलों को पांच सीटें ही मिल सकी। जेजेपी और आप का तो खाता भी नहीं खुल पाया। बीजेपी की यह जीत उन इलाकों में देखने को मिली है जहां पर एंटी-इन्कंबेंसी का माहौल था। हरियाणा की जीटी बेल्ट में अंबाला, करनाल, कुरुक्षेत्र और पानीपत शामिल हैं, जहां कुल 17 सीटें हैं। बीजेपी ने यहां 11 सीटें जीतीं, जिसमें करनाल की पांच सीटें शामिल हैं। अंबाला में बीजेपी के अनिल विज ने अपनी सीट बरकरार रखी है। जाटलैंड में सोनीपत, रोहतक, झज्जर, जींद, भिवानी और चरखी दादरी शामिल हैं। इस क्षेत्र में कुल 25 सीटें थीं, जिनमें बीजेपी ने 13 और कांग्रेस ने 10 सीटें हासिल की हैं। पिछले चुनाव की तुलना में बीजेपी ने यहां दोगुनी सीटें जीती हैं। दक्षिण हरियाणा के गुड़गांव, फरीदाबाद, नूंह, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और पलवल क्षेत्रों में बीजेपी ने 17 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस ने केवल 6 सीटें हासिल कीं हैं।

जम्मू में जवान का गोलियों से छलनी शव मिला:सर्चिंग के बाद बॉडी मिली

श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षा बलों को बुधवार को टेरिटोरियल आर्मी के एक जवान की बॉडी मिली है। उसके शरीर पर गोलियों के निशान हैं। आर्मी ने अभी किसी आतंकी हमले की बात नहीं कही है। जिस जवान की बॉडी मिली है, उसका नाम हिलाल अहमद भट है। भट अनंतनाग के मुखधामपोरा नौगाम के रहने वाले थे और 8 अक्टूबर को कोकेरनाग के काजवान फॉरेस्ट एरिया में मिलिट्री ऑपरेशन में गए थे। इसी दौरान वे लापता हो गए थे। उन्हें ढूंढने के लिए सुरक्षा बलों ने रात भर सर्च ऑपरेशन चलाया था। आज उनकी बॉडी अनंतनाग में सांगलान के जंगलों में मिली। हिलाल अहमद 4 साल पहले टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती हुए थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बच्चे और माता-पिता हैं।

पहले कहा था- आतंकियों ने 2 जवानों को किडनैप किया

पहले सुरक्षा बलों के सूत्रों ने कहा था कि आतंकियों ने अनंतनाग में 2 जवानों को किडनैप कर लिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा था कि टेरिटोरियल आर्मी के 2 जवानों को किडनैप किया गया है, जिसमें से एक भागने में कामयाब रहा। इसके बाद आर्मी ने एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

बॉर्डर पर लगातार सर्च ऑपरेशन, 4 दिन पहले 2 टेररिस्ट मारे

सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की खबर मिलने के बाद 4 अक्टूबर को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। यह ऑपरेशन कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में किया गया था। इसके बाद 5 अक्टूबर को सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया, उनके पास से गोला-बारूद बरामद किया गया था। बॉर्डर पर आतंकी घुसपैठ के मद्देनजर सुरक्षा बल लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

बम की धमकी के बावजूद 3.30 घंटे उड़ता रहा प्लेन:विस्तारा लंदन-दिल्ली फ्लाइट में मिला धमकी भरा टिश्यू पेपर; 5 घंटे से एयरपोर्ट पर फंसे पैसेंजर

नई दिल्ली : लंदन से दिल्ली आ रही विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट-यूके 18 में बम सूचना की खबर के बाद यात्रियों में पैनिक फैल गया। हालांकि, यह खबर झूठी निकली, लेकिन तलाशी तक यात्री घबरा गए। पैसेंजर ने कहा- पूरा रास्ता डर के बीच निकला। बम की सूचना बुधवार को फ्लाइट के दिल्ली पहुंचने के 3.30 घंटे पहले मिली। किसी ने टिश्यू पेपर पर यह लिखकर टॉयलेट में चिपका दिया कि फ्लाइट में बम है। फ्लाइट के दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद पूरी फ्लाइट और पैसेंजर्स की चेकिंग की गई। क्रू मेंबर ने टिश्यू पेपर निकाला और फिर एक-एक पैसेंजर का सामान चेक किया गया। हालांकि सामान में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस फ्लाइट में 300 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे।

क्रू मेंबर ने हर यात्री का सामान चेक किया, लेकिन कुछ नहीं मिला



- एक पैसेंजर राजीव गौतम ने भास्कर को बताया, 'बम होने की सूचना के बाद पूरा रास्ता डर के बीच गुजरा। फ्लाइट तय समय सुबह 11.20 बजे दिल्ली पहुंच गई, लेकिन इसे बिलकुल कोने में खड़ा किया गया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने पूरी फ्लाइट को घेर लिया।'
- उन्होंने बताया, 'फिर सभी यात्रियों को बारी-बारी उतारा गया। सबसे पहले बिजनेस क्लास पैसेंजर, फिर प्रिमियम इकोनॉमी और आखिर में इकोनॉमी पैसेंजर उतरे। सभी के हैंड बैगेज को चेक करने के लिए स्कैनिंग वैन बुलवाई गई। सारा सामान चेक होने के बाद पैसेंजर को डिपार्चर गेट के पास गेट नंबर 4 पर बैठाया गया। यहां एयरलाइन की तरफ से सभी यात्रियों को नाश्ता-पानी दिया गया। सारी जांच होने तक किसी भी यात्री को बाहर या कनेक्टिंग फ्लाइट वाले को भी जाने की इजाजत नहीं थी।'

कैबिन लगेज की फ्लाइट के बाहर स्कैनिंग

- यात्रियों का कैबिन लगेज भी फ्लाइट से उतारकर चेक किया गया। यात्रियों को बताया गया कि सभी सामान की जांच के बाद यात्रियों को दोबारा फ्लाइट के पास ले जाकर सामान की पहचान करवाई जाएगी। इसके बाद उन्हें दोबारा टर्मिनल के अंदर ले जाया जाएगा।
- सुरक्षा दल ने क्रू मेंबर और पायलट, को-पायलट के साथ भी पूछताछ की। उनसे पूछा गया, जब लैंडिंग के 3.30 घंटे पहले आपको बम होने जैसी सूचना मिल गई थी, तो इतना सफर कर दिल्ली आने तक का इंतजार क्यों किया गया? फ्लाइट को नजदीकी देश-शहर में लैंड करवाकर जांचा जा सकता था।
- बताया जा रहा है कि क्रू मेंबर-पायलट ने सफाई में कहा कि रास्ते में फ्लाइट लैंड करवाने पर सूचना लिखने वाले के द्वारा हाईजैक या किसी तरह की मांगे मनवाने का दबाव बनाया जा सकता था। इसलिए फ्लाइट कहीं और लैंड करवाने की जगह सीधे दिल्ली पहुंचे।

3 घंटे तक चलती रही जांच और पूछताछ

फ्लाइट करीब 11.20 बजे लैंड होने के बाद से जांच और पूछताछ की जा रही थी। दोपहर 2.30 बजे तक सभी पैसेंजर को वहीं बैठाए रखा गया था। कनेक्टिंग फ्लाइट वालों के लिए क्या व्यवस्था की जाएगी, इसकी भी सूचना किसी को नहीं दी गई।

सम्पादकीय

कोयलांचल संवाद 6

रांची, गुरुवार, 10 अक्टूबर, 2024

www.koylanchalsamvad.com

हरियाणा की जीत मोदी-शाह के लिए नया बूस्टर डोज

हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनने जा रही है। हरियाणा के नतीजों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को एक नया बूस्टर डोज दिया है। हरियाणा की यह जीत भारतीय जनता पार्टी संगठन की भगदड़ को रोकने के लिए भी एक बूस्टर डोज का काम करेगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी में भगदड़ की स्थिति देखने को मिली थी। हरियाणा की इस जीत से भाजपा को महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में एक नई मजबूती मिलना तय है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव ने भाजपा को ताकतवर बना दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव का एक असर यह भी पड़ेगा, राज्यों में और केंद्र में भाजपा के जो सहयोगी दल हैं। उन्हें नियंत्रित करके रख पाने में अब प्रधानमंत्री मोदी सफल होंगे। इसकी एक बानगी दिख गई है, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरियाणा की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। हरियाणा के चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के लिए एक सबक के रूप में भी देखे जा रहे हैं। महाराष्ट्र और झारखंड में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट एनसीपी शरद पवार झारखंड मुक्ति मोर्चा इत्यादि के साथ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस को विशेष सतर्कता बरतने का संदेश दे दिया है। लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद माना जा रहा था, कि भारतीय जनता पार्टी बहुत कमजोर हो गई है। मोदी और शाह को लगातार संगठन के अंदर से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर भी संघ परिवार ने दबाव बना लिया था। हरियाणा विधानसभा की जीत के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा संगठन में ताकतवर होकर उभरे हैं। सभी जगह यह माना जा रहा था, हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार तय है। लेकिन हरियाणा की हारी हुई बाजी को जीतकर एक बार फिर नरेंद्र मोदी ने अपना जादू भाजपा संगठन और संघ परिवार को बता दिया है। इस जादूई करिश्मा के बाद संघ परिवार के लिए भी बहुत आसान नहीं होगा, कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपेक्षा कर सकें। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम ने देश में एक नया राजनीतिक ध्रुवीकरण तैयार कर दिया है। चुनाव केवल धर्म और जाति के आधार पर नहीं लड़े जा सकते हैं। हरियाणा जैसे राज्य में जाट और गैर जाट का नारा देकर भाजपा ने एक नई रणनीति तैयार की है। इस नतीजे से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को सबक लेने की जरूरत है। जीत के 1000 कारण बताए जा सकते हैं। हार के भी 1000 कारण बताये जा सकते हैं। लेकिन जो जीता वही सिकंदर होता है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिकंदर के रूप में सामने आए हैं। उनकी जीत के जो कारण बताए जा रहे हैं। वह सही हैं या नहीं इसको लेकर कोई अंतिम तथ्य स्थापित नहीं किया जा सकता है। हां हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद एक बार फिर चुनाव आयोग, ईवीएम मशीन की बैटरी और चुनाव आयोग की भूमिका एक बार फिर चर्चाओं में आ गई है। भारत का चुनाव आयोग किस तरह से काम कर रहा है। उस पर कैसे विश्वास किया जा सकता है। इसको लेकर पहले भी कई बार आरोप-प्रत्यारोप लग चुके हैं। पहले कोई भी राजनीतिक दल इस मामले में खुलकर सामने नहीं आया था। एडीआर और स्वयंसेवी संगठन ईवीएम मशीन और चुनाव आयोग की भूमिका पर आंदोलन-प्रदर्शन कर रहे थे। हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद अब कांग्रेस ने चुनाव आयोग को निशाने पर लिया है। चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। चुनाव आयोग किसी की सुनता नहीं है। चुनाव आयोग में की गई शिकायतों पर आयोग चुप्पी साध लेता है। न्यायपालिका में भी सुनवाई नहीं होती है। ऐसी स्थिति में आगे कुछ होगा, इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बहरहाल अभी राजनीति के समीकरण वर्तमान सत्ता के पक्ष में हैं। न्यायपालिका और चुनाव आयोग भी सरकार से प्रभावित है। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है। समरथ को नहीं दोष गुसाईं। अभी समर्थता सत्ता पक्ष के पास में है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे हुए व्यक्ति जो करना चाहते हैं, वह कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में किसी चमत्कार अथवा न्याय-अन्याय की आशा करना पूर्णरुप से बेमानी है।

पत्रकारों की स्वतंत्रता को बल देती सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि पत्रकारों के विरुद्ध सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किया जाना चाहिए और संविधान के अनुच्छेद-19(1)(ए) के तहत पत्रकारों के अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति-नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये जहां राहतकारी है, वहीं पत्रकारिता को अधिक निडर, निर्भीक एवं बेवाक तरीके से अपना धर्म को निभाने को प्रेरित करती है। असल में विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर आलोचनात्मक होने पर पत्रकार दमन का शिकार बने हैं। कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई। कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा-कदा आती रहती हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ दर्ज होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेढ़ी खीर बन जाती है। निश्चित तौर पर ऐसे कदम पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं। निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के शिकार बने हैं। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में पत्रकार विभिन्न संकटों को झेलते हुए हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करते हैं। पत्रकार केवल खबरे पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की, उसने लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किये जाने की बात कहकर पत्रकारों को अधिक प्रखर, निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण होकर अपना धर्म निभाने का रास्ता साफ किया है। देखना है कि अदालत के इस फैसले का सरकारों एवं राजनीतिक दलों पर कितना असर होता है? अक्सर नेता, अधिकारी एवं मंत्री आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफ आक्रामक हो जाते हैं। अक्सर वे अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए पत्रकारों को दबाने एवं अपनी शर्तों पर पत्रकारिता कराने को बाध्य करते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी में देखने को मिली जब उन्होंने प्रेस वार्ता में एक महिला पत्रकार को बेहूदे तरीके से किसी पार्टी विशेष की पक्षधर होने का आरोप लगाया, इसी तरह अखिलेश यादव ने भी एक पत्रकार को भला-बूरा कहा। ये दृश्य समूचे देश ने देखें। यह एक स्वस्थ, आदर्श एवं जागरूक लोकतंत्र राष्ट्र के लिये अच्छा है कि अदालतें समय-समय पर अभिव्यक्ति की आजादी को संबल प्रदान करते हुए निर्भीक एवं स्वतंत्र पत्रकारिता को बल देती रही है। लेकिन विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारे राजनेता एवं सरकारें रह-रहकर पत्रकारों को डराने-धमकाने से बाज नहीं आते। हम देश में आम जनमानस को भी इतना जागरूक एवं सतर्क नहीं कर पाये कि वे अपने निष्पक्ष सूचना पाने के अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें। यही वजह है कि सच्चाई से पर्दा उठाने की कोशिश में वह निर्भीक पत्रकार के बचाव में खड़े नजर नहीं आते। वे ध्यान नहीं रखते कि उनके हित से जुड़ा कुछ सच सत्ताधीश छुपाना चाहते हैं। गलत नीतियां एवं भ्रष्टाचार इसीलिये पनपता है। राजनेता सत्ता की सुविधा के लिये मनमाफिक प्रचार तो चाहते हैं, लेकिन अपने दागों, भ्रष्ट आचरण एवं गलत नीतियों से जुड़े सच को सात पर्दों में रखना चाहते हैं। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक पत्रकार एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। यही कारण है कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए प्रेस को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं।

कुमारी पूजन से खुश हो जाती है मां!

> नारी को या तो कन्या भ्रूण हत्या के रूप में जन्म लेने से पहले ही समाप्त किया जा रहा है या फिर उसे दहेज की बलिवेदी पर जिंदा जला दिया जाता है। हद तो यह है कि नारी को जन्म लेने से पहले ही मार डालने और अगर जिंदा बच जाए तो विवाह होने पर दहेज के लिए प्रताडित करने में अधिकतर नारियों की भूमिका रहती है। हालांकि कहीं कहीं पुरूष भी पति देवर जेठ व ससुर के रूप में नारी को प्रताडित करने से बाज नहीं आते।सबसे पहले हमें अपने घर,आसपास, गांव शहर जहां भी नारी वजूद में है,उनका सम्मान करना चाहिए ,तभी नवरात्र का आध्यात्मिक व धार्मिक महत्व सार्थक हो सकता है।

डॉ श्रीगोपाल नारसन

शारदीय नवरात्र पर मां को खुश करने का फलदायी महत्व है।तभी तो देवी उपवास में कुमारी पूजन को परम आवश्यक माना गया है। तभी तो श्री दुर्गा सप्तशती का विधिपूर्वक पूजन करने के लिए मंत्र
नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्।उच्चारित कर
पंचोपचार पूजन करके यथाविधि श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए। सामर्थ्य हो तो नवरात्रि में प्रतिदिन, अन्यथा समाप्ति के दिन नौ कुमारियों के चरण धोकर उन्हें देवी रूप मानकर गंध-पुष्पादि से अर्चन कर श्रद्धा भाव के साथ यथारुचि मिष्ठान भोजन कराना चाहिए एवं वस्त्रादि से उनका सत्कार करना चाहिए। कुमारी पूजन में दस वर्ष तक की कन्याओं का अर्चन विशेष महत्व रखता है। दो वर्ष की कन्या कुमारी, तीन वर्ष की त्रिमूर्तिनी, चार वर्ष की कल्याणी, पांच वर्ष की रोहिणी, छः वर्ष की काली, सात वर्ष की चंडिका, आठ वर्ष की शाम्भवी, नौ वर्ष की दुर्गा और दस वर्ष वाली सुभद्रा स्वरूपा मानी जाती है। दुर्गा पूजा में प्रतिदिन की पूजा का विशेष महत्व है जिसमें प्रथम शैलपुत्री से लेकर नवम् सिद्धिदात्री तक नव दुर्गाओं की नव शक्तियों का और स्वरूपों का विशेष अर्चन किया जाता है।
जो कोई भी इसका पाठ करेगा "माँ जगदम्बा" की उसके ऊपर असीम कृपा होती है ऐसी मान्यता है। इस बारे में एक कथा भी है कि "सुरथ और "समाधी " नाम के राजा एवं वैश्य का मिलन किसी वन में होता है ,और वे दोनों अपने मन में विचार करते हैं, कि हमलोग राजा एवं सभी संपदाओं से युक्त होते हुए भी अपनों से विरक्त हैं ,किन्तु यहाँ वन में, ऋषि के आश्रम में, सभी जीव प्रसन्नता पूर्वक एकसाथ रहते हैं |यह आश्चर्य लगता है, कि क्या कारण है ,जो गाय के साथ सिंह भी निवास करता है, और कोई भय नहीं है,जब हमें अपनों ने परित्याग कर दिया, तो फिर अपनों की याद क्यों आती है? उन्हें ऋषि के द्वारा यह ज्ञात होता है कि यह उसी " महामाया " की कृपा है, जिसे मां दुर्गा के रूप में पूरा संसार जानता है।इस पर वे दोनों " दुर्गा" की आराधना करते हैं और "शप्तशती " के बारहवे अध्याय में आशीर्वाद प्राप्त करते हैं ,और अपने परिवार से उनका मिलन भी हो जाता हैं| दुर्गा सप्तशती पाठ करने से अलग अलग अध्य्याय का अलग अलग लाभ बताया गया है। जैसे प्रथम अध्याय- हर प्रकार की चिंता मिटाने के लिए। द्वितीय अध्याय- मुकदमा झगडा आदि में विजय पाने के लिए। तृतीय अध्याय- शत्रु से छुटकारा पाने के लिये। चतुर्थ अध्याय- भक्ति शक्ति तथा दर्शन के लिये। पंचम अध्याय- भक्ति शक्ति तथा दर्शन के लिए। षष्ठम अध्याय- डर, शक, बाधा हटाने के लिये। सप्तम अध्याय- हर कामना पूर्ण करने के लिये। अष्टम अध्याय- मिलाप व वशीकरण के लिये। नवम अध्याय- गुमशुदा की तलाश, हर प्रकार की कामना एवं पुत्र आदि के लिये। दशम अध्याय- गुमशुदा की तलाश, हर प्रकार की कामना एवं पुत्र आदि के लिये। एकादश अध्याय- व्यापार व सुख-संपत्ति की प्राप्ति के लिये। द्वादश अध्याय- मान-सम्मान तथा लाभ प्राप्ति के लिये। त्रयोदश अध्याय- भक्ति प्राप्ति के लिये।लेकिन चिंतन का विषय यह भी है कि इतनी पूजा पाठ के बाद भी आज शायद ही ऐसा कोई धर हो या बस्ती जहां नारी जिसे देवी माना गया है वह स्वयं को पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर सके। जबकि नारी के बिना समाज की कल्पना नही की जा सकती।पुरूष प्रधान कहे जाने वाले इस समाज में नारी देवी के रूप में पुजनीय है। नारी को शक्ति स्वरूपा भी कहा गया है। लेकिन जब नारी को सम्मान देने की बारी आती है तो लोगो का पुरूषोत्व जाग उठता है और नारी फिर भोग्या समझ ली जाती है। हालाकि देश में रानी लक्ष्मीबाई समेत अनेक ऐसी विरांगनाएं हुई हैं, जिन्होंने राष्टभक्ति और बहादुरी का इतिहास रचा तथा नारी को आत्मस्वाभिमान के सिहासंन पर बैठाया। वहीं नारी को ममता की मूरत बताते हुए उसे कोमल हृदय कहा जाता है। लेकिन फिर भी नारी का सम्मान और उसका अस्तित्व खतरे में है।
नारी को या तो कन्या भ्रूण हत्या के रूप में जन्म लेने से पहले ही समाप्त किया जा रहा है या फिर उसे दहेज की बलिवेदी पर जिंदा जला दिया जाता है। हद तो यह है कि नारी को जन्म लेने से पहले ही मार डालने और अगर जिंदा बच जाए तो विवाह होने पर दहेज के लिए प्रताडित करने में अधिकतर नारियों की भूमिका रहती है। हालांकि कहीं कहीं पुरूष भी पति देवर जेठ व ससुर के रूप में नारी को प्रताडित करने से बाज नहीं आते।सबसे पहले हमें अपने घर,आसपास, गांव शहर जहां भी नारी वजूद में है,उनका सम्मान करना चाहिए ,तभी नवरात्र का आध्यात्मिक व धार्मिक महत्व सार्थक हो सकता है।मौजूदा वासंतिक नवरात्र को सार्थक करने के लिए शास्त्रो में नवरात्र के पहले दिन मुखनिर्मालिका देवी के दर्शन का विधान है। कहते हैं देवी के निर्मल मुख के दर्शन से व्यक्ति के जीवन में भी निर्मलता का भाव उत्पन्न होता है। शक्ति के उपासक इस दिन शैलपुत्री देवी का दर्शन भी करते हैं।

बेहतर दुनिया बनाने के लिये मन को स्वस्थ करना जरूरी

> कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है। कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव और उससे जुड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ, नियोक्ताओं के लिए अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और उसे प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चला है कि कार्यस्थल पर ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी दबाव और तनाव महसूस कर रहे हैं और इसकी संख्या बढ़ती जा रही है। 55 प्रतिशत कर्मचारियों को लगता है कि उनका काम ज्यादा तीव्र और मांग वाला होता जा रहा है।

ललित गर्ग

मन की स्वस्थता शरीर की स्वस्थता से भी ज्यादा जरूरी है, क्योंकि जीवन की पूर्णता, सार्थकता एवं सफलता मानसिक स्वास्थ्य पर ही निर्भर है। मन से स्वस्थ व्यक्ति ही दुनिया का सबसे धनी व्यक्ति हो सकता है। मन स्वस्थ रहे एवं आगे से आगे मानसिक स्वास्थ्य बढ़ता जाये, इसी उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डालने, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने वाले लोगों का समर्थन करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का महत्व मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक प्राथमिकता बनाने के अपने मिशन में निहित है। यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पहल को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 के लिए थीम 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य' की घोषणा की है। मानसिक स्वास्थ्य मानसिक तंदुरुस्ती की एक ऐसी स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों से निपटने, अपनी क्षमताओं को पहचानने, अच्छी तरह से सीखने और काम करने तथा अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम बनाती है। यह स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती का एक अभिन्न अंग है जो निर्णय लेने, संबंध बनाने और जिस दुनिया में हम रहते हैं उसे आकार देने की हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक क्षमताओं को रेखांकित करता है।
सुरक्षित, मनोरम, हास्यवर्द्धक, भाररहित, सहायक कार्य वातावरण मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सुरक्षात्मक भूमिका निभाते हैं। हालाँकि भेदभाव, उत्पीड़न, असुरक्षित और खराब कार्य स्थितियों जैसी अस्वस्थ स्थितियाँ मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकती हैं। ये चुनौतियाँ जीवन की समग्र गुणवत्ता, कार्य भागीदारी और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। भारतीय परिप्रेक्ष्य में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को ताजा करने और एक स्वस्थ और खुशहाल कार्य वातावरण बनाने की ज्यादा अपेक्षा है। शोध के अनुसार, 6 व्यक्तियों में से 1 व्यक्ति कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करता है और हर साल 12 बिलियन कार्य दिवस अवसाद, तनाव और चिंता के कारण बर्बाद हो जाते हैं। देश में कार्यस्थलों में बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता की स्पष्ट आवश्यकता है, जिससे न केवल व्यक्ति को बल्कि संगठन को भी लाभ होगा। वास्तव में, जो कर्मचारी खुश रहते हैं वे 13 प्रतिशत अधिक उत्पादक होते हैं, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना व्यावसायिक रूप से समझदारी है। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकता है। जैसे शरीर की सफाई दिन में कई बार आवश्यक है, वैसे ही मन की सफाई कई बार होनी चाहिए। मिल या अन्य औद्योगिक ईकाइयों में काम करने वालों का कपड़ा थोड़ा-थोड़ा करके शाम तक खराब हो जाता है, वैसे ही मन भी कार्यस्थलों पर तरह-तरह के संकटों, तनावों एवं परेशानियों से खराब होता है। इसके लिये लंबी, गहरी सांस से मानसिक स्वास्थ्य की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। मन से लड़े नहीं, बल्कि उसे समझाएं। प्रमोदभाव-गुणात्मक दृष्टि का विकास करें। मन को वॉचमैन बनाकर रखिये। क्योंकि जीने का वास्तविक अर्थ है हर पल स्वयं के द्वारा स्वयं का निरीक्षण। देखना है कि मन कब राग-द्वेष, तनाव, अवसाद, विकास एवं कुंठाग्रस्त हो रहा है।
कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है। कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव और उससे जुड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ, नियोक्ताओं के लिए अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और उसे प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चला है कि कार्यस्थल पर ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी दबाव और तनाव महसूस कर रहे हैं और इसकी संख्या बढ़ती जा रही है। 55 प्रतिशत कर्मचारियों को लगता है कि उनका काम ज्यादा तीव्र और मांग वाला होता जा रहा है। इसके अलावा, शोध से पता चलता है कि ब्रिटेन के पाँच में से एक कर्मचारी ने कार्यस्थल पर तनाव और दबाव को प्रबंधित करने में असमर्थता महसूस की। लगभग ऐसी ही स्थितियां भारत में भी देखने को मिल रही है। भारी कार्यभार, तंग समय सीमा और सहायता की कमी जैसे तनाव कर्मचारियों में चिंता, तनाव, अवसाद और बर्नआउट का कारण बन सकते हैं। कई कर्मचारी कमजोर समझे जाने, संभावित रूप से अपनी नौकरी खोने या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी परेशानियों के कारण मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने से डरते हैं। नियोक्ता अपने कर्मचारियों के बीच मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की आम बात को तेजी से पहचान रहे हैं और कर्मचारियों को उनके मानसिक स्वास्थ्य को समझने और प्रबंधित करने में मदद करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।
भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो-साइंसेज के आँकड़ों के अनुसार, ज्ञान की कमी, मानसिक बीमारी के कलंक और देखभाल की उच्च लागत जैसे कई कारणों की वजह से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों की देखभाल सेवाओं तक पहुँच नहीं है। वर्ष 2012-2030 के दौरान मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण 1.03 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को प्रायः कलंकित किया जाता है और गलत समझा जाता है। कई व्यक्ति एवं परिवार सामाजिक भेदभाव के डर और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण मदद लेने से झिझकते हैं। स्त्रियों एवं पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य में असमानताओं में उनके लैंगिक भिन्नताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत में महिलाओं को अवसाद, चिंता और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है तथा उनके पास मदद मांगने हेतु स्वायत्तता अक्सर सीमित होती है। गरीबी और आर्थिक असमानता मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वृद्धि में योगदान देती है। वित्तीय अस्थिरता के चलते तनाव और शैक्षिक अवसरों की सीमितता भी मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य के समान रूप से महत्वपूर्ण घटक हैं। उदाहरण के लिए, अवसाद कई प्रकार की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं, विशेष रूप से मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी दीर्घकालिक स्थितियों के जोखिम को बढ़ाता है। इसी तरह, पुरानी स्थितियों की उपस्थिति मानसिक बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकती है। प्रतिकूल बचपन के अनुभव, जैसे आघात या दुर्व्यवहार का इतिहास उदाहरण के लिए, बाल दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न, हिंसा देखना, आदि। अन्य चल रही दीर्घकालिक चिकित्सा स्थितियों से संबंधित अनुभव, जैसे कि दर्दनाक मस्तिष्क की चोट, कैंसर, या मधुमेह।

सोचना मत जोर कितना बाजुए कातिल में है

राकेश अचल

लिखना तो नहीं चाहिए, लेकिन लिख रहा हूँ, क्योंकि नहीं लिखूंगा तो अपराध बोध सताता रहेगा। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के नतीजे ठीक वैसे ही आये हैं जैसे मै सोच रहा था। मैंने पहले ही कहा था कि - जब हथेली पर आम उगाया जा सकता है तो बर्फ में कमल भी खिलाया जा सकता है। कमल बर्फ में भी खिला है और मैदान में भी। इसके लिए बधाई दूंगा सत्तारूढ़ भाजपा को और उस प्रबंधन को जो जनादेश और हवाओं पर भी भारी पड़ा। बधाई जीते हुए सभी दलों के प्रत्याशियों को और संवेदना जीत कर भी हारे सभी दलों केतमाम प्रत्याशियों को।
हरियाणा में लोकतंत्र जीता या हारा? इस मुद्दे पर बहस अब बेमानी है। बेमानी इसलिए है क्योंकि अब भारत के चुनाव उस दौर में आ चुके हैं जहां ईमान की परिभाषा ही बदल गयी है। एक जमाना था जब दुनिया भारत के चुनाव इसलिए दिलचस्पी से देखती थी ,क्योंकि यहां चुनाव एक यज्ञ की तरह था। लेकिन अब चुनावों में न दुनिया की दिलचस्पी रही और न आने वाले दिनों में आम जनता की दिलचस्पी रहेगी। जनता अगर भाजपा को 400 पार करने से रोकेगी तो उसे पलटकर जबाब मिलेगा। जबाब मिल रहा है। अब भारत के चुनावों में आप किसी एक को निशाने पर नहीं रख सकते। अब चुनाव में मशीनें, केंचुआ,और जादूगर तक शामिल हो गए हैं। हमने बचपन में सुना था कि जादूगर या उनकी प्रजाति के लोग बरसात में पानी बाँध देते हैं,शादियों के मौसम में आँधियों को रोक देते हैं लेकिन बुढ़ापे में हम और आप ऐसा होते देख रहे हैं। पिछले साल राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की आंधी को जादू से रोक दिया गया। 2024 के आम चुनाव में जादू कम चला, लेकिन चला, लेकिन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में ये जादू फिर पुरअसर नजर आ रहा है। जहाँ भाजपा को हारना था,वहां भाजपा अप्रत्याशित तरीके से जीती है। भाजपा को जीत का मंत्र मिल गया है। हवाएं लाख भाजपा के खिलाफ चलें लेकिन भाजपा आगे भी सभी चुनाव जीतेगी। भाजपा चुनाव जीत रही है इसका मतलब ये तो नहीं कि भारत में चुनाव होना बंद हो जायेंगे। चुनाव तो होंगे लेकिन अब चुनावों में वैसा उत्साह नहीं होगा जैसा अभी तक होता आया था। भाजपा को कांग्रेस बनने के लिए अभी और कई चुनाव जीतना हैं और वो जीतेगी। कांग्रेस चुनाव जीतती थी अपने संगठन और विचारधारा के कारण। अपने नारों के कारण, अपनी विरासत के कारण लेकिन अब इन्हीं वजहों से कांग्रेस हार भी रही है। कांग्रेस हार रही है इसका सीधा सा अर्थ ये है कि अब भाजपा से कोई दूसरा दल लोहा ले भी नहीं सकता। अब कांग्रेस के वजूद का संकट नहीं है ,संकट उन क्षेत्रीय दलों के वजूद का है जो पिछले चार दशक में दक्षिण की तरह गोबर पट्टी में भी कुकुरमुत्तों की तरह उग आये थे। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधान सभा के चुनावों में कांग्रेस तो जैसे -तैसे भाजपा के प्रबंधन और जादू के बावजूद अपने वजूद को बचाने में कामयाब हो गयी लेकिन क्षेत्रीय दलों का या तो सूपड़ा साफ़ हो गया या वे चुनाव लड़ते हुए बुरी तरह से जख्मी कर दिए गए। ये सब इसलिए हुआ क्योंकि इन दलों ने न गठबंधन का महत्व समझा और न जनमानस की अपेक्षाओं को पहचाना। दूसरे प्रदेशों की तो जाने दीजिये लेकिन हरियाणा के चुनावीं महाभारत में तमाम सरे लाल चित हो गए। भाजपा जिस परिवारवाद को लेकर चुनावी मैदान में उतरी थी उसने अपना काम कर दिखाया। लेकिन जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़े अब्दुल्ला ख़ानदान को भाजपा चाहकर भी चित नहीं कर पायी या उसने जानबूझकर अब्दुल्ला परिवार से पंगा नहीं लिया ये आने वाले दिनों में पता चलेगा। विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ दल पर बेईमानी का आरोप मै इसलिए नहीं लगाऊंगा क्योंकि ऐसा करने से ईमानदारी को आघात पहुंचेगा। ईमानदारी से भाजपा का दूर-दूर का रिश्ता नहीं है। कांग्रेस को उसी समय सावधान हो जाना चाहिए था जब हरियाणा के नबाब सिंह सैनी ने ये रहस्योद्घाटन कर दिया था कि उन्होंने जीत का इंतजाम कर लिया है। चुनाव से एक दिन पहले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी जी ने भी सैनी की बात कोई पुष्टि की थी। चुनाव जीतने के लिए इंतजाम करना भाजपा का मौलिक अधिकार है। कांग्रेस को भी ये अधिकार है लेकिन सत्ता उसके पास नहीं है इसलिए वो चाहकर भी अपनी जीत सुनिश्चित नहीं कर सकती थी। लेकिन इन चुनाव परिणामों से एक बात जाहिर है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस का काम और बढ़ गया है। अगले महीने महाराष्ट्र में भी विधानसभा के चुनाव हैं। बिहार और झारखण्ड में भी विधानसभा के चुनाव होना है। भाजपा जिस तरीका- ये - वारदात से मप्र,छग और राजस्थान के बाद हरियाणा जीती है उसी तरीके से महाराष्ट्र भी जीत सकती है, बिहार भी जीत सकती है।

मानसिक स्वास्थ्य समस्या के लक्षण एवं निदान

हर व्यक्ति की अपनी अलग मानसिकता और मानसिक पहचान होती है। परन्तु जीवन के ये उतार-चढ़ाव कभी-कभी हमारे और आपके नियंत्रण में नहीं होते है। हर किसी के जीवन में अच्छे और बुरे, दोनों प्रकार के, दिन होते हैं, लेकिन अवसाद, चिंता या बाइपोलर विकार के लक्षणों आपके रोजमर्रा के जीवन और कार्यों को पूरा करना मुश्किल बनाते हैं। इनसे कार्यस्थल या रिश्तों सहित किसी भी स्थिति में चुनौतीपूर्ण भावनाएं पैदा हो सकती हैं, और इन भावनाओं का आपके कार्य क्षमता में गंभीरता से हस्तक्षेप करने से पहले आपको इन्हे नियंत्रित करना आवश्यक है।

मनुष्य की बीमारी के दो स्थान होते हैं।पहला शरीर और दूसरा मन ,यदि मन अस्वस्थ्य रहता हैं तो उसका प्रभाव शरीर पर पड़ता हैं और यदि शरीर दुखी हैं तो उसका प्रभाव मन पर पड़ता हैं। दोनों एक दूसरे के पूरक होते हैं।शरीर के अस्वस्थ्य होने में जहाँ दोष (वात ,पित्त कफ) सात धातुएं (रस,रक्त मांस ,मेद, अस्थि ,मज्जा, शुक्र) और अठारह प्रकार केमल का हीन या अति अवस्था में होना रोग और समान अवस्था में लाना चिकित्सा हैं। इसी प्रकार मानसिक रोगों में सत्त्व ,रज. तम प्रवति में से अधिकतम राजसिक और तामसिक प्रवत्ति के लोग अधिक होते हैं।

आज हमारा भोजन जिसका प्रभाव हमारे शरीर और मन पर पड़ता हैं अधिकांश हम लोग राजसिक और तामसिक भोजन को ग्रहण करते हैं। जैसे अधिक मसालेदार खाना खाना, अधिक शराब, मांसाहार, मछली अंडा का खाना और दिन रात अनचाहे शौक का पालना ,ऐसे माहौल में रहना जहाँ दिन रात तनाव ,भोग विलास और आर्थिक दौड़ में अपना समय बिताना।

हर व्यक्ति की अपनी अलग मानसिकता और मानसिक पहचान होती है। परन्तु जीवन के ये उतार-चढ़ाव कभी-कभी हमारे और आपके नियंत्रण में नहीं होते है। हर किसी के जीवन में अच्छे और बुरे, दोनों प्रकार के, दिन होते हैं, लेकिन अवसाद, चिंता या बाइपोलर विकार के लक्षणों आपके रोजमर्रा के जीवन और कार्यों को पूरा करना मुश्किल बनाते हैं। इनसे कार्यस्थल या रिश्तों सहित किसी भी स्थिति में चुनौतीपूर्ण भावनाएं पैदा हो सकती हैं, और इन भावनाओं का आपके कार्य क्षमता में गंभीरता से हस्तक्षेप करने से पहले आपको इन्हे नियंत्रित करना आवश्यक है।

अक्सर आपके दोस्त, पडोसी, सहकर्मी और यहाँ तक कि परिवार के सदस्य भावनात्मक रूप से पीड़ित होते हैं, परन्तु जिनके निदान के लिए वे आपकी कभी मदद भी नहीं लेते हैं। कभी-कभी मानसिक बीमारियों की पहचान करना थोड़ा कठिन होता है, परन्तु ऐसे संकेतों की पहचान करना बहुत जरुरी होता है जिनका समय से इलाज करना रोगी के जीवन के जोखिमों को कम करता है।यहां हम मानसिक बीमारी के लक्षणों के बारे में बताएंगे, जिनके लिए ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

मानसिक स्वास्थ्य समस्या के लक्षण

व्यक्तित्व में परिवर्तन

अगर कोई बहुत अलग व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहा है, या किसी और की तरह अभिनय या महसूस कर रहा है, यह एक गंभीर मानसिक बीमारी का संकेत है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति साकारात्मक सोच से नकारात्मक प्रवृति की तरफ बढ़ता है, जो लम्बे समय तक रहने पर बहुत खतरनाक और गंभीर रूप भी धारण कर सकती है। आपको अचानक या धीरे-धीरे मानसिक बदलावों के बारे में महसूस होता है, जिससे व्यक्ति विशेष रूप से या अलग-अलग तरीकों से व्यवहार करता है।

भावनाओं में परिवर्तन

लगातार और अस्वाभाविक चिंता, क्रोध और भावना जैसी गंभीर परिवर्तन की उपस्थिति मानसिक बीमारी का एक संकेत होता है। आप देख सकते हैं कि व्यक्ति को उसके गुस्से को नियंत्रित करने में अधिक समस्याएं होती हैं, जो चिड़चिड़ा हो जाता हैं और शांत होने में असमर्थ होता हैं। इस प्रकार की खराब स्थितियों में लोगों को नींद भी नहीं आती हैं और एक छोटी सी समस्या पर अधिक गुस्सा आ सकता है।

समाज से दूरी बनाना

अगर कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से कटा-कटा रहता है, सामाजिक कार्य को नज़रअंदाज़ कर रहा है, या ज्यादा समय तक अकेला रहना शुरू करता है, तो यह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की एक गंभीर चेतावनी हो सकती है। सामाजिक रूप से जुड़ा व्यक्ति परिवार और दोस्तों से भी दूर हो सकता है। यह संकेत किसी व्यक्ति की मानसिक स्वास्थ्य में बदलाव के रूप में प्रदर्शित होता है, और व्यक्ति आमतौर पर सामाजिक सहायता से दूर रहता है।

जोखिम भरा व्यवहार

मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों वाले व्यक्ति अक्सर अपने स्वास्थ्य, स्वछता का ख्याल नहीं रखते हैं या किसी कार्य में खराब निर्णय देते हैं, और हमेशा जोखिमपूर्ण व्यवहार में रहते हैं। इसके अलावा, स्वच्छता की कमी और उपस्थिति का अभाव, एक मानसिक स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। उदाहरण के लिए, व्यक्ति शराब या अवैध पदार्थों का दुरुपयोग शुरू कर सकता है या अन्य आत्म-विनाशकारी व्यवहार में शामिल हो सकता है जो कि उसके प्रियजनों को परेशानी में डाल सकता है।

निराशा और घबराहट होना-

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयां अक्सर लोगों को छोड़ देने और जीवन जीना उनके लिए बहुत कठिन हो जाता है और सोचते हैं कि वे खुद को फिर से कभी सामान्य महसूस नहीं कर सकेंगे। ऐसा व्यक्ति लंबे समय तक दुखी, निष्ठा की भावना और अपराधी महसूस करता है। इस स्थिति में व्यक्ति कह सकता है कि दुनिया उनके बिना बेहतर होगी।

मानव वर्तमान में न जीकर भूतकाल की यादों में जीता हैं या भविष्य की योजनाओं में डूबा हैं और वर्तमान की ओर कोई ध्यान नहीं रखता।जबकि वर्तमान हमारा जितना स्वस्थ्य होगा भविष्य हमारा सुखद होगा. मानसिक विकार हमारी सोच पर निर्धारित होता हैं और आज मानसिक रोगी भी शारीरिक रोगी से अधिक होते जा रहे हैं। बिना उद्देश्य के भागे जा रहेहैं और धैर्य के आभाव में शीघ्र सब कुछ पाना चाहते हैं और अन्यों को अपने अनुसार चलाना चाहते हैं। इसीलिए कहा गया हैं अधिक चाह अधिक तनाव ,कम चाह कम तनाव और कोई चाह नहीं कोई तनाव नहीं. चुनाव आपका।

ट्रेंडी लुक वाले फुटवेयर करें ट्राई

अगर आप परंपरागत सैंडल और फुटवेयर से बोर हो गयीं हैं और नया ट्राई करना चाहती हैं तो ट्रेंडी लुक वाले फुटवेयर ट्राई करें। वहीं राजस्थानी चप्पल और जूतियां भी आपका ध्यान जरूर आकर्षित करेंगी। इनपर किये गए बारीक काम इन्हें अलग लुक देते हैं। सूट या किसी भी परिधान के साथ इन्हें पहना जा सकता है और ये बहुत आरामदेय हैं।

राजस्थानी एथनिक वेअर चप्पल डिजाइंस जो खूबसूरत होने के साथ साथ बहुत ही कलरफुल भी हैं।

वेलवेट वेजिस हील सैंडल

यह वेज हील सैंडल रोजाना या किसी अवसर पर पहनने के लिए उपयुक्त है। काले रंग के इन सेंडल्स पर मल्टीकलर कढ़ाई की गयी है। राजस्थानी लुक वाली यह सैंडल आपको एक अलग लुक देगी। राजस्थानी परम्परा का एक खूबसूरत नमूना है। इन सेंडल्स पर सुन्दर रंगों से काम किया गया है। किसी भी भारतीय ड्रेस के साथ इसे पहना जा सकता है।

ट्रेडिशनल फुटवियर

इन सेंडल्स को पहन कर आपको रॉयल लुक मिलेगा। इस सैंडल पर मोरपंख के डिजाइन की ज़री की कढ़ाई की गयी है और इसके पॉइंटेड नोक सैंडल को अलग ही लुक दे रहे है। स्टाइलिस्ट ऑउटफिट के साथ इन्हें पहन कर अपने लुक को बेहतरीन बनाएं।

राजस्थानी जयपुरी जूती

रंग बिरंगी जयपुरी जूती की तो बात ही अलग है।इस पूरी जूती पर अलग अलग रंगों से काम किया गया है और ऊपर वाले भाग पर मोती जड़े गए है।

मल्टीकलर सिंथेटिक लेदर वेडिंग वियर

हर खास मोके पर इन राजस्थानी स्लिपर्स को पहने और तारीफें बटोरें। इन पर मल्टीकलर रेशम की कढ़ाई और ज़री बिंदी का काम किया गया है। उच्च गुणवत्ता से बनी यह स्लीपर्स सुंदर के साथ साथ टिकाऊ और आरामदायक भी हैं।

राजस्थानी एथनिक सैंडल

फॉक्स लेदर से बनी यह सैंडल पूरी तरह से एथनिक और पारंपरिक है। यह बहुत ही हल्की है और रोजाना पहनने के लिए भी उपयुक्त है। काले रंग की इस वेलवेट राजस्थानी जूती पर गोल्डेन का काम इसे पार्टी वियर बना रहा है। इस जूती का डिजाइन अलग और ट्रेंडी है।

जयपुरी जूती

यह मल्टीकलर राजस्थानी जयपुरी जूती पारम्परिक लुक को कम्पलीट करने के लिए परफेक्ट है।इस जूती को आप किसी भी रंग के परिधान के साथ पहन सकती है। जयपुरी राजस्थानी सैंडल पर सुन्दर काम किया गया है और इसका डिजाइन बहुत ही यूनिक है। इस तरह के फुटवियर को आप किसी भी तरह की ड्रेस के साथ पहन कर अपनी सुंदरता को और भी निखार सकती है।

योगा करवाएं अपने बच्चों से

बच्चों को अगर कम उम्र में ही योग की शिक्षा दी जाए तो यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास दोनों के लिए फायदेमंद है। इससे बच्चों का इम्यून (रोग प्रतिरोधी) सिस्टम मजबूत होता है और बीमारियों का खतरा नहीं रहता। सूर्य नमस्कार से चंचल बच्चों का मन शांत रहता है। योगासन बच्चों को तनावमुक्त करते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। इसलिए बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए योगासन कराना बहुत जरूरी है।

बच्चों को योग कराते समय इन बातों का रखें ख्याल

बच्चों का शरीर बहुत लचीला होता है, इसलिए उनसे कोई भी कठिन योगासन न करवाएं और योग कराते समय आप उनके साथ रहें। जब बच्चे की योग में रूचि बढ़ जाए तो उन्हें और अलग-अलग तरह के योग सिखाएं।

भुजंगासन

यह आसन बच्चों के हाथ और कंधों को मजबूत करने के लिए काफी फायदेमंद है, साथ ही में इसे करने से शरीर के बाकी अंग भी स्वस्थ रहते हैं। इसे करने के लिए पेट के बल लेट जाएं और दोनों हाथों को कंधों के पास रख कर सांस लेते हुए शरीर के अगले भाग को नाभि तक ऊपर उठाएं। ध्यान रखें कि कमर में ज्यादा खिचाव न आएं। कुछ देर बाद सांस छोड़ते हुए पहली स्थिति में वापिस आ जाएं।

उत्तानासन

इस आसन को करने से बच्चों के दिमाग में खून का बहाव बढ़ जाता है और तनाव कम होता है साथ ही जांघों में ताकत आ जाती है। इसे करने के लिए सीधे खड़े होकर शरीर को कमर से नीचे की तरफ मोड़ते हुए दोनों हाथों को जमीन पर लगाएं।

बालासन

यह आसन उन बच्चों के लिए फायदेमंद है जो बहुत चंचल और नटखट होते हैं। इसे करने से मन शांत रहता है। इसके लिए एड़ियों पर बैठ जाएं और आगे की तरफ झुकते हुए कूल्हों को एड़ियों पर रखें। फिर माथे को जमीन पर रखें। हाथों को शरीर के दोनों ओर से आगे की ओर बढ़ाते हुए जमीन पर रखें। कुछ देर बाद धीरे से उठकर एड़ी पर बैठ जाएं और रीढ़ की हड्डी को धीरे-धीरे सीधा करें। फिर समान्य स्थिति में आ जाएं।

ईरान ने तैनात किए लेजर साइलेंट हंटर, इजराइली हमले को करेंगे नाकाम

तेलअवीव,(ईएमएस)। इजराइल पर सैकड़ों मिसाइलें दागने के बाद अब यहूदी देश पलटवार करने की तैयारी में है। इसको देखते ईरान ने अपने सभी रक्षात्मक हथियारों को अलर्ट मोड पर रखा दिया है। ताजा तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि ईरान ने चीन से खरीदे अपने लेजर डायरेक्टेड एनर्जी वेपन यानी साइलेंट हंटर को तैनात कर दिया है। जो इजराइली हमलों को नाकाम बनाएंगे। चीनी एंटी ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन को चक्कर में डाल देता है और उस पर निशाना साधकर गिरा देता है। ईरान ने इसके अलावा कई और एंटी ड्रोन सिस्टम को भी तैनात कर दिए हैं। यह वही ईरान है जिसने रूस से लेकर कई देशों को बहुत बड़े पैमाने पर किलर ड्रोन दिए हैं।

अब ईरान को भी इजराइल से इन्हीं विस्फोटक ड्रोन का खतरा है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि ईरान ने राजधानी तेहरान में इन ड्रोन सिस्टम को तैनात कर दिया है। इस सिस्टम को तब तैनात किया गया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने और तकरीर करने सार्वजनिक रुप से जनता के सामने आए थे। माना जा रहा है कि ईरान को डर सता रहा था कि इजराइल खामेनेई को निशाना बना सकता है।

इस तकरीर में खामेनेई ने इजराइल पर मिसाइलों की बारिश करने के फैसले का बचाव किया था। खामेनेई ने हमास आतंकियों के 7 अक्टूबर के हमले की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आगे भी ईरान से जुड़े संगठन इजराइल द्वारा की गई हत्याओं के बाद भी हमले जारी रखेंगे। बताया जा रहा है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब ईरान ने चीन के बने साइलेंट हंटर तैनात किए हैं। यह ड्रोन सिस्टम एक ट्रक पर लगाया गया है। इसमें एक रडार लगा होता है जो ड्रोन की पहचान करके उसे ट्रैक करता है। चीन का दावा है कि यह ड्रोन सिस्टम 5 किमी दूर से ड्रोन की पहचान कर लेता है।

चीन के मुताबिक इस लेजर सिस्टम में 10 से 20 किलोवाट पावर रेंज होती है। यह ड्रोन को अंधा करने की ताकत रखता है। साथ ही 3 किमी तक यह ड्रोन को चक्कर में डाल सकता है। इसके अलावा यह सिस्टम डेढ़ किमी की रेंज में कुछ लक्ष्यों को तबाह कर सकता है। चीन का कहना है कि यह लेजर एक बार में 3 मिनट तक काम करता है। इसके बाद इसे चार्ज होने में 5 मनिट लगते हैं। फिर यह दोबारा हमला कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि ड्रोन को चक्कर में डाल देना भी बहुत अहम है। इस तरह के एंटी ड्रोन सिस्टम चीन ने सऊदी अरब समेत कई देशों को बेचे हैं।

हिज़बुल्लाह के नए प्रमुख हाशेम सफीदीन की इजरायली हमले में मौत

तेल अवीव(ईएमएस)। हिज़बुल्लाह के नए प्रमुख हाशेम सफीदीन की मौत इजरायली हमले में मंगलवार को हुई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी घोषणा करते हुए लेबनान के नागरिकों को कड़ा संदेश दिया। पीएम ने कहा हमने हिज़बुल्लाह की ताकत को कमजोर कर दिया है, उसके हजारों आतंकियों को मार गिराया है। अब इस संगठन का फिर से खड़ा होना वर्षों तक मुश्किल होगा।उन्होंने लेबनान की जनता से अपील की कि वे हिज़बुल्लाह के आतंकवादियों को अपने देश से निकाल दें, नहीं तो उन्हें भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा।

नेतन्याहू ने यह भी कहा, यह लेबनान के लोगों पर निर्भर करता है कि वे अपने देश को शांति और समृद्धि के रास्ते पर लाना चाहते हैं या नहीं। अगर आप हिज़बुल्लाह को पनाह देंगे, तो हम उसे आपके घरों से निकाल कर मारेंगे। इससे पहले, इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने हाशेम सफीदीन के मारे जाने की पुष्टि की थी। सफीदीन, हिज़बुल्लाह के लंबे समय से प्रमुख हसन नसरल्लाह के बाद संगठन का नियंत्रण संभाल रहा था। इजरायल और हिज़बुल्लाह के बीच संघर्ष कई महीनों से तीव्र हो चुका है, और इजरायल ने लेबनान में हिज़बुल्लाह के ठिकानों पर लगातार हमले तेज कर दिए हैं।बीते 24 घंटों में इजरायली सेना ने लेबनान पर 137 हवाई हमले किए, जिनमें से अधिकांश दक्षिणी लेबनान, बेरूत और बेका घाटी को निशाना बनाकर किए गए। इन हमलों के चलते हजारों लोग दक्षिणी लेबनान से पलायन कर चुके हैं, और कई लोगों ने बंकरों में शरण ली है। अनुमान है कि लेबनान में 10 लाख से अधिक लोग बेघर हो चुके हैं। इजरायल ने इस बीच सीरिया की राजधानी दमिश्क पर भी हवाई हमले किए, जिसमें ईरान के दूतावास के पास एक बिल्डिंग को नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा, इजरायली डिफेंस फोर्स ने एक अंडरग्राउंड टनल का पता लगाया, जो लेबनान से इजरायली इलाके में फैली हुई थी। इस टनल में हिज़बुल्लाह के हथियार, विस्फोटक उपकरण और एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलें मिलीं।

आतंकी ओसामा के बेटे उमर की फ्रांस में नो एंट्री.....सरकारी आदेश पर दस्तखत

पेरिस (ईएमएस)। फ्रांस ने आतंकी ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के देश लौटने पर हमेशा के लिए रोक लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रितेयू ने इस आदेश पर दस्तखत किया। गृह मंत्री ने कहा कि अब उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने की उम्मीद हमेशा के लिए खत्म हो चुकी है।

रितेयू ने कहा कि उमर ने सोशल मीडिया पर आतंक को बढ़ावा देने से जुड़े पोस्ट किए थे। 43 साल का उमर फ्रांस के नॉरमंडी में 2016 से रह रहा था। उमर ने ब्रिटिश नागरिक जैना मोहम्मद अल-सबा (जेन फेलिक्स ब्राउन) से शादी की थी, जिसके बाद उमर को फ्रांस में रहने की अनुमति मिली थी। यहां पर वह पेंटिंग कर अपना जीवन यापन करता था। पिछले साल उमर ने पिता ओसामा बिन लादेन के जन्मदिन पर एक पोस्ट किया था। इमसें पिता की तारीफ की थी। उमर की इस पोस्ट को आतंकवाद के समर्थन के तौर पर देखा गया था। इसके बाद उसका फ्रांस में रहने का परमिट दो साल के लिए रद्द कर दिया गया था। इसके बाद वह पत्नी के साथ कतर चला गया था।

ओसामा का चौथा बेटा है उमर, अलकायदा कैंप में ट्रेनिंग भी ली थी उमर बिन लादेन का जन्म 1981 में सऊदी अरब में हुआ था। वह ओसामा का चौथा बेटा है। उमर बिन लादेन अपने पिता के साथ 1991 से लेकर 1996 तक सूडान में रहा था। इस दौरान उमर को अलकायदा का अगला वारिस माना जाने लगा था।

लाओस में आसियान सम्मेलन के दौरान रिट्रीट सत्र में एक दूसरे से चर्चा करते हुए सदस्य।



सीरिया में इजरायली हमले में ध्वस्त एक इमारत। इस हमले में करीब सात लोग मारे गये हैं।

इजरायल के खिलाफ एकजुट होता दिख रहा अरब जगत

काहिरा (ईएमएस)। लेबनान और गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के खिलाफ अरब जगत एकजुट होता दिख रहा है। मिस्र और जॉर्डन ने गाजा और लेबनान में इजरायली हमलों पर तत्काल रोक लगाने और संघर्ष के राजनीतिक समाधान की अपील की। वहीं कतर ने हिजबुल्लाह-इजरायल संघर्ष के बीच लेबनान के लिए अपना समर्थन जाहिर कर इजरायली हमलों की निंदा की। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री तथा विदेश एवं प्रवासी मंत्री अयमान सफादी ने काहिरा में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह टिप्पणी की। दोनों मंत्रियों ने बढ़ते क्षेत्रीय, राजनीतिक और सुरक्षा संकटों के समाधान पर चर्चा की। मिस्र और जॉर्डन के अन्य देशों के साथ संपर्कों की समीक्षा की, ताकि क्षेत्र को व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में फंसने से रोका जा सके। अब्देलती ने कहा कि चर्चाओं में गाजा में युद्ध विराम तक पहुंचने, गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक पर क्रूर इजरायली हमले को रोकने के लिए अरब कोशिशों को जारी रखने के महत्व पर जोर दिया गया। जॉर्डन के विदेश मंत्री ने कहा कि जॉर्डन गाजा और लेबनान पर इजरायली आक्रामकता को समाप्त करने के लिए मिस्र के साथ काम करना जारी रखेगा। सफादी ने वेस्ट बैंक में उबलते हालात के प्रति चेतावनी देकर कहा कि अगर वहां स्थिति विस्फोटक हो जाती है, तब यह और भी खतरनाक रूप ले लेगी। उन्होंने कहा कि देरी के लिए कोई जगह नहीं है और इजरायल को कानून से ऊपर नहीं होना चाहिए। इस बीच कतर की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री लोलवा अल-खतर ने बढ़ते हिजबुल्लाह-इजरायल संघर्ष के बीच लेबनान के लिए कतर के समर्थन को व्यक्त किया।

अर्धसैनिक बलों के हमले में 20 की मौत, 3 घायल, गैर-सरकारी ग्रुप का दावा

खार्तूम (ईएमएस)। पश्चिमी सूडान के एक गांव में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में करीब 20 लोगों की मौत हुई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक हमला उत्तरी कोर्डोफन राज्य के एक गांव पर हुआ। उत्तरी कोर्डोफन राज्य की राजधानी एल-ओबेद से लगभग 30 किलोमीटर पूर्व में अल-दम्मोकिया गांव पर आरएसएफ ने हमला किया जिसमें 20 लोग मारे गए और 3 अन्य घायल हो गए। पीड़ितों में बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं आरएसएफ ने अभी तक हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। इसके पहले पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशेर में विस्थापितों के शिविर पर आरएसएफ ने बड़ा हमला किया। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि 59 अन्य घायल हो गए। उत्तरी दारफुर के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खातिर के अनुसार, अबू शौक शिविर पर हमला दो दिन तक हुआ। दो लोगों की मौत हुई जबकि सोमवार को पांच और लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, शहर में अबू शौक सहित विस्थापित व्यक्तियों के लिए तीन शिविर हैं, जिसमें लगभग 1.5 मिलियन लोग रहते हैं, जिसमें से 800,000 आंतरिक रूप से विस्थापित हैं। 15 अप्रैल, 2023 से सूडान एसएएफ और आरएसएफ के बीच संघर्ष में फंसा हुआ है।

मिल्टन तूफान फ्लोरिडा और टैम्पा में मचाएगा तबाही, इमरजेंसी लागू, लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के निर्देश जारी



वाशिंगटन,(ईएमएस)। मैक्सिको की खाड़ी में इस सदी का सबसे बड़ा समुद्री तूफान मिल्टन बुधवार को अमेरिका के फ्लोरिडा और टैम्पा के तट से टकराने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट में नेशनल हरिकेन सेंटर ने इस तूफान को कैटेगरी-5 का बताया है, जो 250 से 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं और भारी बारिश के साथ तबाही मचा सकता है। समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं, और बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

इस विनाशकारी तूफान से करीब पांच करोड़ लोगों का जीवन प्रभावित हो सकता है। सरकारी एजेंसियों ने इमरजेंसी लागू कर दी है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। तूफान फ्लोरिडा और टैम्पा को क्रॉस करने के बाद अटलांटिक महासागर का रुख करेगा। अटलांटिक महासागर की ओर बढ़ते मिल्टन तूफान ने मैक्सिको की खाड़ी में अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है, जिससे अमेरिका के फ्लोरिडा और अन्य तटीय राज्यों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक समुद्र से उठ रही 15 फीट ऊंची लहरों और 18 इंच तक बारिश के साथ तूफानी हवाओं का खतरा है, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान होने की आशंका है। फ्लोरिडा की 51 काउंटियों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सेना और आपातकालीन सेवाओं को सतर्क कर दिया है। 1311 उड़ानों को डायवर्ट किया गया है और 1500 फ्लाइट्स रद्द की गई हैं, जबकि टैम्पा और ऑरलैंडो एयरपोर्ट बंद कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी अपनी विदेश यात्रा स्थगित कर दी है। टैम्पा में आखिरी बार 1921 में इतना बड़ा तूफान आया था, जिसमें भारी जान-माल का नुकसान हुआ था।

रुस का सहयोग करने के लिए किम जॉग की सेना उतरी यूक्रेन के खिलाफ

मॉस्को(ईएमएस)। यूक्रेन के खिलाफ रूस की युद्ध में अब उत्तर कोरिया ने भी अपनी सैन्य ताकत का सहयोग देना शुरू कर दिया है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपने सैनिकों को पूरी सैन्य साजो-सामान और हथियारों के साथ रूस का समर्थन करने के लिए भेजा है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री किम योंग युवान के अनुसार, उत्तर कोरिया के 6 सैनिक 3 अक्टूबर को डोनेट्स्क के नजदीक यूक्रेनी मिसाइल हमले में मारे गए हैं। यूक्रेन की मीडिया ने इस घटना की जानकारी पिछले हफ्ते दी थी। बता दें कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जून 2024 में मुलाकात की थी, जिसमें दोनों देशों के बीच आपसी रक्षा समझौते पर सहमति बनी थी। रूस को उत्तर कोरिया का समर्थन मिलना यूक्रेन युद्ध के लिए एक नया मोड़ हो सकता है। उत्तर कोरिया के साथ चीन भी रूस का समर्थन कर रहा है, जबकि दक्षिण कोरिया को अमेरिका का सहयोग प्राप्त है।

उत्तर कोरिया ने हाल ही में रूस को हथियार सप्लाई करने के आरोपों का खंडन किया था, हालांकि दक्षिण कोरिया का दावा है कि उत्तर कोरिया भविष्य में और भी अधिक सैनिकों को रूस की सहायता के लिए यूक्रेन भेज सकता है। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि उत्तर कोरिया बिना किसी स्पष्ट समझौते के अपने सैनिकों को इस युद्ध में झोंक सकता है, जो स्थिति को और गंभीर बना सकता है।उत्तर कोरिया ने हाल ही में बड़ी संख्या में तोपखाने और क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है, जिनका उपयोग उन्नत हथियारों के रूप में रूस को सौंपा जा रहा है। हालांकि, उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र ने बैलिस्टिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन मार्च 2024 में रूस ने उत्तर कोरिया के खिलाफ एक प्रस्ताव पर वीटो कर दिया था, जिसके लिए उत्तर कोरिया ने रूस का आभार व्यक्त किया था। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ा दिया है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले समय में यह संबंध कैसे विकसित होते हैं।

उत्तर कोरिया का रुस को समर्थन पर पेंटागन की पैनी नजर

अमेरिका रक्षा विभाग पेंटागन का कहना है कि अमेरिका उत्तर कोरिया द्वारा रूस को दिए जा रहे समर्थन पर लगातार नजर रखे हुए है। पिछले सप्ताह एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि डोनेट्स्क के निकट रूसी कब्जे वाले क्षेत्र पर यूक्रेनी मिसाइल हमले में छह उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार, इस दावे के बाद इन अटकलों को हवा मिली कि प्योंगयांग यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के लिए सैनिकों को तैनात कर सकता है। इसके अलावा वह मॉस्को को हथियार, बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य उपकरण भी भेज सकता है।

पेंटागन की उप प्रवक्ता सबरीना सिंह ने रिपोर्ट के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा, मैंने वे रिपोर्ट नहीं देखी है। इसलिए मैं इसकी पुष्टि नहीं कर सकती। सिंह ने कहा, हालांकि हमने निश्चित रूप से देखा है कि उत्तर कोरिया सैन्य साधनों से रूस का समर्थन करने के लिए तैयार है। यह ऐसी चीज है जिस पर हम लगातार नजर रख रहे हैं।

पेंटागन की उप प्रवक्ता ने कहा कि वाशिंगटन को इसकी ज्यादा चिंता है कि युद्ध प्रभावित यूक्रेन को युद्ध के मैदान में सफल होने के लिए क्या चाहिए। वहीं विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि उनके पास प्योंगयांग द्वारा यूक्रेन में अपने नियमित सैनिक भेजने की संभावना पर कोई आकलन नहीं है। इसके पहले दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने कहा कि उ.कोरिया रूस की मदद के लिए यूक्रेन में अपने नियमित सशस्त्र बलों को तैनात कर सकता है। रक्षा मंत्री किम ने कहा, चूंकि रूस और उत्तर कोरिया ने सैन्य गठबंधन के जैसी एक पारस्परिक संधि पर हस्ताक्षर किए हैं, इसलिए इस तरह की तैनाती की संभावना बहुत अधिक है।

जून में, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि पर हस्ताक्षर किए थे।

ट्रंप को लेकर दावा.....कोरोना महामारी के दौरान पुतिन को कोविड टेस्टिंग किट भेजी

दावा करने वाली किताब को ट्रंप की टीम ने बताया कचरा

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 में कोरोना महामारी के वक्त रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निजी इस्तेमाल के लिए कोविड टेस्टिंग किट भेजी थी। एक किताब में इसका खुलासा किया है। किताब के मुताबिक, पुतिन को तब डर था कि वे इस वायरस का शिकार हो सकते हैं। इस मदद के बाद पुतिन ने ट्रम्प को आगाह भी किया था कि वे इस बात को सीक्रेट ही रखें, क्योंकि अगर लोगों को इस बात का पता चला तब वे अमेरिकी राष्ट्रपति से बेहद नाराज हो जाएंगे। हालांकि, ट्रम्प के चुनावी कैंपेन की टीम ने दावे को खारिज कर दिया है। उन्होंने यह दावा करने वाली किताब को कचरा कहा है। 15 अक्टूबर को रिलीज होने वाली किताब में ट्रम्प के राष्ट्रपति पद से हटने के बाद भी उनके और पुतिन के बीच कई बार बातचीत होने का दावा किया गया है। किताब में दावा किया गया कि ट्रम्प ने अपने एक सहयोगी को फ्लोरिडा स्थित अपने आवास मार-ए-लागो से निकाला दिया था, ताकी वे पुतिन से बात कर सके। ट्रम्प के साथ काम करने वाले एक शख्स के हवाले से बताया गया कि 2021 में पूर्व अमेरिका राष्ट्रपति के व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद से उन्होंने पुतिन से करीब 6 बार बात की है।

हालांकि, रूसी राष्ट्रपति के ऑफिस क्रेमलिन ने दावे को नकार दिया। इन दावों पर ट्रम्प के चुनावी कैंपेन के प्रवक्ता ने कहा, वह एक गुस्सैल आदमी है और इस बात से नाराज है कि ट्रम्प उन पर केस किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने बिना इजाजत ट्रम्प से जुड़ी बातें लीक की हैं। दरअसल, ट्रम्प ने 2021 में वुडवर्ड को उनकी किताब रेज के लिए एक इंटरव्यू दिया था। लेकिन बाद में ट्रम्प ने यह कहकर उस पर केस दर्ज कराया था कि उन्होंने इंटरव्यू से जुड़ी रिकॉर्डिंग करने को रिलीज कर दिया, जिसकी उन्हें इजाजत नहीं दी गई थी।

शिया मिलिशिया ग्रुप ने इजराइल पर हमले की ली जिम्मेदारी

बगदाद (ईएमएस)। इराक में इस्लामिक रेजिस्टेंस नामक शिया मिलिशिया ग्रुप ने इजरायल में एक साइट पर ड्रोन अटैक की जिम्मेदारी ली। ग्रुप ने कहा कि हमला फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों के समर्थन में किया गया। ग्रुप के बयान में कहा गया कि दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनान जारी रहेगा। हालांकि टारगेटेड लोकेशन के बारे में कुछ नहीं कह गया और न ही किसी के हताहत की सूचना दी गई। इसके पहले दिन में, ग्रुप ने इजराइल में पांच जगहों पर ड्रोन और अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइलों से पांच हमले करने की जिम्मेदारी ली थी। ग्रुप ने हाल ही में इजरायल पर अपने हमलों को बढ़ा दिया क्योंकि यहूदी राष्ट्र ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हमलों को तेज कर दिया है। इस बीच हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायली मिलिट्री ऑपरेशन लगातार जारी है। इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के कई अंडरग्राउंड कमांड सेंटर पर हवाई हमले किए जिसमें 50 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने बताया कि एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट के दर्जनों भूमिगत कमांड सेंटर को तबाह कर दिया गया। इन सेंटर्स में इजरायल के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने वाले कमांडर तैनात थे। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि हवाई हमलों में वह पूरा इलाका शामिल था, जहां हिजबुल्लाह का दक्षिणी फ्रंट, राडवान बलों के साथ मिलकर काम करता है। कुल मिलाकर, आईडीएफ ने पिछले 24 घंटों के दौरान दक्षिणी लेबनान में 125 से अधिक जगहों पर हमला किया। इजरायल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हिजबुल्लाह ने सीमा पार 170 से अधिक रॉकेट दागे।

नेतन्याहू ने इजराइल के रक्षा मंत्री को अमेरिका जाने से रोका

येरुशलम,(ईएमएस)। इजराइल के रक्षा मंत्री ने अमेरिका दौरा टाल दिया है। वे बुधवार को अमेरिका जाने वाले थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली अधिकारियों ने बताया कि पीएम नेतन्याहू ने उनका दौरा रोक दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्री के अमेरिकी दौरा टालने की दो वजह हैं। नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन से बातचीत के बाद ही अपने रक्षा मंत्री को वहां भेजना चाहते हैं। इसके अलावा रक्षा मंत्री के अमेरिका का दौरा टालने के पीछे की वजह कैबिनेट बैठक भी है। कैबिनेट में ईरान पर इजराइल के हमले को लेकर वोटिंग होना है। नेतन्याहू चाहते हैं कि रक्षामंत्री इस बैठक में शामिल हों।

श्रीलंका में डेंगू ने मारा डंक, अब तक 19 लोगों की मौत, एनडीसीयू के आंकड़े जारी, 40 हजार से ज्यादा मामले आए सामने

कोलंबो,(ईएमएस)। राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) के जारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल श्रीलंका में अब तक 40 हजार से ज्यादा डेंगू के मामले सामने आए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एनडीसीयू ने बताया कि अब तक 40,109 मामले सामने आए हैं, जिनमें 19 लोगों की मौत हुई है। पश्चिमी प्रांत से सबसे ज्यादा मामले आए, जो कुल मामलों का 42.3 फीसदी है। उत्तरी प्रांत दूसरे स्थान पर है जहां डेंगू के 12 फीसदी मामले दर्ज किए गए, जबकि मध्य प्रांत में 10.3 फीसदी मामले हैं। पश्चिमी प्रांत में सबसे ज्यादा 10,027 मामले कोलंबो जिले से सामने आए हैं। प्रांत में सबसे पीछे गम्पाहा जिला है, जहां 4,698 मामले सामने आए हैं। एनडीसीयू ने डेंगू के लिए 10 उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की भी पहचान की है। एनडीसीयू के मुताबिक पिछले साल डेंगू के कुल 88 हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे, जिनमें 57 लोगों की मौत हुई थी।

हिजबुल्ला को मिले नए कमांडर, इजरायल को धमकाया कहा- कई शहरों पर दागेंगे बम

बेरुत(ईएमएस)। हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने धमकी देते हुए कहा है कि हमारे समूह की सैन्य क्षमताएं अभी भी बरकरार हैं और अपने वरिष्ठ कमांडरों की जगह नए कमांडर नियुक्त कर दिए गए हैं। इजरायल के इन हमलों में लेबनान के शीर्ष कमान के अधिकांश सदस्य मारे गए थे। कासिम ने एक वीडियो संबोधन में कहा, 'हम सैकड़ों रॉकेट और दर्जनों ड्रोन दाग रहे हैं। बड़ी संख्या में बस्तियां और शहर हमारी जवाबी कार्रवाई के निशाने पर हैं। हमारी क्षमताएं मजबूत हैं और हमारे लड़ाके अग्रिम मोर्चे पर तैनात हैं।'उन्होंने कहा कि हिजबुल्ला का शीर्ष नेतृत्व युद्ध की रणनीति तय कर रहा है और इजरायली हमले में जो कमांडर मारे गए हैं, उनकी जगह नए कमांडर नियुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे यहां कोई पद रिक्त नहीं है।''उन्होंने कहा कि हसन नसरल्लाह की जगह लेने के लिए हिजबुल्ला एक नए नेता का नाम तय करेगा, ''हालांकि युद्ध के कारण परिस्थितियां कठिन हैं।'' हसन नसरल्लाह पिछले महीने बेरूत में एक भूमिगत अड्डे में इजरायली हवाई हमले में मारा गया था। इजरायली सेना ने कहा कि मंगलवार को लेबनान से उत्तरी इजरायल की ओर 85 मिसाइल दागी गईं। वहीं इजरायली सेना का कहना है कि उसने सीमा पर आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दिया है और हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार गिराया है। मंगलवार को उसने कहा कि बेरूत में एक हमले में सुहैल हुसैनी मारा गया। इजरायली सेना ने हुसैनी को हिजबुल्ला समूह के रसद, बजट और प्रबंधन की देखरेख करने वाला एक वरिष्ठ कमांडर बताया।इजरायली सेना ने कहा कि इजरायल की हवाई रक्षा ने अधिकांश रॉकेट को नष्ट कर दिया। 70 वर्षीय एक महिला छर्रे लगने से मामूली रूप से घायल हो गई और इजरायली मीडिया ने तटीय शहर हाइफा के पास इमारतों को मामूली नुकसान पहुंचने की फुटेज प्रसारित की। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि उसने दक्षिणी बेरूत उपनगरों में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया, जिसे दहियाह के नाम से जाना जाता है, जहां समूह का मुख्यालय है।

इजराइल ने हिज़बुल्लाह लड़ाकों को खदेड़ा, सीमा पर बढ़ाई सैनिकों की संख्या

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइल और हिज़बुल्लाह के बीच का संघर्ष अब और तेज हो गया है, जिसमें इज़राइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के 130 से ज्यादा कस्बों और गांवों से हिज़बुल्लाह लड़ाकों को खदेड़ दिया है। इस समय इज़राइली सेना इन क्षेत्रों में जमीनी ऑपरेशन चला रही है, और उत्तरी इज़राइल की सीमाओं पर बढ़ते तनाव को देखते हुए और सैनिकों को तैनात करने की योजना है। उत्तरी सीमा पर हुए एक मोर्टार हमले में इज़राइली रक्षा बलों के दो सैनिक मारे गए हैं, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

जिरेनियम एक लाभप्रद औषधि

एड्स जैसी लाइलाज बीमारी के इलाज को लेकर वैज्ञानिकों ने नई उपलब्धि हासिल की है। वैज्ञानिकों ने जरेनियम, जिसे आयुर्वेद में कषायमूल वनस्पति भी कहते हैं, से एड्स के वायरस को खत्म करने का दावा किया है। जरेनियम की जड़ में कुछ ऐसे तत्व हैं जो मानव कोशिकाओं को एचआईवी-1 वायरस का प्रवेश रोकने के लिए मजबूत बनाता है और प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत करता है।



जेरेनियम तेल

जेरेनियम आवश्यक तेल पेलार्गोनियम ग्रेवोलेंस की पत्तियों के भाप आसवन द्वारा प्राप्त किया जाता है, जो दक्षिण अफ्रीका के मूल निवासी पौधे की प्रजाति है। लोककथाओं के अनुसार, इसका उपयोग कई तरह की स्वास्थ्य स्थितियों के लिए किया जाता था। जेरेनियम तेल यूरोप और एशिया सहित कई क्षेत्रों में उगाया जाता है। एक ताजा, पुष्प सुगंध के साथ गुलाबी फूल की कई किस्में और उपभेद हैं। प्रत्येक किस्म गंध में भिन्न होती है, लेकिन संरचना, लाभ और उपयोग के मामले में लगभग समान होती है। जेरेनियम तेल व्यापक रूप से इत्र और सौंदर्य प्रसाधनों में एक घटक के रूप में उपयोग किया जाता है। कई स्वास्थ्य स्थितियों के इलाज के लिए आवश्यक तेल का उपयोग अरोमाथेरेपी में भी किया जाता है। अरोमाथेरेपी में, आवश्यक तेलों को एक विसारक (डिफ्यूजर), का उपयोग करके श्वास लिया जाता है, या वाहक तेलों से पतला किया जाता है और सुखदायक लाभों के लिए त्वचा पर लगाया जाता है।इसमें एंटीऑक्सिडेंट, जीवाणुरोधी, विरोधी भड़काऊ, रोगाणुरोधी और कसैले गुण होते हैं।

मुँहासे, जिल्द की सूजन, और सूजन त्वचा

इसके जीवाणुरोधी, रोगाणुरोधी और एंटीसेप्टिक गुण इसे शीर्ष पर लागू होने पर मुँहासे के ब्रेकआउट, त्वचा की जलन और त्वचा के संक्रमण को कम करने के लिए फायदेमंद बनाते हैं। जेरेनियम आवश्यक तेल के एंटी इनफ्लेम्मेटरी गुण भी त्वचा को प्रभावित करने वाले सहित कई सूजन स्थितियों के लिए फायदेमंद बनाते हैं।

शोफ

- जीरियम आवश्यक तेल के एंटी इनफ्लेम्मेटरी गुण एडिमा के कारण पैर और पैर की सूजन के लिए इसे फायदेमंद बना सकते हैं।
- नहाने के पानी में जीरियम आवश्यक तेल मिलाना एक अच्छा तरीका हो सकता है। एडिमा पर जीरियम आवश्यक तेल के प्रभावों की जांच के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।

नाक वेस्टिबुलिटिस

- नाक वेस्टिबुलिटिस कैंसर की दवा के उपचार से जुड़ी एक असहज स्थिति है।
- एक छोटे से अवलोकन संबंधी अध्ययन और वास्तविक साक्ष्य से पता चलता है कि जीरियम तेल नाक के लक्षणों को कम कर सकता है, जैसे रक्तस्राव, खुजली, दर्द, सूखापन और घाव।
- जेरेनियम आवश्यक तेल को तिल के तेल के साथ मिलाया गया था और स्तन कैंसर के लिए कीमोथेरेपी से गुजर रही महिलाओं में नाक स्प्रे के रूप में इस्तेमाल किया गया था।

संक्रमण

जीरियम तेल जीवाणु संक्रमण से लड़ सकता है। जेरेनियम आवश्यक तेल में रोगाणुरोधी और जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो इसे कई जीवाणु उपभेदों के खिलाफ प्रभावी बनाते हैं। जेरेनियम आवश्यक तेल स्टैफिलोकोकस ऑरियस जैसे बैक्टीरिया के उपभेदों से लड़ने में एमोक्सिसिलिन जितना ही प्रभावी था।

न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग

अल्जाइमर रोग, मल्टीपल स्केलेरोसिस, पार्किंसंस रोग और एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) जैसे कुछ न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग न्यूरोइन्फ्लेमेशन मै लाभकारी होते हैं। जेरेनियम आवश्यक तेल के एक घटक सिट्रोनेलोल की उच्च सांद्रता, नाइट्रिक ऑक्साइड उत्पादन को रोकती है, मस्तिष्क में सूजन और कोशिका मृत्यु को कम करती है। जेरेनियम आवश्यक तेल न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों वाले लोगों के लिए लाभकारी हो सकता है जिसमें न्यूरोइन्फ्लेमेशन शामिल है।

रजोनिवृत्ति और पेरिमेनोपॉज़

जेरेनियम आवश्यक तेल के साथ अरोमाथेरेपी लार एस्ट्रोजन के स्राव को उत्तेजित करने में फायदेमंद रजोनिवृत्ति और पेरिमेनोपॉज़ के कारण कम एस्ट्रोजन और स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों का अनुभव करने वाली महिलाओं के लिए जेरेनियम आवश्यक तेल का मूल्य हो सकता है।

तनाव, चिंता और अवसाद

अरोमाथेरेपी अधिक से अधिक मुख्यधारा बनती जा रही है। श्रम में महिलाओं के एक यादृच्छिक, नैदानिक परीक्षण में पहली बार पाया गया कि साँस के जेरेनियम आवश्यक तेल का शांत प्रभाव पड़ता है और यह पहले चरण के श्रम से जुड़ी चिंता को कम करने में सक्षम था। जीरियम आवश्यक तेल विश्राम को बढ़ावा देता है और अवसादग्रस्तता के मूड को कम कर सकता है।

दाद का दर्द

दाद का परिणाम अक्सर पोस्टहेरपेटिक न्यूराल्जिया होता है, जो तंत्रिका तंतुओं और त्वचा को प्रभावित करने वाली एक बहुत ही दर्दनाक स्थिति है जो तंत्रिका के साथ चलती है। जीरियम तेल के सामयिक से लगाने के कुछ ही मिनटों के भीतर प्रसवोत्तर नसों के दर्द को काफी कम कर दिया। ये प्रभाव अस्थायी थे, और आवश्यकतानुसार पुनः लगाने की आवश्यकता पड़ती हैं ।

एलर्जी

जेरेनियम आवश्यक तेल की साइट्रोनेलोल सामग्री इसे एलर्जी प्रतिक्रियाओं को कम करने के लिए संभावित रूप से प्रभावी बनाती है। सामयिक उपयोग एलर्जी प्रतिक्रियाओं के कारण होने वाली खुजली को कम कर सकता है। यह इस आवश्यक तेल की एंटी इनफ्लेम्मेटरीकार्रवाई के कारण है।

घाव की देखभाल

मामूली घावों को रक्तस्राव से रोकने के लिए जीरियम आवश्यक तेल फायदेमंद है। यह जमावट को तेज करके, और रक्त वाहिकाओं को अनुबंधित करके ऐसा कर सकता है। इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण भी उपचार के लिए फायदेमंद होते हैं।

मधुमेह

हाइपरग्लेसेमिया को कम करने के लिए लोक उपचार से जेरेनियम आवश्यक तेल का उपयोग किया जाता है।
मधुमेह वाले लोगों में उच्च रक्त शर्करा को कम करने के लिए जीरियम आवश्यक तेल फायदेमंद है,

जेरेनियम तेल बनाम गुलाब जेरेनियम तेल

जेरेनियम आवश्यक तेल और गुलाब जेरेनियम आवश्यक तेल पेलार्गोनियम ग्रेवोलेंस पौधों की प्रजातियों की विभिन्न किस्मों से आते हैं। लगभग समान रचनाएं और गुण हैं, जो उन्हें स्वास्थ्य के लिए समान रूप से फायदेमंद बनाते हैं। गुलाब के जेरेनियम आवश्यक तेल में थोड़ी अधिक पुष्प सुगंध होती है, जो गुलाब के समान होती है।

उपयोग कैसे करें

जेरेनियम आवश्यक तेल को वाहक तेल,(डिफ्यूजर) जैसे तिल के तेल से पतला किया जा सकता है, और त्वचा पर शीर्ष रूप से उपयोग किया जा सकता है। इसे मुँहासे या खुजली वाली त्वचा के लिए स्पॉट उपचार के रूप में या मालिश तेल के रूप में उपयोग कर सकते हैं।
वाहक तेल (डिफ्यूजर के साथ आवश्यक तेलों को पतला करते समय, इन कमजोर पड़ने वाले दिशानिर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है। वयस्कों के लिए, वाहक तेल के प्रति 6 चम्मच आवश्यक तेल की 15 बूंदों को मिलाकर शुरू करें। यह 2.5 प्रतिशत कमजोर पड़ने के बराबर होगा। बच्चों के लिए, आवश्यक तेल की 3 से 6 बूंदें प्रति 6 चम्मच वाहक तेल एक सुरक्षित मात्रा है। अरोमाथेरेपी उपचार के रूप में, आप गेरियम तेल को कागज़ के तौलिये पर, या ऐसे कपड़े पर थपथपा सकते हैं, जिस पर आपको दाग लगने से कोई आपत्ति नहीं है। आप इसे कमरे के डिफ्यूज़र में भी रख सकते हैं, ताकि एक बड़े स्थान को सुगंधित किया जा सके। अरोमा इनहेलर स्टिक जैसे व्यक्तिगत उपयोग के डिफ्यूज़र भी हैं, जिन्हें आप तेल से भर सकते हैं और चलते-फिरते सांस ले सकते हैं।

दुष्प्रभाव

जब सही तरीके से उपयोग किया जाता है, तो अधिकांश लोगों के उपयोग के लिए जेरेनियम तेल सुरक्षित माना जाता है। कुछ लोगों को त्वचा पर इसका इस्तेमाल करने पर दाने या जलन का अनुभव हो सकता है। त्वचा पर किसी भी आवश्यक तेल का उपयोग तब तक न करें जब तक कि वह वाहक तेल(डिफ्यूज़र) से पतला न हो। जेरेनियम आवश्यक तेल सदियों से स्वास्थ्य की स्थिति के इलाज के लिए इस्तेमाल किया गया है। यह चिंता, अवसाद, संक्रमण और दर्द प्रबंधन जैसी कई स्थितियों के लिए फायदेमंद है।

वास्तु के अनुसार बच्चों के कमरे के लिए कुछ बहुत जरूरी बातें

बच्चों में माता–पिता की जान बसती है। हर मां–बाप अपने बच्चों को बेस्ट ही देना चाहते हैं। उनकी यह मनोकामना होती है कि उनका बच्चा जीवन के हर क्षेत्र में न सिर्फ सफलता हासिल करें, बल्कि वह एक स्वस्थ व खुशनुमा जीवन भी व्यतीत करे। अगर आप भी अपने बच्चे का एक उज्ज्वल भविष्य देखना चाहते हैं तो इसके लिए आपको उनके कमरे को भी सही तरीके से व्यवस्थित करना होगा। वास्तु अनुसार बनाया गया बच्चों का कमरा उन्हें स्वास्थ्य, सफलता, कुशाग्र बुद्धि व शांति प्रदान करता है।

दिशा हो सही

अगर आप अपने जिगर के टुकड़े के लिए अलग से कमरा बनवाने की सोच रहे हैं तो उसे सही दिशा में ही बनवाएं। बच्चे का कमरा बनवाने के लिए पश्चिम दिशा बेस्ट है। वैसे इसके अतिरिक्त अगर आप चाहें तो पश्चिम, उत्तर, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व में भी बच्चों का कमरा बनवा सकते हैं। बच्चों का कमरा कभी भी दक्षिण–पश्चिम दिशा में नहीं बनवाना चाहिए। हालांकि लड़कियों का कमरा उत्तर–पश्चिम दिशा में बनवाया जा सकता है, वहीं लड़कों के कमरे के लिए घर की उत्तरी या पूर्वी भाग में बेहतर रहती है। साथ ही, बच्चे के कमरे का मध्य भाग हमेशा खाली रखा जाना चाहिए।

ऐसा हो स्टडी रूम

वास्तु शास्त्र में हर चीज को उसके सही स्थान पर रखना बेहद आवश्यक माना गया है। दरअसल, हर चीज की अपनी एक प्रकृति होती है, ठीक उसी प्रकार दिशाओं का भी अपना एक अलग महत्व होता है। ऐसे में यदि चीजों को उनकी प्रकृति के अनुरूप रखा जाए तो वह आपके जीवन में सकारात्मकता लाने में काफी कारगर सिद्ध होती हैं। यदि आप बच्चों के लिए एक अलग से स्टडी रूम बना रहे हैं तो उसे घर के पूर्व, उत्तर या उत्तर–पूर्व दिशा में बनाना बेहतर रहता है। यह दिशाएं आपके बच्चे को अधिक एकाग्र बनाएंगी। साथ ही स्टडी टेबल को कुछ इस प्रकार स्थापित करें कि पढ़ते समय बच्चे का मुंह पूर्व या उत्तर दिशा की ओर हो। स्टडी टेबल न तो बहुत बड़ी हो और न ही बहुत छोटी। जहां तक बात बुकशेल्फ या कैबिनेट्स की है तो उसे आप पूर्व, उत्तर या उत्तर–पूर्व दिशाओं मे स्थित कर सकते हैं।

यूं बिछाएं बिस्तर

चूंकि बच्चे के लिए बिस्तर का प्रयोग सिर्फ सोने के लिए ही नहीं किया जाता, अपितु कई बार इस पर बैठकर वह अपने प्रोजेक्ट भी पूरा करता है। इसलिए उसका भी सही तरीके से स्थापित होना बेहद आवश्यक है। बच्चे का बिस्तर कुछ इस प्रकार बिछा होना चाहिए कि सोते समय बच्चे का मुंह दक्षिण या पूर्व दिशा की ओर हो। अगर आप बच्चे के कमरे में दर्पण का प्रयोग कर रहे हैं तो उसे कुछ इस प्रकार लगाएं कि वह बच्चों के बेड के सामने न हो। ठीक इसी प्रकार, कमरे के बाथरूम का दरवाजा भी बिस्तर के सामने नहीं होना चाहिए।

रंगों का महत्व

हर रंग का जीवन में अपना एक अलग महत्व होता है। यह आपके मूड को भी प्रभावित करते हैं। इसलिए बच्चों के कमरे में भी कुछ ऐसे रंगों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए जो उन्हें खुशी व मानसिक शांति प्रदान करते हों। वैसे वास्तु अनुसार हरा रंग बच्चे के कमरे के लिए सबसे उपयुक्त रंग माना गया है। दरअसल, हरा रंग शांति और ताजगी से जुड़ा हुआ है, इसलिए यह आपके बच्चे को भी हमेशा तरोताजा बनाए रखेगा। साथ ही इससे यह आपके बच्चे के दिमाग को भी तेज बनाने में मदद करेगा।

इन बातों का रखें ध्यान

- बच्चे के कमरे में इस्तेमाल किए जाने वाले फर्नीचर कभी भी दीवार से सटे नहीं होने चाहिए। ऐसा होने से कमरे में ऊर्जा का प्रवाह प्रभावित होता है।
- बच्चों के कमरे में प्रयोग होने वाली लाइटिंग न तो बहुत अधिक तेज हो और न ही बहुत अधिक धीमी।
- बच्चों के बेडरूम में कभी भी इलेक्ट्रानिक गैजेट्स जैसे टेलीविजन या कंप्यूटर का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन वर्तमान समय में ऐसा करना संभव नहीं है इसलिए यदि आपको किसी कारणवश ऐसा करना पड़े तो टेलीविजन को दक्षिण–पूर्व कोने में रखना चाहिए। वहीं कंप्यूटर को उत्तर दिशा में रखा जा सकता है।
- बच्चों के कमरे के ईशान कोण को पढ़ाई के लिए इस्तेमाल करना अच्छा रहता है। लेकिन ध्यान रहे कि इस दिशा में कभी भी कोई भारी सामान न रखा जाए।

कमरे की खिड़कियां हमेशा दरवाजे के सामने हों। खिड़कियों के लिए उत्तर या पूर्व दिशा बेहतर रहती है।

काँच के बरतनों की चमक बरकरार रखने के कुछ उपाय

महंगी कांच की क्रॉकरी और बढ़िया कटलरी बरतनों में खाना लजीज लगता है लेकिन इस्तेमाल के कुछ समय बाद ही इनकी पहले वाली चमक खो जाती है। सफाई के साथ–साथ रखरखाव में यदि थोड़ी सावधानी बरती जाए तो इनकी चमक बरकरार रखी जा सकती है। आइए जानते हैं इसी से संबंधित कुछ टिप्स–

- कांच के बर्तन साफ करते समय सिंक में पुराना तौलिया लगा दें इससे उनके टूटने का भय नहीं रहता।
- कांच व चीनी मिट्टी के कप–प्लेट, क्रॉकरी को एक टब में विम घोल कर साफ करें और पोंछ कर रखें। इन्हें अन्य बरतनों से अलग रखें।
- कांच के गिलास को कभी भी एक–दूसरे के बीच न रखें। कभी–कभी काम आने वाले क्रॉकरी सैट को बरतन की अलमारी में अलग से रखें या फिर काम में लेने के बाद गत्ते के डिब्बों में रद्दी कागज की कटिंग बिछा कर रखें।
- कट डिजाइन की शीशे की क्रॉकरी में खाद्य सामग्री के अंश फंस जाते हैं जो धीरे–धीरे स्थायी रूप ले लेते हैं। इनको साफ करने के लिए उन्हें सिरका मिले गर्म पानी में एक घंटे के लिए डुबो कर रख दे फिर नायलॉन के स्क्रबर से उसे रगड़ें। फिर धोने के बाद उसे पोंछ कर रख दें।
- साबुन की बजाय पानी में चुटकी भर बेकिंग पाउडर मिलाकर धोएं तो इनकी चमक देखते ही बनती है। पानी में नींबू के छिलके मिला लेने से भी बर्तन चमक उठते है।
- कप, गिलास आदि से काले–भूरे दाग छुड़ाने के लिए खौलते पानी में चुटकी भर बेकिंग सोडा डालें और कुछ देर के लिए क्रॉकरी उसमें रखें। स्क्रबर या गीले कपड़े को नींबू के रस में डिप करके रगड़ें। तब भी दाग नहीं जाए तो सिरका और पानी मिले मिश्रण से इसे साफ करें।
- तंग मुंह वाले कांच के गिलास या फ्लॉवर वाज पर दाग–धब्बे पड़ जाएं तो गर्म साबुन वाले पानी में कुछ बूंदें अमोनिया की मिलाकर साफ कर लें। इसमें नमक डाल कर ऊपर से सिरका डालें और फिर अच्छे से हिलाएं। कुछ घंटों के लिए छोड़ दें और इसके बाद साफ पानी से इसे धो लें।
- कांच की बेकिंग डिश को साफ करने के लिए इसे बोरेक्स और पानी के घोल में कुछ देर के लिए भिगो कर रखें इससे उस पर जमे दाग–धब्बे तुरंत गायब हो जाएंगे।
- कांच के गिलास को नई चमक देने के लिए पानी में चुटकी भर नील मिला दें। इसके बाद धो दें। कुछ मिनटों के लिए चावल वाले पानी में भिगो कर धो देने से भी बरतन चमक जाते हैं।
- यदि आप खुद स्टील कटलरी साफ कर रही हैं तो इस्तेमाल के तुरंत बाद ही एक भगोने में लिक्विड़ सोप वाले पानी में भिगो दें। इससे कटलरी पर दाग–धब्बे नहीं पड़ते हैं और इन्हें साफ करना भी आसान हो जाता है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में यशस्वी के होने से भारत को पुजारा की कम नहीं खलेगी : वॉटसन

मेलबर्न (ईएमएस)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शेन वॉटसन ने कहा है कि इस बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पास चेतेश्वर पुजारा जैसा बल्लेबाज नहीं है। वॉटसन के अनुसार इसके बाद भी भारतीय टीम को परेशानी नहीं होगी क्योंकि उसके पास यशस्वी जायसवाल जैसा युवा सलामी बल्लेबाज है। पुजारा के बारे में बात करते हैं, तो वह कोई गलती नहीं करते। जबकि आपने भारत के कई ऐसे बल्लेबाजों को देखा है जो काफी हद तक ऐसे ही हैं। जैसे कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी उन्होंने बहुत तेजी से रन बनाए हैं, लेकिन उन्होंने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने विपक्षी टीम को अब तक बहुत कम ऐसे मौके दिए कि वे उन्हें आउट करने में सक्षम हो पाएं। मुझे लगता है कि अगर ऐसे बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया आकर आक्रामकता के साथ खेलें और खराब गेंदों पर पर बड़े स्ट्रोक लगाये तो गेंदबाजों पर दबाव आ जाएगा।

पिछले कुछ समय में भारतीय टीम लगाता बेहतर हुई है। सीमित ओवरों के बाद अब टीम टेस्ट फॉर्मेट में भी अपनी श्रेष्ठता साबति कर रही है। बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी के पिछले दो दौरे भारत के नाम रहे, और उसमें पुजारा ने अहम भूमिका निभाई थी पर इस बार वह टीम में नहीं हैं। यशस्वी टीम में मुख्य बल्लेबाज की भूमिका में नजर आयेंगे। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम आईसीसी

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की रेस में अपना अभियान ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ समाप्त करेगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। आस्ट्रेलिया के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट सीरीज जीतने वाली इस सदी की दूसरी टीम बनने का मौका होगा। भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पिछला दो टेस्ट सीरीज जीता है और अब वह अपनी जीत की लय को आगे बढ़ाना चाहेगा। हालांकि पुजारा की गैर हाजरी में भारतीय टीम के लिए यह इतना आसान नहीं हो सकता। टीम से बाहर चल रहे पुजारा ने भारत की दोनों सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। 2018-19 और 2020-21 के दौरों पर पुजारा ने 2186 गेंदों का सामना करते हुए 792 रन बनाए थे। 2018/19 सीरीज में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीती थी।

आज करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं यशस्वी

युवा क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल आज भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे हैं। यशस्वी ने अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट टीम में भी जगह बना ली है। वह टी20 और टेस्ट के एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर सामने आये हैं। आज यशस्वी के पास करोड़ों की संपत्ति है पर उनका यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है। यशस्वी आर्थिक रुप से एक बेहद कमजोर परिवार से आते हैं। एक समय क्रिकेट की बारिकियों को सीखने के लिए वह टेंट में भी रहे हैं हालांकि अभी वह क्रिकेट के कारण काफी अच्छी जिंदगी जी रहे हैं। वह अपनी कड़ी मेहनत के बल पर ही यहां तक पहुंचे हैं। यशस्वी ने आईपीएल में अपनी शानदार बल्लेबाजी के दम पर टीम इंडिया में जगह बनाई। वह आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार यशस्वी जायसवाल की इस साल नेट वर्थ बढ़कर 16 करोड़ हो गई है। उन्होंने ये कमाई क्रिकेट के अलावा ब्रैंड के एंडोर्समेंट से की है। जायसवाल की मासिक आय करीब 35 लाख रुपये है जबकि सालाना आय 4 से 4.8 करोड़ के करीब है। कमाई का मुख्य जरिए उनका आईपीएल है। उन्हें आईपीएल से हर सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से 4 करोड़ मिलते हैं। यशस्वी जायसवाल के पिता भूपेंद्र जायसवाल की पेंट की दुकान है। वह बचपन में पिता का हाथ बंटाते थे. लेकिन उनका सपना क्रिकेटर बनने का था और उस सपने को लेकर वह 12 साल की उम्र में मुंबई पहुंच गये थे। यशस्वी को फरवरी 2024 में बीसीसीआई ने अपने सालाना अनुबंध के तहत बी कैटेगरी में रखा था। उन्हें बीसीसीआई से सालाना 3 करोड़ रुपये मिलते हैं। साल 2020 में यशस्वी ने राजस्थान रॉयल्स के साथ 2. 40 करोड़ में करार किया था जबकि 2022 में बढ़कर यह राशि 4 करोड़ पहुंच गई। क्रिकेट के मैदान पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद यशस्वी की ब्रैंड वैल्यू भी बढ़ रही है। मौजूदा समय में वह कई बड़ी कंपनियों के विज्ञापनों में नजर आ रहे हैं. उनके पास बोट, जेबीएल इंडिया और फायरबोल्ट जैसी कंपनियों के विज्ञापन हैं। इससे उनकी लोक्रपियता तेजी से बढ़ी है। यशस्वी के पास आज महिंद्रा थार, टाटा हारियर और मर्सिडीज बेंज सीएलए 200 जैसी कारें हैं। इसके अलावा उनके पास एक आलीशान घर भी है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हेड को सलामी बल्लेबाज के तौर पर न भेजें : इयान चैपल

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले माह शुरु हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर दिग्गज क्रिकेटरों की बयानबाजी जारी है। इसी कड़ी में आज ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने कहा है कि इस सीरीज में ट्रेविस हेड को पारी की शुरुआत के लिए नहीं भेजा जाना चाहिये। चैपल ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को सुझाव दिया है कि वह इस प्रकार की गलती नहीं करे। चैपल का मानना है कि हेड एकदिवसीय और टी20 में एक जबरदस्त सलामी बल्लेबाज हैं पर टेस्ट क्रिकेट इससे अलग है और उन्हें इसका कम ही अनुभव है। गौरतलब है कि डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया को उनकी जगह पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर अभी तक कोई अच्छा बल्लेबाज नहीं मिल पाया है। इस कारण स्टीवन स्मिथ और हेड पारी की शुरुआत कर रहे हैं। स्मिथ सलामी बल्लेबाज के तौर पर अब तक सफल नहीं हुए हैं। सलामी बल्लेबाज के तौर पर उनका औसत 30 से भी कम रहा है, जबकि नंबर तीन और चार पर वे 60 से ज्यादा के औसत से खेलते रहे हैं।

वहीं हेड इस समय ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े मैच विजेता खिलाड़ियों में शामिल हैं। खासकर भारत के खिलाफ उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल हो या विश्व कप 2023 फाइनल हो हेड की बदौलत ही ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत रही है। इसके बाद भी इयान चैपल नहीं चाहते हैं कि हैड बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शुरुआत करें ।

इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हेड एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट दोनों में नई गेंद का सामना करने में बेहद प्रभावी साबित हुए हैं। अपनी अत्यधिक आक्रामक शैली से वह खेल को बदल देते हैं पर टेस्ट क्रिकेट एकदम अलग है। इसमें आपको संयम के साथ खेलना होता है।

चैपल ने कहा कि, जसप्रीत बुमराह को परेशान करने के लिए सभी कह रहे हैं कि हेड से पारी शुरु करायें। साथही कहा कि बुमराह और कुछ हद तक मोहम्मद सिराज अपनी आक्रामक मानसिकता को बदलेंगे से संभावना कम ही है। चैपल चाहते हैं कि ट्रेविस हेड के क्रीज पर आने से पहले बोर्ड पर कुछ रन होने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय स्पिनर आर अश्विन भी अपनी फिरकी में उन्हें उलझा सकते हैं। इसलिए जब कुछ रन बन जायं तभी उन्हें उतारा जाना चाहिये। एक बार कुछ रन बन गये तो हेड अपने अंदाज में खेल सकते हैं।

रूट इंग्लैंड की ओर से टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

मुल्तान (ईएमएस)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपनी 39 रनों की पारी के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया। रुट ने इसी के साथ ही टेस्ट में अपने 12,473 रन पूरे किये और पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का सबसे अधिक रनों का रिकार्ड तोड़ दिया। रूट अब टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रूट को सर्वकालिक टेस्ट सूची में पांचवें स्थान पर पहुंचने के लिए केवल सिर्फ 39 रन की जरूरत थी। जो उन्होंने बाउंड्री लगाकर हासिल कर लिया। इस बल्लेबाज ने केवल 147 टेस्ट और 268 पारियों में यह अहम उपलब्धि हासिल की, जबकि कुक ने 161 टेस्ट और 291 पारियों में 12 हजार से अधिक रन बनाये थे। टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रनों की सूची में रूट से आगे केवल सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं। इससे पहले रूट ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपना 33वां और 34वां टेस्ट शतक लगाकर कुक को पीछे छोड़ दिया था।

युवराज ने की अभिषेक की खिंचाई, दिमाग का सही इस्तेमाल करें

ग्वालियर (ईएमएस)। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अच्छी शुरुआत के बाद भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। अभिषेक 7 गेंदों पर 16 रन बनाकर रन आउट हो गए। इससे वह बेहद निराश नजर आये। अभिषेक ने सोशल मीडिया में पोस्ट साझा कर लिखा, हर रन, हर गेंद-यह सब टीम के लिए है। इसी को लेकर पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी उनकी खिंचाई की है। युवराज ने लिखा कि हमें दिमाग का सही इस्तेमाल करना चाहिये। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही अभिषेक ने अपना पहला टी20 शतक लगाया था। बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में अभिषेक ने शतक के बाद युवराज सिंह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब वह शून्य पर आउट हुए थे तो युवराज बहुत खुश थे। उन्होंने कहा था, उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता क्यों, लेकिन जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह बहुत खुश थे। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि उन्हें मेरे परिवार की तरह ही मुझ पर बहुत गर्व होना चाहिए। युवराज और अभिषेक के बीच का रिश्ता काफी गहरा है। ये ऐसा ही है जो एक पूर्व और एक मौजूदा भारतीय क्रिकेटर के बीच होता है। अभिषेक ने एक वीडियो में कहा था, मैं उनकी वजह से इस स्तर पर खेल रहा हूं। उन्होंने मुझ पर बहुत मेहनत की है।

तो चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल दुबई में होगा

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करती है तो इसका फाइनल लाहौर की जगह दुबई में आयोजित किया जा सकता है क्योंकि भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने की कोई संभावना नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को मेजबानी के अधिकार मिलने के बाद भी फाइनल कहीं बाहर आयोजित करने के लिए तैयार होना पड़ेगा जबकि पीसीबी पूरी चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में आयोजित करने की योजना बना रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सुरक्षा कारणों से किसी भी हालत में अपनी टीम नहीं पाक नहीं भेजेगा। ऐसे में उसका लक्ष्य हाइब्रिड मॉडल अपनाना रहेगा। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अगर भारतीय टीम फाइनल में पहुंचती है तो चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल दुबई में रखा जा सकता है। इससे फाइनल से कुछ दिन पहले तक आयोजन स्थल को लेकर संशय बना रहेगा। भारतीय टीम को दोनो देश के बीच राजनीतिक तनाव के कारण भेजने की कोई संभावना नहीं है। वहीं पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को भरोसा है कि बीसीसीआई आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाक भेजेगा। नकवी ने कहा, भारतीय टीम को आना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि वे यहां आना रद्द करेंगे या स्थगित करेंगे और हमें पूरा भरोसा है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में सभी टीमों की मेजबानी पाकिस्तान में करेंगे। नकवी ने कहा कि स्टेडियम फरवरी-मार्च में टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में होंगे। पीसीबी ने पहले ही आईसीसी के इस बड़े आयोजन के लिए एक मसौदा कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिया है, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाला है और इसका फाइनल 9 मार्च को होगा। इसके लिए लाहौर, कराची और रावलपिंडी को आयोजन स्थल के रूप में चुना गया है।

भारत दौरे से पहले चोटिल हुए विलियम्सन

ऑकलैंड (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियम्सन भारत दौरे से पहले ही चोटिल हो गये हैं। इससे न्यूजीलैंड टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। विलियम्सन की गिनती आज के दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में होती है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के अनुसार अब विलियम्सन शुरुआती टेस्ट मैच से बाहर रहेंगे हालांकि फिट होने पर वह दूसरे मैच में खेल सकेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 16 अक्टूबर से शुरू होगी। यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। इस कारण दोनों ही टीमों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम इस सीरीज को 3-0 से जीत कर डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर सकेगी।

विलियम्सन स्पिनरों को काफी अच्छे से खेलते हैं। ऐसे में उनकी बाहर होने से कीवी टीम को नुकसान हुआ है। भारत में प्रशंसक उनकी और विराट की बल्लेबाजी देखने के लिए उत्साहित थे जिन्हें अब झटका लगा है। विलियम्सन ना सिर्फ अपनी टीम के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, बल्कि सबसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं।

शादी के लिए स्वदेश लौट रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन

मुल्तान (ईएमएस)। पाकिस्तान के दौरे पर गये इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन सीरीज के बीच में ही स्वदेश लौटने वाले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ओली शादी के लिए अपने घर जा रहे हैं। उनकी शादी इस सप्ताह के अंत में होनी है। उनका रावलपिंडी में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए लौटना भी कठिन है। इस तेज गेंदबाज को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। उनकी जगह टीम ने ब्राइडन कार्से को शामिल किया था। इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने कहा है कि वह स्टोन के साथ पूरा सहयोग करेगा। स्टोन ने दौरे से पहले ही इंग्लैंड के प्रबंध निदेशक रॉब की और कोच ब्रेंडन मैकुलम को बता दिया था कि उन्हें शादी के लिए बीच में घर लौटना पड़ेगा। टेस्ट सीरीज से पहले, स्टोन ने बताया था कि उनकी शादी की योजना इस उम्मीद के साथ बनाई गई थी कि वह नॉट्स के लिए खेल रहे होंगे। साथ ही ये भी कहा कि उनकी होने वाली पत्नी नेस ने उनके हर प्रस्ताव का समर्थन किया किया है। स्टोन ने कहा, हमने शादी की तारीख इस आधार पर तय की थी कि मैं उस समय केवल नॉट्स के लिए खेल रहा था।

न्यूजीलैंड ने भारत दौरे के लिए घोषित की टीम, टॉम लेथम करेंगे कप्तानी

ऑकलैंड (ईएमएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इसी माह शुरु हो रहे भारत दौरे के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस दौरे पर दोनो देशों के बीच 16 अक्टूबर से 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। केन विलियम्सन के चोटिल होने के कारण टॉम लेथम को इस दौरे के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है। विलियम्सन चोटिल हैं और फिट होने पर ही टीम से जुड़ सकेंगे। भारत और न्यूजीलैंड की यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा होने के कारण बेहद अहम है। भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में पहले नंबर पर है। अगर वह इस सीरीज में 3-0 से जीत लेती है तो डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच सकेगी। वहीं न्यूजीलैंड की टीम अंक तालिका में छठे नंबर पर है और उसके फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बेहद कम हैं।

न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को भारत पहुंचेगी। इस दौरे के लिए टीम में शामिल विलियम्सन पहला टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। ऐसे में माइकल ब्रेसवेल को विलियम्सन के विकल्प के तौर पर रखा गया है। विलियम्सन के दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम से जुड़ने की संभावना है।

टीम इस प्रकार है: टॉम लेथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, विल ओरूर्के, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स, माइकल ब्रेसवेल (केवल पहला टेस्ट), ईश सोढ़ी (दूसरा और तीसरा टेस्ट), टिम साउदी, केन विलियम्सन, विल यंग।

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में जीतने गेंदबाजी में करने होंगे बदलाव : वाटसन

मुंबई (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा कि भारतीय टीम अगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने तेज गेंदबाजों को बदलाव के साथ उतारती है तो उसके जीतने के अधिक अवसर होंगे। भारतीय टीम ने पिछले दो दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरती पर पराजित किया था। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में खेले जाने वाले टेस्ट मैच से करेगी। वाटसन ने कहा, 'भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के पास इस सीरीज दर्ज करने की क्षमता है। उनकी गेंदबाजी काफी प्रभावी है पर ऑस्ट्रेलिया में लगातार पांच टेस्ट मैचों में ऐसा करने में सक्षम होने के लिए उन्हें सही तरीके से गेंदबाजी में बदलाव करना होगा।' उन्होंने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय टीम के पास रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी स्पिनर हैं जो हर प्रकार के हालातों में अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया की कुछ पिचों पर उन्हें उस तरह की मदद नहीं मिलेगी जैसी दुनिया के दूसरे हिस्से में मिलती है।'

वाटसन ने कहा, 'कम सहायता के बाद भी वे प्रभावी होंगे पर वे कितने प्रभावी होंगे यह देखना होगा।' भारत को 2018-19 और 2020-21 में सीरीज में जीत दिलाने में बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने अहम भूमिका निभाई थी लेकिन वाटसन को नहीं लगता कि उनके नहीं होने से टीम पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि भारत के पास यशस्वी जायसवाल जैसा बल्लेबाज है।

उन्होंने साथ ही कहा, 'यशस्वी विरोधी टीम के गेंदबाजों को आउट करने का मौका नहीं देते है। इस तरह के बल्लेबाज अगर ऑस्ट्रेलिया में आते हैं और आक्रामक तरीके से खेलते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाते हैं, तो वे अधिक प्रभाव डाल सकते हैं। इस तरह के बल्लेबाज मैच को तेजी से आगे बढ़ते है।' उन्होंने कहा, 'भारत के पास जिस क्षमता वाले बल्लेबाज हैं और उनके पास जो कौशल है, ऐसा कोई कारण नहीं है कि वे गेंदबाजों पर दबाव डालने में विफल रहेंगे। वे बिना गलती किये तेजी से रन बना सकते हैं।' वॉटसन ने कहा कि भारत को हराने के लिए मेजबान ऑस्ट्रेलिया को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के पास ऐसी टीम है जिसके पास दबाव बनाने की क्षमता है। यह टीम ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में बड़ी चुनौती दे सकती है। ।'

शंघाई में मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में जीत के बाद उत्साहित सर्बिया के नोवाक जोकोविच।

अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे सचिन

मुंबई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले संस्करण के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। आईएमएल में भारत के साथ ही श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट 17 नवंबर से 8 दिसंबर तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में कई दिग्गज खिलाड़ी दिखेंगे। इसमें वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा, श्रीलंका के कुमार संगकारा, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन , इंग्लैंड के इयोन मोर्गन , और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस भी खेलेंगे। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 17 नवंबर से भारत और श्रीलंका के बीच मैच से होगी। और लीग एम्बेस्डर तेंदुलकर ने कहा, आईएमएल के राजदूत और चेहरे के रूप में मैं लीग में इंडिया मास्टर्स का नेतृत्व करने और उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूं। यह अगली पीढ़ी को प्रेरित करने का एक अवसर है, साथ ही हम सभी को पसंद आने वाले खेल का जश्न मनाने का भी। वहीं श्रीलंकाई कप्तान ने कहा, इस प्रारूप में एक बार फिर सचिन जैसे सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना विशेष है। प्रशंसकों को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखने और कुछ अविस्मरणीय क्षणों को फिर से जीने का मौका मिलेगा। इस टूर्नामेंट के दूसरे मैच में शेन वॉटसन की ऑस्ट्रेलिया टीम जैक्स कैलिस की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। इसके बाद श्रीलंका और इयोन मोर्गन की इंग्लैंड के बीच एक और मुकाबला होगा। ब्रायन लारा की कप्तानी में वेस्टइंडीज टीम ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान शेन वॉटसन ने कहा, खेल के इतने सारे दिग्गजों को एक साथ एक लीग में खेलते हुए देखना एक विशेष अनुभव रहेगा।

वुहान में रुस की एंड्रिया मिरा महिलाओं के एकल मुकाबले में जीत के बाद उत्साहित होते हुए।

क्रिकेटर प्रवीण तांबे का सफर मुश्किलों भरा रहा

मुम्बई (ईएमएस)। सबसे अधिक उम्र 41 साल में आईपीएल खेलने वाले प्रवीण तांबे का यहां तक का सफर आसान नहीं रहा। उनकी जिंदगी में कई उतार-चढाव आये। उनकी जिंदगी पर एक फिल्म भी आई थी। यह फिल्म काफी चर्चाओं में भी रही थी। प्रवीण ने क्रिकेटर बनने से पहले शिपिंग से लेकर कारपोरेट तक कई जगह काम किया था पर टिक नहीं पाये। ऐसे में डीवाई पाटिल ने उन्हें क्रिकेट खेलने का काम दिया। आईपीएल शुरू होने के 5 साल बाद 2013 में पहली बार राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें टीम में जगह दी। तब वह 41 साल के थे। वह इस तरह डेब्यू करने वाले सबसे उम्रदराज आईपीएल खिलाड़ी बने थे।

टी20 महिला विश्व कपः न्यूजीलैंड की हार से भारतीय टीम की राह आसान हुई

दुबई (ईएमएस)। टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की न्यूजीलैंड पर जीत के साथ ही भारतीय टीम की राह आसान हो गयी है। ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन से जीत से कीवी टीम को नेट रनरेट निगेटिव में चला गया। ऐसे में अब भारत और न्यूजीलैंड के नेट रनरेट में ज्यादा अंतर नहीं है।

भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी अब फिट हैं। पिछले मैच में उन्हें गर्दन में चोट लग गयी थी। भारतीय टीम को पहले मैच में न्यूजीलैंड ने 58 रन से हराया था। इसके चलते भारत का नेट रनरेट काफी कम हो गया। वहीं भारत के ग्रुप में शामिल ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंक तालिका में उससे ऊपर हैं। ऑस्ट्रेलिया 4 अंक के साथ पहले नंबर पर है। वहीं एक दिन पहले तक न्यूजीलैंड 2 अंक और 2.900 रनरेट के साथ पहले नंबर पर था। ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद वह तीसरे नंबर पर खिसक गया है। अब उसका रनरेट -0.050 हो गया है। वहीं भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड एक-एक मैच हारे हैं और तीनों टीमों के 2-2 अंक हैं। ये टीमें अब अधिकतम 6 अंक तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में इन तीनों टीमों को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अंक के साथ-साथ नेट रनरेट भी बेहतर रखना होगा। न्यूजीलैंड की हार से भारत का नेट रनरेट बेहतर हुआ है।

टी20 महिला विश्व कप : मेगन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं

ऑस्ट्रेलिया की मेगन शुट्ट महिला टी20 विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गयी हैं। मेगन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए मुकाबले में जॉर्जिया प्लिमर को आउट करने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल का सबसे अधिक 43 विकेटों का रिकार्ड तोड़ दिया। शबनीम ने अपने करियर के दौरान 32 मैच में 43 विकेट लिए थे। वहीं मेगन ने , केवल 26 मैचों में ही यह आंकड़ा हासिल कर लिया। मेगन के अब टी20 विश्व कप में 46 विकेट हो गये हैं। वहीं महिला क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं इंग्लैंड की आन्या श्रुबसोल। आन्या के नाम 41 विकेट हैं। मेगन ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन कर वह उत्साहित हैं। पहली पारी में हमने सोचा कि हम एक समय 160 रन तक पहुंच जाएंगे, लेकिन हमने कुछ विकेट खो दिए और इसलिए शायद 10-15 रन कम रह गए, लेकिन हम जानते थे कि अगर हम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हम अच्छी स्थिति में रहेंगे।

टी20 महिला विश्व कप : मेगन की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराया

मेगन शट की की घातक गेंदबाजी से आईसीसी टी20 महिला विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड को 61 रनों से हरा दिया है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 148 रन बनाये। इसके बाद मेगन की गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम टिक नहीं पायी और केवल 88 रन पर ही सिमट गयी। मेगन ने 3 रन देकर 3 विकेट लिए। इस मैच में ऑस्ट्रलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरु की। उसकी ओर से बेथ मूनी ने सबसे ज्यादा 40 रन जबकि एलिस पेरी ने 30 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम बल्लेबाजी में विफल रही। इस मैच में तीन विकेट लेने के साथ ही मेगन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 विकेट लेने के साथ ही मेगन ने दक्षिण अफ्रीका की शबनम इस्माइल के 43 विकेट को रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस मैच से पहले दोनों ही संयुक्त रूप से पहले स्थान पर थी पर अब मेगन पहले नंबर पर पहुंच गयी हैं। मेगन ने गेंदबाजी में 1 ओवर मेडल डाला और 3 रन देकर 3 विकेट अपने लिए।

सेंसेक्स 167 अंक की गिरावट के साथ 81,467 पर बंद: निफ्टी भी 31 अंक गिरा, बीएसई स्मॉल कैप में 670 अंक की तेजी रही

मुंबई: सेंसेक्स 9 अक्टूबर को 167 अंक की गिरावट के साथ 81,467 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 31 अंक की गिरावट रही, ये 24,981 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 670 अंक चढ़कर 56,110 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट और 19 में तेजी रही। एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस को छोड़कर सभी सेक्टर में तेजी रही।

घरेलू निवेशकों ने 7,000.68 करोड़ के शेयर खरीदे

- रिलायंस, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया। जबकि, एसबीआई, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक ने बाजार को ऊपर खींचा।

- एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.87% की तेजी रही। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.38% और चीन का शंघाई कम्पोजिट 6.62% की गिरावट के साथ बंद हुआ।
- 8 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.30% चढ़कर 42,080 पर और नैस्डैक 1.45% चढ़कर 18,182 पर बंद हुआ। S&P 500 भी 0.97% बढ़कर 5,751 पर बंद हुआ।
- एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 8 अक्टूबर को 5,729.60 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 7,000.68 करोड़ के शेयर खरीदे।

म्युचुअल फंड के निवेश ने रोकी शेयर बाजार की गिरावट

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली हो रही है। बिकवाली के कारण शेयर बाजार में लगातार गिरावट बनी हुई थी। शेयर बाजार की गिरावट को रोकने के लिए पहली बार म्युचुअल फंड ने शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर निवेश करना शुरू किया। लगभग 3 लाख करोड रुपए के निवेश से मंगलवार और बुधवार को शेयर बाजार की गिरावट रोकने मैं जहां सफलता मिली। वहीं शेयर बाजार में भारी तेजी के साथ शेयर कारोबार हुआ है। म्युचुअल फंड के निवेश करने के कारण मंगलवार को सेंसेक्स 585 अंक चढ़ा। बुधवार को भी शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। स्मॉल कैप, मिड कैप, और माइक्रो कैप के शेयरों मेंनिवेश होने से तेजी देखने को मिली। तीनों सेगमेंट के शेयरों में लगभग दो फ़ीसदी की तेजी से बाजार मे तेजी देखने को मिली। मंगलवार को भी विदेशी निवेशक बिकवाली करके बाजार से निकलते चले गए। म्युचुअल फंड खरीदारी करके बाजार को गिरने से रोकने में लगा रहा। भारतीय शेयर बाजार में म्युचुअल फंड अभी तक लगभग 3 लाख करोड रुपए का निवेश कर चुका है। मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम आए थे। जो भाजपा के पक्ष में थे। म्युचुअल फंड की खरीदारी, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की गिरावट के कारण शेयर बाजार में तेजी का वातावरण देखने को मिला।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड (कच्चे तेल) की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। वहीं इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है। कुछ जगहों पर दाम कम हुए हैं जबकि कुछ में बढ़े हैं। कर्नाटक, केरल और एमपी समेत अन्य प्रदेशों में पेट्रोल-डीजल के दाम घटे हैं। वहीं, असम, बिहार, छत्तीसगढ़ और गोवा समेत कुछ राज्यों में भी कीमतें बढ़ी हैं। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.75 रुपये प्रति लीटर पर है। लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर और जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है. चार महानगरों की बात करें तो केवल चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.85 रुपये और डीजल 92.44 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है।

एनसीएलटी ने सिस्का एलईडी लाइट्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सिस्का एलईडी लाइट्स के परिचालन ऋणदाता सनस्टार इंडस्ट्रीज की याचिका स्वीकार करते हुए कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। पुणे स्थित एसएसके समूह की इकाई सिस्का एलईडी लाइट्स, एलईडी लाइट, पर्सनल केयर उपकरण, मोबाइल एक्सेसरीज, घरेलू उपकरण तथा स्मार्ट घड़ियों जैसे क्षेत्रों में है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने सनस्टार इंडस्ट्रीज द्वारा दायर उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें 7.70 करोड़ रुपये के कुल बकाये का दावा किया गया था। पीठ ने दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों के तहत सिस्का एलईडी लाइट्स के निदेशक मंडल को निलंबित करते हुए देबाशीष नंदा को अंतरिम समाधान पेशेवर नियुक्त किया है। एनसीएलटी ने सिस्का एलईडी लाइट्स के इस मामले में दावों को खारिज करते हुए कहा कि संबंधित पक्षों के बीच ई-मेल के आदान-प्रदान से पता चलता है कि परिचालन ऋणदाता के प्रति कंपनी की देयता बनती है। पीठ ने कहा, हमारा यह मत है कि आवेदक परिचालन ऋण के अस्तित्व तथा कॉरपोरेट देनदार की ओर से इसकी चूक साबित करने में सफल रहा। साथ ही आवेदन समयसीमा के भीतर दायर किया गया है। दो सदस्यीय पीठ ने मंगलवार को पारित अपने आदेश में कहा, तदनुसार, हम मानते हैं कि यह संहिता की धारा 9 के तहत उपयुक्त मामला है।

त्योहारी सीजन में कार शोरूमों में चार गुना बढ़े ग्राहक, बिक्री बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली (ईएमएस)। अक्टूबर के पहले सप्ताह में कार शोरूमों में ग्राहकों की संख्य चार गुना बढ़ गई। इसी महीने दो बड़े त्योहार दशहरा और दीवाली हैं जिसमें लोग खूब खरीदारी करते हैं। कार डीलर के सूत्रों का कहना है कि पिछले 2 से 3 महीनों की तुलना में ग्राहकों की ओर से पूछताछ और बुकिंग 3 से 4 गुना बढ़ गई है। अगर इसे संकेत के तौर पर देखें तो त्योहारी सीजन की अच्छी शुरुआत मानी जा सकती है। कार डीलरों और वाहन विनिर्माताओं का कहना है कि इस साल त्योहारी सीजन पिछले साल से बेहतर रह सकता है। 2023 में 24 दिन के त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड 5,47,247 यात्री वाहनों की बिक्री हुई थी। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर के पहले हफ्ते में शोरूम में संभावित ग्राहकों की आमद करीब 4 गुना बढ़ गई। उन्होंने कहा कि इसके पीछे कई कारण हैं। इस साल चुनावों और फिर प्रचंड गर्मी तथा मॉनसून के दौरान कुछ इलाकों में बाढ़ के कारण यात्री वाहनों की बिक्री प्रभावित हुई है। ऐसे में उस दौरान जिन ग्राहकों ने खरीद की योजना टाल दी थी वह भी अब वाहन खरीदने आ रहे हैं।

एनबीएफसी को आरबीआई गवर्नर दास ने चेताया, कहा- गलत तरीके अपनाकर आगे बढ़ने से बचें

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को उन गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी जो तेजी से आगे बढ़ने के लिए 'अस्थिर' तरीके अपना रही हैं। आरबीआई गवर्नर दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए कड़े शब्दों में ऐसी एनबीएफसी से ईमानदार, निष्पक्ष रहने और टिकाऊ व्यवहार का पालन करने को कहा। दास ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि एमएफआई (सूक्ष्म वित्त संस्थान) और एचएफसी सहित एनबीएफसी स्थायी व्यावसायिक लक्ष्यों का पालन करें। ''अनुपालन सर्वप्रथम संस्कृति अपनाएं, एक मजबूत जोखिम प्रबंधन ढांचा अपनाएं, निष्पक्ष व्यवहार संहिता का कड़ाई से पालन करें और ग्राहकों की शिकायतों पर ईमानदारी से गौर करें। उन्होंने आगाह करते हुए कहा, रिजर्व बैंक इन क्षेत्रों पर करीबी नजर रख रहा है और जरूरत पड़ने पर उचित कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। दास ने यह भी कहा कि आरबीआई चाहता है कि एनबीएफसी स्वयं सुधार करें। उन्होंने कहा कि एनबीएफसी क्षेत्र ने पिछले कुछ वर्षों में ''प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है और ऐसे ऋणदाताओं ने वित्तीय समावेश के नीतिगत उद्देश्य में मदद की है। हालांकि, उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ एनबीएफसी टिकाऊ व्यावसायिक व्यवहार और जोखिम प्रबंधन ढांचे का निर्माण किए बिना आक्रामक रूप से वृद्धि की राह पर आगे बढ़ रही हैं। गवर्नर ने कहा, ''किसी भी कीमत पर वृद्धि का अविवेकपूर्ण दृष्टिकोण उनके स्वयं के लिए प्रतिकूल होगा।

इनके परिणामस्वरूप प्रतिकूल कार्य संस्कृति तथा खराब ग्राहक सेवा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दास ने बैंकों और एनबीएफसी से कहा कि वे इन क्षेत्रों में अपने व्यक्तिगत ऋणों के आकार और गुणवत्ता दोनों के संदर्भ में सावधानीपूर्वक आकलन करें तथा कर्ज की कड़ी निगरानी करें।

आरबीआई ने यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट 5000 की

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यूपीआई लाइट की पर ट्रांजेक्शन लिमिट को 500 से बढ़ाकर 1000 कर दिया है। इसके साथ ही आरबीआई ने यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट को 2000 से बढ़ाकर 5000 कर दिया है। वहीं, फीचर फोन यूजर्स के लिए आरबीआई ने यूपीआई 123 की लिमिट को 5000 से बढ़ाकर 10,000 कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी देते हुए यह ऐलान किया। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि वर्तमान में यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और इमेडिएट पेमेंट सर्विस में लुकअप फैसिलिटी मिलती है। लुकअप फैसिलिटी के जरिए पेमेंट करते समय रिसीवर का नाम और डिटेल दिख जाती है। इससे गलत व्यक्ति को पेमेंट होने की आशंका खत्म हो जाती है। अब यह फीचर रियल टाइम ग्रॉस सेटेलमेंट सिस्टम और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर प्रणाली में भी लाने का प्रस्ताव है।

लॉफिंग ज़ोन

पत्रकार (कवि से), 'आपको कवि सम्मेलन में भाग लेने से क्या कुछ मिलता हैं?'

कवि (दुखी स्वर में) 'टमाटर, अंडे वगैरा।'

□ □ □

न्यायधीश (अपराधी को सजा सुनाते हुए) 'अच्छा बताओ की तुमने समाज का क्या भला किया ?'

अपराधी, 'श्री मान जी हम लोगों के कारण ही पुलिस विभाग में हजारों आदमियों को नौकरी मिली हुई हैं।'

□ □ □

दो सहेलियां बरसों बाद मिलीं।

पहली उसे अपने घर ले गई। ड्राइंग रूम में भूसा भरे शेर को देख कर सहेली ने पूछा – 'बड़ा सुंदर शेर है, कहां से लिया?' वह बोली –'एक बार मैं पति के साथ शिकार पर गई थी। इतने में सामने से शेर आ गया। पति ने आगे बढ़ कर गोली चलाई लेकिन निशाना चूक गया। शेर कुछ देर बाद लौटा तो मैंने उसे गोली मार दी।' लेकिन इस शेर के अंदर क्या है?' मेरे पति !'

□ □ □

बेटा– पापा, पांच और पांच कितने होते हैं?

पापा– अरे यार कम अक्ल हो क्या? जाओ जल्दी से कैलकुलेटर लेकर आओ।

आज का इतिहास

1733 फ्रांस ने रोम के खिलाफ जंग का ऐलान किया था।
1756 क्लाइव राईस कोलकाता पर पुन: कब्जे के लिए नौ सौ यूरोपीय व पंद्रह सौ भारतीय सैनिकों के साथ रवाना हुए।
1842 दूसरे अफगान युद्ध की समाप्ति पर ब्रिटेन ने जीत का दावा किया।
1859 अर्जेन्टीना में गृहयुद्ध भड़का।
1911 चीन में डॉ. सनयात सेन के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने मंचू वंश का शासन उखाड़ फैंका।
1938 नाजी जर्मनी ने सुदेतनलैंड चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा किया।
1963 इटली में एक बांध टूटने से 18 लोग मारे गए।
1967 क्यूबा के क्रांतिकारी चेग्वेवारा बोलीविया में मारे गए।
1970 दो नकाबपोश व्यक्तियों ने क्यूबेक कनाडा के श्रममंत्री पियरेलापोर्टे का अपहरण कर लिया।
1971 फ्लोरिडा में तूफान से दो सौ से अधिक लोग मारे गए।
1976 थाईलैंड में सैनिक क्रांति के बाद हजारों वामपंथी छात्र बुद्धिजीवी और प्रोफेसर देश छोड़कर भाग गए या भूमिगत हो गए।
1977 सोवियत संघ के दो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष केंद्र से यान जोड़ने में असफल होने पर धरती पर लौटने को कहा गया।
1980 अल असनान अल्जीरिया में भूकंप से हजारों लोग हताहत हुए।
1988 तमिल उग्रवादियों ने उत्तरी श्रीलंका के एक गांव पर हमलाकर 47 लोगों को मार डाला।
1992 हुगली नदी पर बना दूसरा पुल विद्यासागर सेतु राष्ट्र को समर्पित।
2005 भारतीय प्रेस संस्थान के निदेशक व एडिटर्स गिल्ड के वरिष्ठ सदस्य चंचल सरकार का निधन।

दैनिक पंचांग

10 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	तुला	06.29 बजे से
चंद्र	धनु में	वृश्चिक	08.44 ब.से
मंगल	मिथुन में	धनु	11.00 बजे से
बुध	कन्य में	मकर	13.05 बजे से
गुरु	वृष में	कुंभ	14.52 बजे से
शुक्र	तुला में	मीन	16.25 बजे से
शनि	कुंभ में	मेष	17.55 बजे से
राहु	मीन में	वृष	19.35 बजे से
केतु	कन्या में	मिथुन	21.33 बजे से
		कर्क	23.47 बजे से
		सिंह	02.03 बजे से
		कन्या	04.15 बजे से

राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक

गुरुवार 2024 वर्ष का 284 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** सप्तमी 12.32 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 05.41 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 04.37 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** वणिज 12.32 बजे तदनन्तर विष्टि 00.25 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 07.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 45' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872128 **जूलियन दिन** 2460593.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 06 **विशेष** सरस्वती पूजा, नवपत्रिका पूजा, विश्व मानसिक स्वास्थ्य एवं दृष्टि दिवस।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
शुभ	05.54	से 07.22	बजे तक	अमृत	05.40	से 07.11	बजे तक
रोग	07.22	से 08.51	बजे तक	चर	07.11	से 08.43	बजे तक
उद्वेग	08.51	से 10.19	बजे तक	रोग	08.43	से 10.15	बजे तक
चर	10.19	से 11.47	बजे तक	काल	10.15	से 11.47	बजे तक
लाभ	11.47	से 01.15	बजे तक	लाभ	11.47	से 01.19	बजे तक
अमृत	01.15	से 02.43	बजे तक	उद्वेग	01.19	से 02.51	बजे तक
काल	02.43	से 04.11	बजे तक	शुभ	02.51	से 04.23	बजे तक
शुभ	04.11	से 05.40	बजे तक	अमृत	04.23	से 05.55	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8154

बाएँ से दाएँ

1. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4. पंजाब की एक नदी-4
7. अनाथालय-5
9. दूसरा, पराया-2
11. चलने का तरीका-2
12. नृत्य-2
13. समीप, पास, नजदीक-3
15. बुरी आदत-2
16. नृत्य करना-3
17. प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18. मालिक, ईश्वर-2
19. निहित, कारण-3
21. भाग्य (अंग्रेजी-2)
23. थूक, लेस-2
24. नवीन, नव-2
25. नयापन, अनूठापन-5
29. नामवाला, नामचिन-4
30. करिश्मा, चमत्कार-4

ऊपर से नीचे

1. मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2. कोक, कहवा-2
3. कामदेव की पत्नी-2
4. मित्र, दोस्त-2
5. पेड़ का मध्य भाग-2
6. नादानी, अनाड़ीपन-4
8. बंदर नचाने वाला-3
10. रचना करने वाला-5
11. आरचण, चरित्र-5
13. कपड़े की दिवार-3
14. उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18. पूजा, प्रार्थना-4
20. खूबसुरत, सुन्दर-3
22. कहर, भूचाल-4
25. नया, नवीन-2
26. शूर, बहादूर, सूरमा-2
27. अवधि में, पर्यंत-2
28. मृत, अप्रबल-2

शब्द पहेली -8153 का हल

■	क	थ	न	■	सी	धा	प	न
झ	■	■	ज	रु	र	■	■	म
ल	■	जा	र	■	त	र	■	की
क	म	र	बं	द	■	म	हा	न
■	ग	■	द	■	प	■	जि	■
म	न	का	■	प	रि	चा	र	क
द	■	का	र	■	चा	ल	■	ह
म	■	■	ह	म	ल	■	■	वा
स्त	र	ही	न	■	क	हा	नी	■

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

अंकजाल - 7695

	25	23	9	■	37	29	17	12	■
18		6		■		8		3	24
16	5		5	■	4		2		22
13		8	■	7		3		2	25
29	7		4		6		■	■	■
■	■	■		3		2		7	33
31	2		7		9	■	2		5
26		5		7	■	3		4	13
18	5		5		■		4		14
■	15	12	31	33	■	6	17	21	■

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 7694 का हल

■	12	23	22	28	■	10	18	25	■
22	8	9	2	3	■	5	4	9	18
22	2	7	5	8	■	5	3	8	16
22	2	7	3	4	6	■	9	3	12
■	■	■	7	2	5	7	2	5	28
36	7	8	5	6	7	3	■	■	■
10	6	4	■	5	2	5	6	3	21
19	4	7	8	■	8	5	8	6	27
18	4	6	8	■	7	5	6	7	25
■	21	25	16	■	35	25	20	16	■

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6639

3	6		4	7		5
	36		29		30	1
2		5			4	
	33		29	4	34	
1	7	3				2
	34		32	6	36	7
5		7		1		3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6638 का हल

5	3	1	4	6	7	2
4	28	2	25	2	36	7
2	5	6	3	1	7	4
6	34	3	35	5	33	6
3	2	7	6	4	5	1
7	34	5	42	3	30	5
1	5	4	6	7	2	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

गणित पहेली - 5999

79		15		74		2	=	40
	■		■		■		■	
40		25		50		25	=	40
	■		■		■		■	
5		10		2		25	=	50
	■		■		■		■	
40		4		40		20	=	70
=	■	=	■	=	■	=	■	=
4		34		52		5	=	60/85

Jagrutidaur.com, Bangalore

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

गणित पहेली - 5998

20	+	40	-	58	+	25	=	27
+	■	-	■	x	■	-	■	-
33	-	12	+	3	-	14	=	10
-	■	+	■	÷	■	+	■	+
25	x	5	+	6	-	72	=	59
+	■	-	■	-	■	-	■	-
33	÷	3	-	5	x	10	=	60
=	■	=	■	=	■	=	■	=
61	-	30	-	24	+	73	=	16/80

शब्दजाल- 7686

शब्द जाल में 'ज' से शुरु होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

या	ज	गा	र	ग	ब	ज	क	प	ल	क		
दें	वा	ज	क	या	ज	का	मौ	स	ज	ड़		
क	ह	या	य	र्म	छ	स	या	ता	य	क		
क	र	ल	र	दे	वी	स	न	ल	श	क		
ज	इ	ल	म	सं	व	ज	श	र	ला	ल		
क	ज	दा	ई	र	ब	ज	फ	लो	श	ज		
क	ज	चे	दा	ई	क	स	री	ग	प	न		
द	र	मी	प	व	ज	ना	र्द	न	ज	स		
क	ज	ल	ज	न	व	री	ऐ	ना	प	ह		
क	मी	ल	प	द	या	स	मा	ज	स	यो		
का	न	चे	न्न	ई	क	ज	री	ग	प	ग		

जवाहर, जयदेव, जनता, जय, जनार्दन, जनवरी, जनसहयोग, जमाना, जमीदार, जमीन.

शब्दजाल - 7685 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शिव सेना दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुला

कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची : लक्ष्मी नगर पिसका मोड़ स्थित शिवसेना दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल आज भक्तों के लिए खोल दिया गया पंडाल का उद्घाटन समिति के मुख्य संरक्षक श्री उदय प्रताप सिंह और समस्त शिवसेना परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा किया गया समिति इस बार भक्तों के लिए स्वप्न लोक की थीम पर बना पूजा पंडाल प्रस्तुत कर रही है माता की 15 फीट की भव्य मूर्ति भक्तों के मन को भाव विभोर कर रही है अगल-बगल खाने पीने के लजीज व्यंजनों के स्टॉल और छोटे बच्चों के लिए आकर्षित झूले भी लगाए गए हैं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं बड़ी स्क्रीन के साथ-साथ 10 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं इस मौके पर समिति के अध्यक्ष श्री रामा कांतओझा संयोजक से बैजू सोनी कार्यकारी अध्यक्ष श्री नरेश पंडित उपाध्यक्ष श्री कंचन कुमार पंडाल प्रभारी श्री संजीत दास कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार साहू सचिव दीपक पोद्दार सुदीप उराँव संतोष कुमार सिंह श्री संजय सिंह तथा सारे सम्मानित सदस्य मौजूद थे.

गाय को राज्य पशु का दर्जा घोषित करें सरकार: आदर्श मल्लिक

रांची : भारतीय जनता युवा मोर्चा के खेल संयोजक सह श्री राम दल के केंद्रीय अध्यक्ष आदर्श मल्लिक का कहना है कि प्राचीन काल से ही भारत में लोगों की जिंदगी में गायों का अहम स्थान रहा है भारत की संस्कृति और हिंदुओं में गाय की बड़ी महिमा है। गाय माता अनेक प्रकार से हमारी जिंदगी में हमें मदद करती है चाय दूध के माध्यम से या किसानों को खेती करने में। उन्होंने आगे कहा कि गाय माता का हमें सम्मान करना चाहिए। इसलिए मैं राज्य सरकार से दरखास्त करता हूं कि गाय माता को राज्य पशु का दर्जा घोषित किया जाए और गाय माता को पर्याप्त संरक्षण मिले साथ ही गौशालाओं का अच्छे तरीके से ध्यान रखा जाए।

रांची में छेड़खानी करने वाले और छिनैती करने वाले अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है: अनूप बिरथरे

रांचीः दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची में छेड़खानी करने वाले और छिनैती करने वाले अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है । इसे लेकर रांची पुलिस के साथ शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जगह-जगह शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है। सभी पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में शक्ति कमांडो गश्त करेगा और मनचलों पर नजर रखेगा। दुर्गा पूजा को लेकर रांची के सभी स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ कोचिंग संस्थान में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। ऐसे में शक्ति कमांडो अब स्कूलों और कॉलेजों की ड्यूटी से फ्री हो गई हैं। इसलिए अब शक्ति कमांडो को दुर्गा पूजा के दौरान छेड़खानी और छिनैती जैसी वारदातों को रोकने के लिए ड्यूटी पर तैनात किया गया है। डीआईजी अनूप बिरथरे ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि न सिर्फ शक्ति कमांडो, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों के साथ-साथ महिला थाना प्रभारियों को भी दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट मोड में रखा गया है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में डायल 112 के माध्यम से कई शिकायतें आ रही हैं।

दुर्गा पूजा पर ओरमांझी में आओ झुमे नाचे बच्चों का कार्यक्रम आयोजित किया गया

ओरमांझी-ओरमांझी के दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में पुजा समिति द्वारा छोटे छोटे बच्चों बच्चियों के प्रतिभा में निखार व उत्साह वर्धन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस प्रतियोगिता आओ झुमे नाचे का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड क्षेत्र से काफी संख्या में बच्चे बच्चियों ने भाग लिया है यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगी इसका फाईनल विजय दशमी के दिन होगा जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे बच्चियों को समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा. आज इस कार्यक्रम का शुभारंभ मारूति मंगल परिवार समाजिक व आध्यात्मिक संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो व पुव सांसद रामटहल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया मौके मारूति मंगल परिवार के मुकुन्द महतो रमेश मदन निरजन गोप भोला संजय रिकेश पवन अमरनाथ भोक्ता कामेश्वर बेदिया बालकिशोर मुण्डा बिरसा बेदिया आशिष प्रमाणिक संदीप कुमार के वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश राव आदि उपस्थित थे. इसके सफल आयोजन में समिति के अध्यकक्ष रामकुमार महतो सचिव दीपक बडाईक कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू शतीश बडाईक राजेश गुप्ता संतोष कुशवाहा दिन दयाल लोहार मुण्डा राजेंद्र साहू सीताराम साहू सीताराम महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे. वहीं इसके पहले डांडिया नृत्य में भाग लेने वाले बच्चियों व माताएं ने खुब प्रेक्टिस किए.

डिवाइन पब्लिक स्कूल में नवरात्री पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगपाचो गांव स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में नवरात्री पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम उद्घघाटन निदेशक आईपी भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर आईपी भारती ने सभी को नवरात्रि की शुभकामना देते हुए कहा की दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। यह समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा देता है।उन्होंने बताया की देवी दुर्गा की पूजा हमे सिखाती है की जीवन की कठिनाइयों का सामना शक्ति और संकल्प से करना चाहिए।प्राचार्या स्वाति रंजन ने कहा की देवी दुर्गा जिन्हे महिषासुर मर्दिनी के नाम से भी जाना जाता है।उन्होंने अपने शक्तिशाली रूपों के साथ महिशासुर से 9 दिनों तक युद्ध किया और अंततः उसे पराजित किया।इस अवसर पर विद्यालय में नृत्य, संगीत एवं नाटक का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य प्रतिभागी पारी साहू, विदिसा, आरुषि, कृष्णा, दिव्या, भूमिका, करण, पंकज समेत अन्य ने अपने-अपने अभिनय से सबका मन मोह लिया।

पलामू में ड्रग पैडलर हुआ गिरफ्तार:दो लाख रुपए का अफीम बरामद, जूते के अंदर प्लास्टिक में रखा था पुड़िया

पलामू: पलामू पुलिस ने एक ड्रग्स पैडलर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से करीब दो लाख रुपए मूल्य का अफीम बरामद हुआ है। बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार अफीम तस्कर इजराईल आलम उर्फ गोल्डेन आलम (20) तरहसी थानाक्षेत्र के जमना गांव का है। इसकी गिरफ्तारी शहर थाना क्षेत्र में पांकी रोड स्थित संत जेवियर स्कूल के पास से हुआ है। तीसरे कक्षा तक पढ़ाई करने वाला ड्रग्स पैडलर जूता के अन्दर प्लास्टिक में 260.36 ग्राम अफीम छिपा कर रखा था।

गुप्त सूचना के बाद की कार्रवाई

एसपी को जानकारी मिली थी कि अफीम की खरीद - बिक्री करने दो व्यक्ति शहर पहुंचें हुए हैं। कचरवा डेम रोड संत जेवियर स्कूल के सामने नहर रोड के पास अफीम का सौदा होना था। सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम संत जेवियर स्कूल के सामने नहर रोड के पास पहुंचीं तो पुलिस को देख इजराईल आलम भागने लगा। पुलिस जवानों ने उसे पकड़ा। तलाशी के क्रम में बाएं पैर के जूता से अफीम मिला।

गांव के ही व्यक्ति को आया था बेचने

गिरफ्तार इजराईल ने पुलिस को बताया कि गांव के ही रहने वाले कलाम मियां के साथ यहां अफिम बेचने आया था। कलाम ग्राहक लाने गया था। एसडीपीओ ने कहा कि अफीम तस्करी का सरगना कलाम है। उसकी तलाश में पुलिस लगी है। कलाम की गिरफ्तारी के बाद इस गिरोह के पूरे नेटवर्क का पता लगेगा। छापामारी टीम में एसडीपीओ मणिभूषण के साथ थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, एसआई सोनु कुमार चौधरी, एएसआई इन्द्रदेव पासवान, आरक्षी राकेश कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह, रोहित कुमार शामिल थे।

उग्रवादी हिंसा से प्रभावित दो आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर दिया गया नियुक्ति पत्र

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा : बुधवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उग्रवादी हिंसा में मारे गए दो मृतकों के आश्रितों को उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के पद पर नियुक्ति के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया।

प्रशासन द्वारा 4 माह के अंदर मृतक के बेटे विधाय बिरहोर को दिया गया नियुक्ति पत्र

हिंदिया कला के उग्रवादी हिंसा में मारे गए बिरहोर परिवार के आश्रित को आवेदन प्राप्ति से चार माह के अंदर जिला प्रशासन द्वारा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी गई है। 25 मई 2024 को प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया कला के रहने वाले बिरहोर परिवार के बिफन बिरहोर की हत्या उग्रवादियों द्वारा की गई थी।

प्रशासन के द्वारा मर्माहत परिवार को तात्कालिक रूप से आवासन एवं बाक़ी सहयोग किया गया था।साथ ही मृतक के बेटे एवं अन्य एक मृतक की पत्नी को झारखंड सरकार की नीति के तहत नौकरी व अनुग्रह अनुदान हेतु आश्वासित किया गया था।

जिलास्तर पर आवेदन प्राप्त कर आवश्यक काग़ज़ात, मेडिकल रिपोर्ट, पुलिस प्रतिवेदन आदि प्राप्त कर जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक में चतुर्थ श्रेणी में नौकरी की अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया था। जिसपर झारखंड

सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात आज मृतक के आश्रित पुत्र बिधाय बिरहोर को अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग के लिए नियुक्ति पत्र उपयुक्त रमेश घोलप द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही अन्य एक मृतक के आश्रित को अनुकंपा के तहत ही एक लाख रुपया की अनुदान राशि देने की कार्रवाई की जा रही है।

वहीं एक अन्य मामले में 17 अप्रैल 2020 को टंडवा प्रखंड के ग्राम बचरा बस्ती के अक्षय कुमार की भी उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी इनके आश्रित पत्नी चंचला देवी को चतुर्थ वर्ग के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया।

उपायुक्त ने कहा

चतरा उपायुक्त श्री घोलप ने बताया कि पीड़ित परिवार को प्रशासन के द्वारा घटना के पश्चात पीड़ित परिवार को संवेदनशीलता के साथ हर संभव मदद किया गया है। झारखंड सरकार के नीति के तहत बिरहोर परिवार को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दी गई है। इसके अलावे उग्रवादी हिंसा से संबंधित कई लंबित मामलों का भी निष्पादन किया गया है एवं नियुक्ति पत्र भी वितरण किए गए है।

बिधाय बिरहोर ने क्या कहा

बिधाय बिरहोर ने न्युक्ति पत्र लेने के पश्चात बताया कि मैं झारखंड सरकार का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे पिता के उग्रवादी हिंसा में हुए हत्या के पश्चात मामले को संज्ञान में लेते हुए मात्र चार माह के अंदर मुझे नौकरी दिया। जिससे अब हम नौकरी से होने वाले आय से अपने परिवार का भरण पोषण अच्छे से कर सकूंगा। मुझे इस नौकरी के लिए जिला प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मियों द्वारा भी पूरा सहयोग मिला इसके लिए सभी को धन्यवाद।

इस मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता विनय कुमार समेत लाभुक उपस्थित थे।

स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत 534 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ बांटी स्वच्छता बाल्टी

जमशेदपुर । कदमा कांग्रेस कार्यालय में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने वृद्ध,विधवा एवं दिव्यांगजनों के बीच सर्वजन पेंशन योजना के तहत 534 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ स्वच्छता बाल्टी दिया.इस के साथ ही मंत्री बन्ना गुप्ता ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे क्षेत्र में घूम घूम कर झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाएं (18 से 50 साल के महिलाओं) के लिए मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना एवं (वृद्धा,विधवा,सर्वजन,एकल महिला,विकलांग)योजना में जो व्यक्ति छूट गए हैं ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें इन योजनाएं से लाभांवित करें.इस दौरान मनोज झा,भोलेनाथ गोस्वामी,बबुआ झा,विजेंद्र तिवारी,संजय तिवारी, अमित कुमार,सोंटी रजक,धनू महतो,इरशाद हैदर,विशु,सु कुमारी,माजिद अख्तर,मुकेश रजक,बाबू प्रमाणिक,राजा मंडल, सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

कालरा और मिंदी ने की वार्ता झारखंड में होगा सिख सम्मेलन ,अब निर्दलीय प्रत्याशी खड़ा करेगा सिख समाज

जमशेदपुर । "झारखंड में सिखों को दरकिनार करते हुए न एनडीए और न इंडिया गठबंधन तरजीह दे रही है इसलिए अब समय आ गया है जब वर्चस्व की लड़ाई लड़नी होगी. झारखंड में इंदर सिंह नामधारी के बाद किसी सिख को विधानसभा चुनाव में नहीं उतारा गया जो चिंता का विषय है".

उक्त बातें आज रिफ्यूजी कॉलोनी गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन हरमिंदर सिंह मिंदी ने कहीं हैं. उन्होने एक वीडियो जारी कर सिख समाज से संबंधित नेताओं को विभिन्न राजनीतिक दलों और पार्टियों के पीछे भागने के बजाय अपना प्रतिनिधि उतारने की सलाह दी है.उन्होने कहा कि हमारे समाज में ईमानदार और स्वच्छ छवि के लोगों की कमी नहीं है और इस बार हम सभी को एकजुटता दिखाते हुए अपना निर्दलीय उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत है.उन्होने पूरे झारखंड के सिखों को एकजुट होकर

विधानसभा में मिसाल पेश करने की जरूरत बताई है.

श्री मिंदी ने आज कांग्रेस के वरिष्ठ सिख नेता और अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन रह चुके इंद्रजीत सिंह कालरा से भी बात की है जिसके बाद दोनों ने झारखंड में एक बड़े सिख सम्मेलन पर चर्चा की है.श्री कालरा भी कांग्रेस पार्टी में इस बात को प्रमुखता से उठाते रहे हैं कि सिखों को सिर्फ अल्पसंख्यक आयोग तक सीमित न रखकर लोकसभा और विधानसभा में उम्मीदवार बनाया जाए. कल सीजीपीसी के चेयरमैन भगवान सिंह ने भी अपना एक बयान जारी करते हुए सिखों को विभिन्न पार्टियों द्वारा किसी विधानसभा से प्रत्याशी न बनाने की चर्चा पर मुखर होकर जवाब दिया है.श्री सिंह ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में किसी सिख का किसी पार्टी ने नाम तक आगे नहीं बढ़ाया टिकट देना तो दूर की बात है.उन्होने भी कहा है कि सिखों को अब निर्दलीय प्रत्याशी खड़ा करने की जरूरत है. वहीं बीर खालसा दल के सलाहकार और झारखंड ऑब्जर्वर के संपादक प्रीतम सिंह भाटिया ने कहा कि सिखों को नजरंदाज करना इंडिया और एनडीए दोनों के लिए नुकसानदेह साबित होगा ।

जी एम मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चों ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

कांके(मोहसीन आलम):मौलाना जौहर अली हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान जी एम मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बुधवार को सड़क जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्कूल के छात्र व छात्राओं ने ओखरगढास्थित स्कूल परिसर से निकल कर पिठौरीया ओरमांझी मुख्य पथ तक रैली निकाली। रैली के दौरान छात्रों ने अपने हाथों "जानता है देश का हर बच्चा, सबसे जरूरी है सड़क सुरक्षा, सड़क हादसे से अगर है बचना तो हेलमेट पहने अवश्य रहना, सेफ्टी फर्स्ट स्पीड सेकंड, स्पीड थ्रिल बट किल जैसी स्लोगन लिखी तख्तियां ले रखी थी। रैली के दौरान स्कूल के निदेशक हसीब अहमद व अन्य शिक्षक बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे थे, सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के दरम्यान गुलाब के फूल देकर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई, कई राहगीर जो बगैर हेलमेट के वाहन चला रहे थे उन्हें भी हेलमेट

की आवश्यकता और उसके महत्व की जानकारी देकर उन्हें आगे से हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने का निवेदन किया गया। कुछ वाहन चालकों के दरमियान स्कूल की तरफ से मुफ्त हेलमेट वितरण किया गया। तीन सवारी के साथ चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को, अधिक गति से चलने वाले और सड़क सुरक्षा की अनदेखी करने वाले सभी राहगीरों के बीच स्कूल के बच्चों ने अपनी बात रखी।बच्चे लाउड स्पीकर से सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दे रहे थे।इस दौरान निदेशक हसीब अहमद ने कहा की सड़क हादसों की एक बड़ी वजह लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी भी है। शहरों में लोग थोड़ा बहुत यातायात के नियमों का पालन तो कर लेते है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर लोग सड़क सुरक्षा की अनदेखी करते हैं, यातायात की नियमों का पालन नहीं करते। उन्होंने कहा की ये अभियान आगे भी चलाया जाता रहेगा, इसकी अत्यंत आवशतकता है प्रत्येक वर्ष लाखों लोग सड़क जाड़ों में अपनी जान गंवा बैठते हैं। आज के कार्यक्रम में शिक्षक तौहीद आलम, इंशा हसन, प्रिया कुमारी, हनी हसन, सबीहा परवीन व अन्य शामिल थे।

बागबेड़ा में दुर्गा पूजा पंडाल का पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया उद्घाटन

जमशेदपुर । श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर 4 के भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन झारखंड टाईगर एवम पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विधिवत रूप से फीता काट कर और दीप प्रज्जवलित कर किया । बागबेड़ा कॉलोनी दुर्गा पूजा का पंडाल इस बार ग्रामीण परिवेश को दर्शाते हुए जूट और पटुआ से निर्माण किया गया है जो की बेहद आकर्षक लग रहा है। चंपई सोरेन जी ने कमेटी के सभी सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से महिलाओं और युवा पीढ़ी के समन्वय से इस भव्य पूजा पंडाल का निर्माण करवाया गया है और पूरे क्षेत्र में भक्ति मय माहौल कायम किया गया है इसके लिए पूरी कमिटी धन्यवाद का पात्र है। उद्घाटन समारोह में जिला पार्षद डॉक्टर कविता परमार उद्यमी शंभू सिंह, एलबीएसएम कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक अविचल, विमल सिंह, पूर्व विधायक मेनका सरदार कांग्रेस नेता सत्यम सिंह, भाजपा प्रदेश युवा मंत्री अमित अग्रवाल, सी एस पी सिंह, डी के मिश्रा, गणेश सरदार मुखिया राजकुमार गौड़ पंचायत समिति सदस्य राजू सिंह झरना मिश्रा के साथ-साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे। स्वागत भाषण डॉक्टर कविता परमार तथा धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष रवि शंकर सिंह ने किया।

सप्तमी पूजन के साथ ही खुले मां के पट द्वार, उमड़ा आस्था का सैलाब

कोयलांचल संवाद संवाददाता

दैहर (चौपारण) पूरे प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के पावन पुनीत अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों में सप्तमी पूजन के साथ ही मां के पट द्वार खुल गए। वैदिक मंत्र के मंत्रोच्चार साथ पूरा वातावरण गुंजित हुआ। श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों पर मां का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी। भक्त जनों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ मां जग जननी दुर्गा का नमन किया और मंगल कामनाएं की। इसी क्रम में चौपारण प्रखंड के दैहर पंचायत में ऐतिहासिक कमला माता मंदिर प्रांगण में आयोजित शारदीय नवरात्र के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकालकर महा सप्तमी पूजन के लिए जलाशयों से अभिमंत्रित जल को कलश में भरकर माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति को निवेदित किया। कई स्थानों पर भक्ति और प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा है जिसमें श्रद्धालु श्रोताओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। दैहर में भी कथा प्रवाचिका शशि प्रभा जी के द्वारा लगातार प्रवचन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रवचन एवं कथा श्रवण करने के लिए दूर दराज के गांव से बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं। इसे शारदीय नवरात्र में प्रखंड क्षेत्र का पूरा वातावरण मां दुर्गा की भक्ति में लीन दिख रहा है।

विधायक ने पुलिया निर्माण का आधारशिला रखी

तमाड़ - स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के परासी पंचायत अंतर्गत बारेडीह सोतिया में उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण का आधारशिला रखी। विधायक विकास कुमार मुंडा ने ग्रामीण विकास विभाग से बनने वाले उच्च स्तरीय पुल परासी पंचायत के कुटाचावली के आर ई पथ पर परासी ओर कुटाचावली के बारेडीह सोतिया पर पुल निर्माण जिसकी प्राकिल्लत राशि तीन करोड़ अस्सी लाख रुपया है। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात विधायक द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पारसी पंचायत के लगभग सभी कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। जो एक दो काम बचे हैं। उसे भी पूरा कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा अभी लगातार शिलान्यास का कार्यक्रम चल रहा है। और सारे सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। इस मौके पर जिप सदस्य सह ग्राम प्रधान विजय सिंह मानकी मुखिया ब्रह्म नंद सिंह मुंडा पंचायत समिति सदस्य गिरीश मुंडा विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ, ललित कृष्णा मुंडा, बसु सेठ,उमेश महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

इरबा मस्जिद ए हेरा में जलसा सीरत उन नबी स. व तालीमी इनामी मुकाबला का आयोजन

ओरमांझी(मोहसीनआलम):इरबा मदरसा मजहरुल उलूम इरबा में स्थित मस्जिद ए हेरा में बुधवार क़ो मदरसा के बच्चों का तालीमी इनामी मुकाबला और जलसा सीरत उन नबी स.काआयोजन किया गया, जलसा की सदारत मदरसा के मुफ़्ती इमरान नदवी ने किया,जलसा का शुरुआत तिलावत ए कुरआन पाक मौलाना गुलजार नदवी ने प्रस्तुत से हुई,प्यारे नबी के पाक जीवन पर वक्ताओं ने संबोधन किया,सभी ने कहा हजरत मोहम्मद स.अमन व चैन और भाईचारा की का संदेश दिया,प्यारे नबी ने एक ईश्ववर्वाद का पैगाम देने का काम किया,हजरत मोहम्मद रहमतुल आलमीन बना कर भेजे गए थे, प्यारे नबी स. ने बुराई के खिलाफ आवाज उठाई,मस्जिद क़ो आबाद करने कि जरूरत हैं, प्यारे नबी पर कुरान पाक नाजिल किया गया था, दोनों जहां में कामयाब होने के लिए कुरान और हदीस पर अमल करना होगा,वहीं जलसा में कारी जान मोहम्मद ने अपने सुररेली आवाज से नात पाक पढ़ कर लोगों क़ो खुश कर दिया,उन्होंने अपने नात पाक में पढ़ा कि आका तेरे आने से रंग बदला जमाने का,मदरसा के बच्चों के इनामी मुकाबला में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया,इस अवसर पर मुख्य रूप से मुफ़्ती इमरान नदवी,मुफ़्ती अबू उबेदा,मौलाना समीउल हक, मुफ्ती वसीम और रहमान, तफिजूल कमर,मोत्वल्ली रिजवान अंसारी, मौतवली हकीम अंसारी शाहिद अख्तर, मोहम्मद दाऊद, हाजी मंसूर, तौहीद आलम, अली इमाम अंसारी, शकील परवेज, जियाउल हक,मौलाना राशिद हसन सहित सहित अनेकों गणमान्य लोग व मकामी लोग मौजूद थे.

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।